धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात
रांची, सोमवार
28.10.2024
* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantralive.com
khabarmantra.net

कार्तिक, कृष्ण पक्ष, द्वदशी, संवत् 2081
मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 107




06 पीएम इंटर्नशिप योजना युवाओं के लिए बड़ा अवसर

# केंद्र सरकार भगवान बिरसा मुंडा की मनायेगी 150वीं जयंती

## सरदार पटेल और धरती आबा से हमेशा प्रेरणा मिलती रहेगी : मोदी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम मोदी ने रविवार को अपने रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 115 वें एपिसोड के जरिये देश के लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में झारखंड का विशेष जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा उनकी सरकार धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा और लौहपुरुष सरदार पटेल की 150 वीं जन्म जयंती मनायेगी। पीएम मोदी ने देश की जनता धरती आबा की 150 वीं जन्म जयंती भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा, लौह पुरुष सरदार पटेल से जुड़े अपने विचार और कार्य सोशल मीडिया पर साझा करें और धरती-आबा बिरसा मुंडा की प्रेरणाओं को दुनिया के सामने लायें। सरदार पटेल की 31 अक्टूबर और बिरसा मुंडा की 15 नवंबर से 150वीं जयंती शुरू होगी।



फाईल फोटो

**उलिहातू जाना मेरे जीवन का खास पल :** पीएम ने अपने जीवन के खास पलों का जिक्र करते हुए कहा कि मेरे जीवन का सबसे खास पल वह था जब मैं भगवान बिरसा मुंडा के जन्म स्थान उलीहातू गया था। उन्होंने 15 नवंबर 2023 के अपने झारखंड के दौरे को याद करते हुए कहा कि उनके जीवन में इस यात्रा का विशेष प्रभाव पड़ा। वह पहले ऐसे पीएम बने जो कि भगवान बिरसा मुंडा के गांव पहुंचे थे। मोदी ने कहा, यह गौरव की बात थी कि उलिहातू की मिट्टी को सिर से लगाने का सौभाग्य मुझे मिला। उन्होंने कहा कि उस क्षण मैंने न सिर्फ स्वतंत्रता संग्राम की शक्ति महसूस हुई बल्कि झारखंड की धरती की शक्ति से जुड़ने का अवसर मिला। मुझे ये एहसास हुआ कि कैसे एक संकल्प को पूरा करने का साहस देश के करोड़ों लोगों का भाग्य बदल सकता है।

**अपने युग की महान विभूति थे दोनों :** पीएम मोदी ने कहा कि भारत में हर युग में कुछ चुनौतियां आयीं और हर युग में ऐसे असाधारण भारतवासी जन्मे, जिन्होंने इन चुनौतियों का सामना किया। उन्होंने कहा, ऐसे ही दो महान विभूति थे भगवान बिरसा मुंडा और सरदार वल्लभ भाई पटेल। मैं, साहस और दूरदृष्टि रखने वाले ऐसे ही दो महानायकों की चर्चा कर रहा हूं। इनकी 150वीं जन्म जयंती को देश ने मनाने का निश्चय किया है। उन्होंने कहा कि 31 अक्टूबर से सरदार पटेल का 150वीं जन्म जयंती का वर्ष शुरू होगा। इसके बाद 15 नवंबर से भगवान बिरसा मुंडा का 150वां जन्मजयंती वर्ष शुरू होगा। इन दोनों महापुरुष ने अलग-अलग चुनौतियां देखी, लेकिन, दोनों का दृष्टिकोण देश की एकता था।

**ये हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे :** प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते वर्षों में देश ने ऐसे महान नायक-नायिकाओं की जन्म जयंतियों को नयी ऊर्जा से मनाकर, नयी पीढ़ी को, नयी प्रेरणा दी है। महात्मा गांधी की 150वीं जन्म जयंती मनायी थी तो न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर से अफ्रीका के छोटे से गांव तक, विश्व के लोगों ने भारत के सत्य और अहिंसा के संदेश को समझा, जाना और जिया। स्वामी विवेकानंद की 150वीं जन्म जयंती मनायी तो देश के नौजवानों ने भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक शक्ति को नयी परिभाषाओं में समझा ।

## न्यूज डायरी

### मरांडी और सीता सहित कई प्रत्याशी आज करेंगे नामांकन

**रांची।** झारखंड भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी धनवार सीट से सोमवार को नामांकन करेंगे। उनके अलावा जामताड़ा से सीता सोरेन, दुमका से सुनील सोरेन, देवघर से नारायण दास, गिरिडीह से निर्भय कुमार शाहाबादी, जामा से सुरेश मुर्मू, जरमुंडी से देवेंद्र कुंवर भी नामांकन करेंगे। खिजरी से रामकुमार पाहन, निरसा से अपर्णा सेनगुप्ता, झरिया से रागिनी सिंह, बाघमारा से शत्रुघ्न महतो भी सोमवार को पर्चा भरेंगे। नामांकन के मौके पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय और अन्नपूर्णा देवी समेत तमाम नेता मौजूद रहेंगे।

### धनबाद-बोकारो से नामो की घोषणा शीघ्र : मीर

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर इंडिया ब्लॉक में अभी तक सीट शेयरिंग का फामूर्ला पूरा नहीं हो सका है। धनबाद और बोकारो सीट पर कांग्रेस अपने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा नहीं कर पायी है। कई सीटों पर फरेंडली फाइट के बीच प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश रविवार को दिल्ली से रांची लौटे। श्री मीर ने कहा कि धनबाद और बोकारो सीट पर कांग्रेस अपने उम्मीदवार के नाम का ऐलान बहुत जल्द हो जायेगा। दोनों सीट पर उम्मीदवारों की लंबी लिस्ट थी, जिसे अब शॉर्टलिस्ट कर लिया गया है।

### महंगाई रोकने में केंद्र सरकार फेल : हेमंत

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने रविवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि केंद्र सरकार लगातार बढ़ती महंगाई पर अंकुश लगाने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। आवश्यक वस्तुओं, दवाइयों से लेकर रोजमर्रा की चीजों के दाम आसमान छू रहे हैं। इस स्थिति में आम नागरिक की स्थिति दिन-प्रतिदिन मुश्किल होती जा रही है।

## झामुमो ने चुनाव में लगे अफसरों पर मढ़े गंभीर आरोप, आयोग से कहा

# तीनों को तुरंत हटायें तभी निष्पक्ष चुनाव संभव

## पद का दुरुपयोग, आचार संहिता का उल्लंघन व आपराधिक कृत्य

### हेमंत के प्रस्तावक को अगवा करने का प्रयास

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन कर राजनीतिक पारा बढ़ा दिया है। पार्टी ने चुनाव कार्य में लगे प्रदेश के तीन बड़े अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हें तत्काल चुनाव कार्य से हटाने की मांग मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र लिखकर की है। झामुमो ने तीनों अधिकारियों (आइएएस और आइपीएस) पर पद और प्रतिष्ठा का दुरुपयोग करने का भी आरोप लगाया है। साथ ही केंद्र और भाजपा के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया। कहा कि



इनके रहते झारखंड में निष्पक्ष मतदान नहीं हो सकता। ये अधिकारी जिलों के अधिकारियों को भयाक्रांत कर रहे हैं। हद तब हो गयी जब गिरिडीह में पुलिस ने जांच के दौरान पाया कि हेमंत सोरेन सह बरहेट से झामुमो उम्मीदवार के प्रस्तावक मंडल मुर्मू को एक गाड़ी में बैठाकर अज्ञात लोगों द्वारा कहीं ले जाया जा रहा था। इन अफसरों के निर्देश पर अज्ञा लोगों को छोड़ दिया गया।

**प्रस्तावक का पता नहीं :** पार्टी नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने पीसी में कहा कि जब गिरिडीह पुलिस ने उन्हें रोका तो उस गाड़ी का ड्राइवर एक फोन कहीं लगाता है। इसके बाद मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रविकुमार और दो अन्य पदाधिकारियों संजय आनंद लाटकर और अमोल वेनुकांत होमकर के दवाब पर जिला प्रशासन ने उक्त वाहन को आनन-फानन में छोड़ दिया। हेमंत के बरहेट के प्रस्तावक मंडल मुर्मू अभी कहां हैं कोई नहीं जानता। उनके अगवा होने से भी इनकार नहीं किया जा सकता। सुप्रियो भट्टाचार्य ने तीनों अधिकारियों के विरुद्ध मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र लिख कर शिकायत की है। तीनों को तत्काल प्रभाव से चुनाव कार्य से मुक्त करने की मांग की है।

(शेष पेज 11 पर)

### झामुमो का आरोप गलत ओछी राजनीत : भाजपा

वहीं झामुमो के इस आरोप को भाजपा ने गलत करार दिया। साथ ही कहा कि हार के डर से झामुमो ओछी राजनीति कर रहा है। पार्टी प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि अपनी हार को देखकर झामुमो बदहवास हो गया है। राज्य के मुख्य निर्वाची पदाधिकारी पर आरोप लगाना घटिया राजनीतिक मानसिकता का परिचायक है।

# कांग्रेस ने सीता पर किया केस मंत्री इरफान पर भी मामला दर्ज

### अभद्र टिप्पणी का मामला गरमाया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची / जामताड़ा।** झारखंड विधानसभा चुनाव में जामताड़ा के कांग्रेस प्रत्याशी इरफान अंसारी पर भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। जामताड़ा थाना में इरफान अंसारी के खिलाफ आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज कराया गया है। वहीं कांग्रेस और श्री अंसारी की तरफ से सीता सोरेन पर उनके बयान को तोड़ मरोड़कर छवि धूमिल करने को लेकर मामला दर्ज कराया गया है। दोनों ही मामले जामताड़ा थान में दर्ज कराये गये हैं।

**दोनों ही मामले की छानबीन :** जामताड़ा थाना प्रभारी राजेश कुमार मंडल ने बताया कि जामताड़ा थाना में बीडीओ परवीन चौधरी द्वारा दिये गये लिखित आवेदन के आधार पर इरफान अंसारी के खिलाफ आदर्श आचार संहिता उल्लंधन का मामला दर्ज किया गया है। वहीं,



सीता सोरेन पर कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष के लिखित आवेदन के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। दोनों ही मामले में पुलिस बारीकी से छानबीन की जा रही है।

#### क्या है मामला

जामताड़ा सीट पर नामांकन के बाद एसडीओ सह निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय परिसर के अंदर ही कांग्रेस प्रत्याशी ने मीडिया से बातचीत की। इस दौरान इरफान अंसारी ने अपने बयान में भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन पर कथित अभद्र टिप्पणी की। कांड संख्या 208/ 24, धारा 188 के तहत इरफान अंसारी को अभियुक्त बनाया है। वहीं कांग्रेस की ओर से भी चुनाव आयोग से निष्पक्ष जांच की मांग की गयी और सीता सोरेन के विरुद्ध जामताड़ा टाउन थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी।

### इरफान को आदिवासी गांवों में नहीं मिलेगा प्रवेश : सीता सोरेन



**जामताड़ा।** इरफान अंसारी द्वारा की गयी अभद्र टिप्पणी से सीता सोरेन काफी आहत हैं। उन्होंने कहा है कि वह इरफान अंसारी को कभी माफ नहीं करेंगी। इससे न सिर्फ उन्हें बल्कि उन्हें, बल्कि आदिवासी समाज को भी ठेस पहुंची है। रविवार को मीडिया से बात करते हुए सीता सोरेन रोने लगीं। उन्होंने कहा कि अगर आज उनके पति जिंदा होते तो उन्हें ये टिप्पणियां नहीं सुननी पड़तीं। सीता सोरेन ने कहा कि इस घटना से पूरा आदिवासी समाज दुखी है और आदिवासी समाज ने इरफान अंसारी को आदिवासी गांव में घुसने नहीं देने का निर्णय लिया है। अगर इरफान अंसारी आदिवासी गांव में गये तो आदिवासी समाज उन्हें बाहर निकालने का काम करेगा। सीता सोरेन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में इरफान अंसारी पर आरोप लगाया कि जब से वह भाजपा प्रत्याशी बनी हैं, तब से वह उनके खिलाफ अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं।

### माले के अल्टीमेटम से गठबंधन खतरे में

**रांची।** झारखंड में सत्ताधारी इंडी गठबंधन की राह कठिन होती जा रही है। गठबंधन में झामुमो, कांग्रेस, राजद और माले शामिल हैं. गठबंधन में माले को बगोदर, सिंदरी व निरसा की सीट दी गई है. लेकिन माले धनवार व जमुआ के लिए भी अड़ा हुआ है। माले ने धनवार से पूर्व विधायक राजकुमार यादव को टिकट दिया है, जबकि यहां से झामुमो ने भी अपना उम्मीदवार दे दिया है। माले झामुमो का विवाद सुलाझा भी नहीं था कि कांग्रेस ने राजद के खिलाफ बिश्रामपुर में उम्मीदवार दे दिया। धनवार सीट माले को नहीं दिए जाने से पार्टी के राज्य सचिव मनोज भक्त ने गठबंधन दलों को चेतावनी दी और कहा कि यदि 24 घंटे के अंदर सीटों का विवाद नहीं सुलझा तो वह आठ सीटों पर उम्मीदवार देगी।

### जदयू के दोनों उम्मीदवार सीएम को हरा चुके हैं

**रांची।** झारखंड में जदयू का कोई खास जनाधार तो नहीं है, लेकिन विधानसभा चुनाव के अखाड़े में खड़े दोनों उम्मीदवार सीएम को मात दे चुके हैं। सरयू राय ने 2019 में जमशेदपुर पूर्वी से पूर्व सीएम रघुवर दास को मात दी थी। वहीं राजा पीटर ने 2009 के उपचुनाव में तत्कालीन सीएम शिबू सोरेन को शिकस्त दी थी। शिबू सोरेन की हार के बाद झारखंड की राजनीति में भूचाल आ गया था। एक बार फिर सरयू राय और राजा पीटर जदयू के टिकट पर चुनावी अखाड़े में हैं।

#### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 73800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 101000 रु./प्रति किलो |






# सत्ता के लिए गिद्ध की तरह लड़ रहा इंडी गठबंधन : डॉ रवींद्र राय

## भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस सांप्रदायिक, राजद जातिवाद और झामुमो आदिवासी-गैर आदिवासी की भावना भड़काती है

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र राय ने कहा कि कांग्रेस सांप्रदायिक, राजद जातिवाद और झामुमो आदिवासी-गैर आदिवासी की भावना को भड़काने की कोशिशें की है। डॉ राय रविवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड का निर्माण करने वाली भाजपा पूरी ताकत के साथ चुनाव मैदान में उतरी है। एक तरह से भाजपा की राजनीतिक कोख से ही झारखंड का जन्म हुआ है। कुछ लोग आज भी यही कहते हैं कि झारखंड लड़कर लिया है। उन्होंने कहा कि जब तक झारखंड के लिये लड़ते रहे, तब तक झारखंड नहीं बना। झारखंड बनाने की जब सहमति हुई, तब झारखंड के लिये लड़ाई समाप्त थी। उस वक्त झारखंड में आदिवासी, गैर आदिवासी, अगड़ा, पिछड़ा, दलित की सीमा बनाकर झामुमो और कांग्रेस ने भेदभाव पैदा किया। भाजपा ने उस भेदभाव की सीमा को मिटाकर राज्य में आम सहमति बनाई। इसके बाद झारखंड का निर्माण हुआ।

उन्होंने कहा कि वैसे लोगों के दावे का खंडन करता हूं, जो कहते हैं कि लड़कर लिया झारखंड। भाजपा ने सहमति से झारखंड बनाया। आज भी उनके उन सब तो के प्रयोग से बिखराव और सामाजिक विभाजन की दुर्गंध निकलती है। झारखंड में सामाजिक विभाजन के साथ किसी का अपमान नहीं किया जा सकता है। भाजपा यहां पर समाज के सभी वर्ग सभी जाति समूह की रक्षा की बात करती है। झारखंड में यह वैमनस्य की भावना 2000 के पहले भी झामुमो और कांग्रेस करता था। यह लाल खंड तक की बात करते थे। खेत खलियान तक लूटते थे। उससे मुक्त करके भाजपा ने अटल जी के शासन में झारखंड का निर्माण कराया था।

उन्होंने कहा कि आज चुनाव के मौके पर झारखंड की जनता को संदेश देना चाहता हूं कि हमने झारखंड का निर्माण कराया है तो हमारी विशेष जिम्मेदारी जनता के प्रति है। राजनीतिक विभाजन का काम हो रहा है, उससे राज्य को बचाने की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास। जब भी भाजपा का शासन यहां आया, कानून व्यवस्था को कायम किया। भाजपा के शासन में कभी किसी बेटी को हवस के शिकारी ने पेट्रोल का छिड़ककर जिंदा जलाने का काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता पिछले दिनों को भूली नहीं है। झारखंड में सत्ता बदलते फिर से अपराधी सिर उठा रहे हैं। यह बड़ी संख्या में आते हैं तो नक्सलवाद का चादर ओढ़ लेते हैं। जब छोटे होते हैं तब अपराधिक रूप में काम करते हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार के मंत्री इरफान अंसारी नारी शक्ति का सम्मान नहीं कर सकते हैं। उन्होंने जिस प्रकार के शब्द का प्रयोग तीन बार की विधायक रही सीता सोरेन के बारे में किया है, वह घोर निंदनीय है। सीता सोरेन स्व. दुर्गा सोरेन की पत्नी है।

शिबू सोरेन की बहू है और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी है। राजनीति में अलग हो गया तो इतनी घृणित बातें मुख्यमंत्री के सहयोगी कर रहे हैं। नारी का अपमान इस देश ने कभी स्वीकार नहीं किया। कभी बर्दाश्त नहीं किया। सोने की लंका जल गई। झारखंड की तो छोटी सी सत्ता है। यह झारखंड की हर मां बहन का मुद्दा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के त्यौहार में चुनाव के मैदान में सभी अपनी मर्यादा में रहे। भाजपा सबके मानसम्मान, अधिकार की रक्षा की गारंटी देती है। इस अवसर पर शिवपूजन पाठक, प्रदीप सिन्हा, अजय साह और अशोक बड़ाइक भी मौजूद थे।

## एक नजर में

### आवश्यक सेवा में लगे कर्मियों को मिलेगी डाक पत्र से वोट करने की मिलेगी सुविधा

**रांची।** विधानसभा चुनाव के दौरान आवश्यक सेवा में लगे अफसरों और कर्मचारियों को पोस्टल बैलेट की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। निर्वाचन आयोग ने इसका आदेश सभी जिला के निर्वाचन पदाधिकारियों को दे दिया है। **इन्हें मिलेगी डाक पत्र से वोटिंग की सुविधा :** रेल परिवहन में लगे कर्मी, बिजली विभाग, बीएसएनएल, पोस्ट एंड टेलीग्राम, दूरदर्शन, आकाशवाणी, स्टेट मिल्क एंड यूनियन मिल्क कॉपरेटिव सोसाइटी, स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन सेवा, नागर विमानन, ट्रैफिक पुलिस, एंबुलेंस, एयरपोर्ट प्राधिकरण और जेल में कार्यरत अफसर व कर्मियों को डाक पत्र से वोटिंग करने की सुविधा दी जायेगी।

### स्कूली बच्चे लिखेंगे पत्र, मम्मी-पापा वोट दो

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा चुनाव को लेकर राज्य के सभी मध्य एवं उच्चतर विद्यालयों के कक्षा 6-12 के बच्चे सोमवार को अपने माता-पिता के नाम मतदान करने के लिए पत्र लिखेंगे। स्कूलों में पत्र लेखन कार्यक्रम 28 अक्टूबर को पूर्वाहन 11 से 12 बजे के बीच होगा। मतदाता जागरूकता के इस नायाब आइडिया के क्रियान्वयन का निर्देश सभी संबंधितों को दिया गया है। उन्होंने बताया कि बच्चों द्वारा पत्र लेखन के पूर्व विद्यालय के प्रधानाध्यापक और शिक्षक उन्हें मतदान की आवश्यकता एवं इसकी महता पर सभी बच्चों को उन्मुखीकरण करना सुनिश्चित करेंगे। तय समयसीमा के भीतर पत्र लेखन कर सभी बच्चे अपने पत्र को अपने घर ले जाकर अपने माता-पिता को सौंपेंगे और उनसे मतदान के दिन मतदान अवश्य करने का अनुरोध भी करेंगे। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने बताया कि यह संदेश अधिक से अधिक मतदाताओं तक पहुंचे, इसके लिए सोमवार को सोशल मीडिया में हैशटैग # मम्मी-पापा वोट दो, अभियान चलेगा। उन्होंने सभी से अपील की है कि वे इस अभियान से जुड़ें और मतदाता जागरूकता के इस कार्यक्रम को सफल बनायें।

### प्रेक्षकों ने विधानसभा चुनाव को लेकर पंडरा स्थित मतगणना स्थल का निरीक्षण किया

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर रविवार को पंडरा स्थित मतगणना स्थल का सामान्य प्रेक्षक वेंकटेशपति (आईएएस), अमिताव बनर्जी (आईएएस), दिनेशन एच (आईएएस), शिवगणनम (आईएएस), आर गिरीश पुलिस अधीक्षक, राहुल मलिक (आईपीएस) के द्वारा निरीक्षण किया गया। मतगणना स्थल की व्यवस्था की समीक्षा करते हुए प्रेक्षकों ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक (शहर) रांची, राजकुमार मेहता एवं एसडीओ सदर उत्कर्ष कुमार, एसडीओ बुंडू सहित संबंधित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

**पंडरा स्थित वज्रगृह के पूरे परिसर का अवलोकन किया :** सामान्य प्रेक्षक एवं पुलिस प्रेक्षक द्वारा पंडरा स्थित वज्रगृह के पूरे परिसर का अवलोकन करते हुए सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। साथ ही व्यवस्था को दुरस्त करने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया गया।सामान्य प्रेक्षक सहित पुलिस प्रेक्षकों द्वारा निरीक्षण के क्रम में स्ट्रांग रूम में इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के रख-रखाव की व्यवस्था, काउंटिंग कक्ष, पोलिंग पार्टी रूट, पार्किंग सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। मतगणना केंद्र का निरीक्षण के क्रम में उन्होंने सीसीटीवी कैमरा, पेंडाल, स्ट्रांग रूम, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, सुरक्षा कर्मियों, शौचालय आदि की व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया।

### युवा दस्ता करेगा मतदाताओं को जागरूक

**रांची।** रविवार को युवा दस्ता साथ राजधानी के विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों की बैठक राजीव रंजन मिश्रा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। श्री मिश्रा ने कहा कि लोकतंत्र के पर्व में राष्ट्रीयवादी विचारधारा के उम्मीदवारों को जीताने की जरूरत है। उन्होंने शत प्रतिशत मतदान की अपील की। उन्होंने मतदाता जागरूकता अभियान चलाने की बात कही। बैठक का संचालन सुनील गुप्ता एवं धन्यवाद ज्ञापन उपेन्द्र रजक ने किया। मौके पर सभी धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों का स्वागत अंगवस्त्र देकर किया ।

# सीएम हेमंत तत्काल इरफान को मंत्रिमंडल से हटायें : बाबूलाल

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अपने मन की बात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150 वीं जयंती को धूमधाम से मनाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि आज की जरूरत भाजपा के नेतृत्व में सरकार बनाने की है। आज झारखंड जिन लोगों के हाथों में है। दलाल और बिचौलियों के हाथ में झारखंड फंस चुका है। ये लोग सब कुछ लूटने में लगे हुये हैं। झारखंड को लुटेरों, दलालों, बिचौलियों से बचने के लिये भाजपा को जीताना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ को मजबूत करना है।

उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन लाचार और विवश हैं। वोट की खातिर वे किसी भी हद तक गिर सकते हैं। पार्टी भले अलग हो लेकिन सीता सोरेन उनकी भाभी है। उनके आंदोलनकारी भाई दुर्गा सोरेन की पत्नी हैं। झारखंड की एक महिला भी हैं। सीता सोरेन के बारे में जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी घटिया शब्द का उपयोग करते हैं। उस शब्द का हम प्रयोग नहीं कर सकते हैं। अगर हेमंत सोरेन के दिल में थोड़ा भी स्वाभिमान है, तो इरफान अंसारी को मंत्रिमंडल से हटा देना चाहिये। इसके बाद भी हेमंत सोरेन चुप हैं। उनको मंत्रिमंडल से भी नहीं हटा रहे तो सोच सकते हैं कि उनसे झारखंड की मां बहनों की रक्षा कैसे हो सकती है।

# हेमंत सोरेन को शर्म है तो मंत्री इरफान अंसारी को हटायें : शिवराज

**रांची।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सीएम हेमंत सोरेन को यदि शर्म है तो अविलंब मंत्री इरफान अंसारी को हटायें। उन्होंने रविवार को कहा कि झारखंड में बहन सीता सोरेन का अपमान हुआ है। उन्होंने कहा कि यह बयान सरकार की महिला विरोधी मानसिकता को दिखाता है। उन्होंने कहा कि सीता सोरेन भाजपा की सम्मानित नेता हैं। उनका अपमान झामुमो सरकार के महिला विरोधी रवैये को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि सीता सोरेन स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की पत्नी, शिबू सोरेन की बहू और हेमंत सोरेन की भाभी हैं। लेकिन, हैरानी की बात यह है कि जिस सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन हैं, उसी सरकार का एक मंत्री उनकी भाभी का अपमान कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में भाभी को मां का दर्जा दिया गया है। रामायण का उदाहरण देते हुये कहा कि जब सीता जी का अपहरण हुआ था, तब लक्ष्मण जी से पूछा गया था कि माँ सीता क्या पहना था। इस पर लक्ष्मण जी ने कहा था कि उन्होंने माँ सीता के पैरों के अलावा कभी उनका चेहरा भी नहीं देखा। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता जानती है कि रावण कौन है। उन्होंने कहा कि राज्य में मां, बहनों और बेटियों का हर दिन अपमान हो रहा है। उन्होंने मन की बात कार्यक्रम को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सायबर क्राइम के खिलाफ तथ्य रखा। ताकि जनता साइबर क्राइम से बच सके।

# भाजपा ही झारखंड को सवांरेगी : कमलेश राम

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश राम ने कहा कि हेमंत सोरेन हर मोर्चे पर फेल है। श्री राम रविवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम सभी हेमंत सोरेन की सरकार को हटाकर यहां भाजपा के नेतृत्व में अच्छी सरकार बनाने के लिए कटिबद्ध हैं। झारखंड को बचाने के लिये हमें एकजुट रहना है। अभी समय भाजपा को मजबूत करने का है। मेरे लिये भाजपा सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि राज्यहित और पार्टी हित को देखते हुये मैंने काकि विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ही झारखंड को संभाल और संवार सकती है।

उन्होंने कहा कि झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठिये तेजी से पांव पसार रहे हैं। यह झारखंड और झारखंडवासियों के लिये चिंता की बात है। हेमंत सरकार बांग्लादेशी घुसपैठियों को आमंत्रित कर रही है। भाजपा ही बांग्लादेशी घुसपैठियों से झारखंड को मुक्त करा सकती है। ऐसी स्थिति में भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर काकि विधानसभा क्षेत्र की हर समस्या का समाधान होगा। यह आश्वासन भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व में किसान, आदिवासी, दलित, गरीब, मजदूर का सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने जनता से भाजपा की सरकार बनाने के लिए भाजपा को वोट देने की अपील की। इस अवसर पर अशोक बड़ाइक, शशि भूषण भगत, प्रीतम साहू, जितेंद्र महतो, शंभू शंकर सिंह, झिबरा मुंडा, सत्येंद्र सिंह, बिरेंद्र मुंडा, छत्तीसगढ़ के प्रभारी केके राय आदि मौजूद थे।

# आरक्षित 28 सीटों पर वास्तविक आदिवासियों को ही टिकट दिया जाये : आदिवासी समन्वय समिति

खबर मन्त्र ब्यूरो





**रांची।** आदिवासी समन्वय समिति के संयोजक लक्ष्मीनारायण मुण्डा एवं कांके रोड सरना समिति के अध्यक्ष डब्लू मुण्डा ने आदिवासियों के लिए आरक्षित 28 सीटों को वास्तविक आदिवासियों के लिए ही तय किए जाने की अपील की है। इस संबंध में दोनों ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते कहा है कि झारखंड विधानसभा चुनाव में 28 सीट आरक्षित (एसटी) किए गए हैं। कुछ सीट में आदिवासी महिला, जो गैर आदिवासी से शादी कर चुकी है, उन्हें भी विधान सभा चुनाव के लिए टिकट दिया जा रहा है। हम सभी आदिवासी संगठन इसका पुरजोर विरोध करेंगे। डब्लू मुंडा ने जानकारी देते कहा कि जेएमएम ने भी खूंटी विधान सभा से गैर आदिवासी प्रत्याशी को टिकट दिया था, पर विरोध के बाद उसे हटा दिया गया। खिजरी विधानसभा में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने भी आदिवासी महिला सरिता तिर्की, जो गैर आदिवासी जलेश्वर महतो की पत्नी है उसको टिकट दिया है। लोहरदगा विधानसभा से एक उम्मीदवार राजपति देवी चुनाव में खड़ी हैं। वह विजय महतो की पत्नी है। यह सीट भी आदिवासियों के लिए आरक्षित है। यह सब आदिवासियों का हक- अधिकार मारने की साजिश है। पंचायत चुनाव या विधानसभा चुनाव, सभी में ऐसा हो रहा है जो निंदनीय है।

आदिवासी समन्वय समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण मुंडा ने कहा कि एक सोची-समझी रणनीति के तहत ऐसी आदिवासी महिलाएं जो गैर आदिवासी से शादी कर ली हैं, उसको चुनाव में उतारा जा रहा है। यह आदिवासियों के लिए खतरे की घंटी है। डब्लू मुंडा के मुताबिक, चुनाव आयोग, केंद्र सरकार, राज्य सरकार और संवैधानिक संस्थाओं द्वारा इस विषय पर ठोस निर्णय लिया जाना चाहिए। यह आदिवासी समुदाय के संवैधानिक हक-अधिकारों पर हमला है।

# राज्यपाल से मिला भाजपा महिला मोर्चा का डेलिगेशन



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से रविवार को भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल राज भवन में भेंट। इस दौरान हाल ही में राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी द्वारा सार्वजनिक मंच पर सीता सोरेन के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी करने की निंदा करते हुए एक ज्ञापन समर्पित किया। सौंपे गये ज्ञापन में इस बात का उल्लेख किया गया है कि झारखंड के सामाजिक और राजनैतिक जीवन में सीता सोरेन का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण और सम्मानजनक है। राज्य के एक आदिवासी जन-प्रतिनिधि के खिलाफ इस तरह के अशोभनीय शब्द का प्रयोग अत्यंत निंदनीय है। शिष्टमंडल द्वारा यह भी ध्यान आकृष्ट किया गया कि मंत्री इरफान अंसारी द्वारा इस अपमानजनक बयान के अतिरिक्त सीता सोरेन को परेशान करने के उद्देश्य से जामताड़ा थाने में एक फर्जी मामला भी दर्ज करवाया है। शिष्टमंडल द्वारा राज्यपाल से मंत्री इरफान अंसारी को मंत्री पद से तत्काल बर्खास्त करने के साथ उन्हें चुनाव लड़ने से भी प्रतिबंधित करने का आग्रह किया। शिष्टमंडल ने कहा कि ऐसे व्यक्ति, जो आदिवासी समाज के प्रति अपमानजनक और असंवेदनशील दृष्टिकोण रखते हैं, उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति देना राज्य के आदर्शों के विपरीत है।

# मुख्य निवार्ची पदाधिकारी पर बेबुनियाद आरोप लगाना ओछी राजनीति : प्रतुल

### अधिकारियों को टूल्स बनाने वाले हेमंत सोरेन आज उनकी ही निष्ठा पर प्रश्न उठा रहे हैं

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि अपनी निश्चित हार को देखकर झामुमो बदहवास हो गई है। उन्होंने कहा कि झामुमो अब बहानों की श्रृंखला बना रही है। उन्होंने कहा कि आदतन हर बात के लिये जांच एजेंसियों को विपक्ष आरोप लगाता है। लेकिन, वो यह भूल जाती हैं कि ईडी ने एनडीए के शासनकाल में अब तक 1,30,000 करोड़ से ज्यादा की अवैध संपत्ति और राशि को जब्त किया है। उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्य निवार्ची पदाधिकारी पर आरोप लगाना घटिया राजनीतिक मानसिकता का परिचायक है। अभी चुनाव प्रचार पूरे तरीके से प्रारंभ भी नहीं हुआ और झामुमो के आरोपों की झड़ी शुरू हो गई। झामुमो यह सब दबाव के राजनीति के तहत कर रही है। लेकिन, चुनाव आयोग निष्पक्ष तरीके से काम करने के लिये जाना जाता है। उन्होंने कहा कि विडंबना देखिये कि इन्हीं की सरकार में ऊंचे पदों पर बैठे ईमानदार पदाधिकारी पर आरोप लगाकर अपनी विकृत सोच को दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 5 वर्षों तक इन्हीं अधिकारियों ने इसी सरकार में काम किया। तब तक सब ठीक था। लेकिन हार के बहाने भी तो खोजना है। तो इन्हीं अधिकारियों पर बेबुनियाद आरोप लगाकर ध्यान भटकाने की कोशिश हो रही है।

उन्होंने कहा कि अब जासूसी उपन्यास की तर्ज पर झामुमो हेमंत सोरेन के प्रस्तावक की किडनैपिंग की कहानी बता रही है। इसमें भी अकारण झूठ बोलकर मुख्य निवार्ची पदाधिकारी का नाम घसीट रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिना तथ्य के ऐसे आरोप लगाने के लिए झामुमो पर चुनाव आयोग को कार्रवाई करनी चाहिये। उन्होंने कहा कि भाजपा एक परिवार है। जबकि, झामुमो करप्शन की एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी है। इसीलिये हमारे पार्टी से जुड़े अगर कोई कार्यकर्ता चुनाव लड़ रहे हैं तो हम अंतिम समय तक प्रयास करेंगे कि विपक्ष के एक भी वोट का बंटवारा न हो। उन्होंने कहा कि इसी चुनाव आयोग और अर्धसैनिक बलों और पुलिस के जवानों के द्वारा कराये गये चुनाव में 2019 में झामुमो गठबंधन सत्ता में आया। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में अपने निश्चित हार देखकर झामुमो इन्हीं संस्थानों पर बेबुनियाद आरोप लगा रही है। जाहिर तौर पर झामुमो हार के बाद बहाने ईजाद करने में पूरे तरीके से जूट गया है।

# वित्त विभाग ने शुरू की वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट बनाने की तैयारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** वित्त विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 के पुनरीक्षित बजट का प्राकलन तैयार करने का आदेश जारी किया है। इसके लिए वित्त विभाग ने सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव और विभागाध्यक्ष को पत्र लिखा है। वित्त विभाग द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 को लिए बजट निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। संसाधन सीमित है इस कारण सीमित संसाधनों को ध्यान में रखते हुए राज्य के सतत और समावेशी विकास के लिए आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट तैयार किया जाना है। बजट प्रस्ताव के गठन में राज्य सरकार की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखे जाने की आवश्यकता है।

**जीवन, आजीविका और विकास पर जोर :** पत्र में कहा गया है कि जीवन और आजीविका की सुरक्षा तथा विकास को ध्यान कर बजट तैयार किया जाएगा। पिछले वर्षों में शुरू की गयी योजनाओं के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सम्यक प्रयास किए जाएं। इस तथ्य का ध्यान रखा जाना आवश्यक है कि जिन योजनाओं ने अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया है, उनके स्थान पर वर्तमान समय में प्रासंगिक योजनाएं प्रस्तावित की जायें, ताकि अधिकतम जनकल्याण का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। समाज के अंतिम कगार पर बैठे व्यक्ति का अधिकतम कल्याण संभव हो सके। बजट प्रस्ताव गठित करते समय मितव्ययिता के सिद्धांत को भी ध्यान में रखा जाए। व्यय का प्रस्ताव एफआरबीएम एक्ट में दी गई सीमाओं के अंतर्गत ही दिए जाएं। इसलिए अलावा सेंट्रल और स्टेट स्कीम का पूरा ब्योरा दिया जाये।

**राजस्व प्राप्तियों में इन तथ्यों को किया जाये शामिल :** राजस्व प्राप्तियों में राज्य के स्व-कर से इनकम जैसे ट्रांसपोर्ट, लैंड रेवेन्यू, राज्य उत्पाद कर को शामिल किया जाये। गैर-कर-आय जैसे- रॉयल्टी, सार्वजनिक उपक्रमों से अर्जित लाभांश, सरकारी उधारों पर ब्याज तथा अन्य स्त्रोतों से विभागों की आय को शामिल किया जाये। इसके अलावा कर और शुल्क (फीस) तथा अधिभारों की वर्तमान दर। पिछले तीन वर्षों में प्राप्ति की वास्तविक स्थिति एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्तियों की वृद्धि दर की प्रवृत्ति, पूर्व के वर्षों का बकाया तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 में उसकी वसूली की संभावना को भी शामिल किया जाये।

### स्थापना व्यय में इन तथ्यों को किया जाये शामिल

स्थापना व्यय में वेतन, मजदूरी, देशीय यात्रा व्यय, विदेश यात्रा व्यय, कार्यालय व्यय, आपूर्ति एवं सामग्री, मुद्रण एवं प्रकाशन, विज्ञापन, प्रशिक्षण व्यय, मोटर गाड़ी ईंधन एवं मरम्मति, अनुरक्षण, मरम्मति एवं सुसज्जीकरण, राशन की लागत वर्दी, संविदा व्यय, व्यवसायिक सेवा, किराया दरें एवं कर, पेंशन संबंधी प्रभार, पुरस्कार, मोटरगाड़ी, विद्युत व्यय, ऋण/ब्याज का भुगतान को भी शामिल किया जाये। वित्त विभाग ने विभागों से राजस्व प्राप्तियों का ब्योरा देने के लिए नौ दिसंबर तक की तिथि निर्धारित की है। स्थापना व्यय का ब्योरा देने के लिए 25 नवंबर की तिथि निर्धारित की है। वहीं सामान्य बजट के प्राकलन के लिए 16 जनवरी 2025 की तिथि निर्धारित की है।

# राज्य के अस्पतालों में लगेगा लेटेस्ट एमआरआई और सीटी स्कैन मशीन

**रांची।** राज्य के मरीजों को अब हाइटेक सुविधा मिलेगी। इसके तहत राज्य के हॉस्पीटल में लेटेस्ट एमआरआई और सिटी स्कैन मशीन लगाई जाएगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने 132 करोड़ रुपए आवंटित कर दिए गए हैं। एक थ्री टेस्ला एमआरआइ मशीन की लागत 17 करोड़ रुपए होगी। जबकि 256 स्लाइस वाले एक सिटी स्कैन वाली मशीन की कीमत पांच करोड़ रुपए होगी।

**टेंडर से होगी मशीनों की खरीद :** मशीनों की खरीद टेंडर के माध्यम से जाएगी। संस्थान के प्राचार्य, अधीक्षक, सिविल सर्जन द्वारा क्रय किए गए मशीन उपकरण, उपस्कर, आदि के संचालन, सुरक्षा एवं रख-रखाव की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

**इन हॉस्पिटलों में लगेगी सिटी स्कैन और एमआरआई मशीन :** एमजीएम हॉस्पीटल जमशेदपुर, शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, धनबाद, शेख भिखारी चिकित्सा महाविद्यालय, हजारीबाग, फूलो-झानो चिकित्सा महाविद्यालय, दुमका, मेदिनी राय चिकित्सा महाविद्यालय और सदर हॉस्पीटल रांची के लिए सिटी स्कैन और एमआरआई मशीन की खरीद की जायेगी।

### अर्श होटल में आधी रात चल रहा था नशा और जुआ का खेल

# 1.80 लाख रुपये जब्त, चार गिरफ्तार

- इस खेल में शहर के प्रतिष्ठित लोग भी शामिल हैं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





**रांची।** दीपावली से पहले राजधानी रांची के वीआईपी इलाकों में बड़े पैमाने पर जुए का खेल शुरू हो गया है। इस खेल में शहर के प्रतिष्ठित लोग भी शामिल हैं। दूसरी तरफ गैर कानूनी खेल को तबाह करने के लिए रांची पुलिस ने भी कमर कस ली है।

शनिवार की देर रात कोतवाली थाना पुलिस ने कचहरी रोड के होटल अर्श स्थित तमाशा बीयर बार में छापेमारी कर चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में बिल्डर रमेश शर्मा, मनोज पंडित, अनिल चंद्र मंडल, सचिन कुमार शामिल हैं। इनके पास से एक लाख 81 हजार नगद, सैमसंग कंपनी का साउंड सिस्टम, ताश का पत्ता, शराब, एक आईफोन और अन्य मोबाइल फोन बरामद किया है।

कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने रविवार को बताया कि तमाशा बियर-बार के आस-पास के लोगों की शिकायत पर सूचना प्राप्त हुई कि जोर-जोर से आवाज में लाउडस्पीकर पर अभद्र अभद्र गाना बजाया जा रहा है, जिससे आम लोगों को कठिनाई हो रही है। इस सूचना से अपने वरीय पदाधिकारी को अवगत कराया गया। इसके बाद तमाशा बियर-बार एवं उसके ऊपर स्थित तमाशा रेस्टो बार जेड 03 होटल में छापेमारी की गई। छापेमारी टीम के जरिये तमाशा बियर-बार और तमाशा रेस्टोबार जेड 03 होटल कचहरी रोड को विधिवत घेराबन्दी कर छापेमारी और तालाशी की गयी तो वहां के कमरे में जोर-जोर से अभद्र गाना बजाते हुए कुछ लोग नशा करते हुए जुआ खेल रहे थे।

जुआ खेलने वाले लोगों ने होटल के तीसरे फ्लोर पर कमरे में लगे सीसीटीवी कैमरे को टिश्यू पेपर से ढंक दिया था। इसके बाद जुआ का संचालन हो रहा था। छापेमारी टीम के जरिये घटनास्थल से चार लोगों को गिरफ्तार किया गया।

## विस चुनाव को लेकर एसएसपी ने अर्धसैनिक बल के पदाधिकारियों के साथ की बैठक



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर एसएसपी चंदन सिन्हा ने अर्धसैनिक बल के पदाधिकारियों के साथ रविवार को एसएसपी कार्यालय में बैठक की। बैठक में विधानसभा चुनाव के शांतिपूर्ण और सुरक्षित समापन के लिए चर्चा की। साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बता दें कि विधानसभ चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर रांची पुलिस पूरी तरह सक्रिय है। जिले के विभिन्न चौक-चौराहों पर स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) द्वारा छोटे-बड़े वाहनों की जांच की जा रही है। झारखंड विधानसभा चुनाव इस बार दो चरणों में होंगे। पहले चरण में 13 नवंबर और दूसरे चरण में 20 नवंबर को वोटिंग होगी।

## ट्रांसपोर्ट नगर फेज-2 के निर्माण के लिए जमीन की मापी शुरू, जल्द शुरू होगा निर्माण कार्य

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



रांची। ट्रांसपोर्ट नगर फेज-2 के निर्माण के लिए जमीन की मापी प्रारंभ हो गयी है। जुडको के अमीन द्वारा सुकरहुटू में चिन्हित जमीन की मापी की जा रही है, जल्द ही अमीन की रिपोर्ट के बाद इस पर निर्माण कार्य शुरू होगा। 3 अक्टूबर को ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ट्रांसपोर्ट नगर फेज-1 के उद्घाटन के साथ ही फेज दो के निर्माण के लिए शिलान्यास किया था। फेज दो का निर्माण करीब 9.12 एकड़ क्षेत्रफल में फैला होगा। योजना की लागत 57.82 करोड़ रुपये में इसका निर्माण कार्य कराया जाना है।

18 माह में निर्माण की अवधि रखी गयी है। ट्रांसपोर्ट नगर फेज दो में 14 मीटर लंबाई वाले भारी वाहनों की पार्किंग क्षमता 256 रखी गयी है।

बताते चलें कि फेज वन में 400 से अधिक वाहनों के पड़ाव की क्षमता है। इसके अलावा जी प्लस थ्री इंटीग्रेटेड बिल्डिंग, वाहनों के रखरखाव एवं मरम्मत के लिए सर्विस स्टेशन बनाया जायेगा। चालक एवं उपचालकों के विश्राम के लिए 84 बेड की डोरमेट्री व फूड प्लाजा भी होगा।

### ये सुविधाएं मिलेंगी

फूड प्लाजा एवं मनोरंजन केंद्र, रिटेल शाप -3, पुलिस चेकपोस्ट, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, शौचालय एवं स्नानागार और फायर फाइटिंग सिस्टम की सुविधा मिलेगी।

### राज्यपाल से कुलपति सहित अन्य लोगों ने की मुलाकात

**रांची।** राज्यपाल और कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार से रविवार को राजभवन में रांची डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. तपन कुमार शांडिल्य सहित अन्य ने भेंट की। साथ ही राज्यपाल को कुलपति ने विश्वविद्यालय की अद्यतन शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी दी। दूसरी ओर, राज्यपाल से रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने भेंट की तथा राज्यपाल को विश्वविद्यालय की अद्यतन शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों से अवगत कराया। राज्यपाल से पंकज कुमार पोद्दार के नेतृत्व में सद्गुरु अपना घर ट्रस्ट के एक शिष्टमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। साथ ही राज्यपाल से राजभवन में रांची आईसीएआई इंस्टीट्यूट चैप्टर के एक शिष्टमंडल ने भेंट की। इसके अलावा राज्यपाल से रांची झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) डी.के. सिंह ने भेंट की तथा राज्यपाल को विश्वविद्यालय की अद्यतन शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों से अवगत कराया।

## बीजेपी ने जीत के लिए चुनावी आतंकवाद की कर दी है शुरुआत : सोनाल शांति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




रांची। बाबूलाल मरांडी के बयान पर पलटवार करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा है कि भाजपा ने झारखंड में चुनावी आतंकवाद की शुरूआत कर दी है और इसी के सहारे चुनावी वैतरणी पार करना चाहती है। उन्होंने कहा कि जब-जब देश के किसी राज्य में चुनाव होता है भाजपा इसी चुनावी आतंकवाद का प्रयोग रक्षात्मक हथियार के रूप में करती है। जिसमें धर्म,छल, प्रपंच, घुसपैठ, नफरती भाषण, धनबल, झूठा प्रोपेगेंडा, जांच एजेंसियों का दुरुपयोग का बारूदी मसाला भरा हुआ रहता है। भाजपा हर चुनाव में इस शस्त्र का प्रयोग समाज को विभक्त कर दो धुरी में बांटने का प्रयास करती है ताकि इसका फायदा उठाया जा सके।

सोनाल शांति ने कहा कि कई माह से भाजपा महागठबंधन सरकार के कल्याणकारी योजनाओं के खिलाफ मुद्दों को योजनाबद्ध तरीके से फैलाने में लगी थी लेकिन इसमें फेल होने पर सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों से अपने एजेंडे को खाद पानी देकर उसे फैलाने की कोशिश भाजपा नेता कर रहे हैं। भाजपा ने अपने इस एजेंडे के लिए संथाल परगना क्षेत्र को मुफीद जगह माना है। यही कारण है कि चुनाव में जीत हासिल करने के लिए संथाल परगना को भाजपा ने विशेष रूप से लक्ष्य बनाया है और वहां के मतदाताओं के बीच सामुदायिक विभेद पैदा करने की मुहिम चला रही है।

सोनाल शांति ने कहा कि आदिवासी मुस्लिम के बीच घुसपैठ के मुद्दे पर जब हिमंता बिस्वा सरमा और बाबूलाल मरांडी को मुंह की खानी पड़ी तो अब महिला सम्मान के नाम पर महिलाओं को बरगलाने का काम किया जा रहा है। भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे जब एक चुनी हुई महिला जनप्रतिनिधि के संबंध में नगरवधू जैसे शब्दों का प्रयोग करते हैं तब बाबूलाल मरांडी जी के मुंह से महिला सम्मान के लिए कोई आवाज नहीं निकलती। पूरे देश में भाजपा शासित राज्य में महिला अत्याचारों के आंकड़ों से स्पष्ट है कि महिला आत्मसम्मान भाजपा के लिए सिर्फ चुनावी मुद्दे हैं।

महागठबंधन सरकार के एजेंडे में महिला सम्मान की रक्षा और आर्थिक सुदृढ़ीकरण प्राथमिकता है। मईंया सम्मान योजना से हतप्रभ भाजपा महिलाओं को अपने पाले में करने के लिए कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी को मोहरा बना रही है।

## वैश्य मोर्चा की बैठक में 21 सदस्यीय संचालन समिति का गठन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

- केंद्रीय समिति की घोषणा अगले माह, केंद्रीय अध्यक्ष अधिकृत
- दोष-गुण के आधार पर प्रत्याशियों को समर्थन

**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के प्रमुख सदस्यों एवं नीति निर्धारकों की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को रेडियम रोड़ स्थित होटल आलोका में हुई। इसकी अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने किया। बैठक में संपन्न स्थापना दिवस कार्यक्रम की समीक्षा, सत्र 2024-25 के लिए केंद्रीय समिति का गठन एवं विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से कहा गया कि विपरित परिस्थितियों में भी वैश्य मोर्चा का 6वां स्थापना दिवस कार्यक्रम काफी सफल रहा। यह सभी कार्यकताओं की मेहनत से सम्भव हो सका। वैश्य मोर्चा का गठन जिस उद्देश्य और मुद्दों को लेकर किया गया है, इसके लिए आगे भी आंदोलन और अभियान जारी रहेगा।

बैठक में तय किया गया कि विधानसभा चुनाव को देखते हुए स्थाई केंद्रीय समिति का गठन अगले माह नवंबर के अंतिम सप्ताह में किया जायेगा। इसके लिए सर्वसम्मति से केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु को अधिकृत किया गया। जबकि सांगठनिक गतिविधियों को सुचारू रूप से जारी रखने के लिए 21 सदस्यीय संचालन समिति का गठन किया गया है, जिसमें केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु के अलावा हीरानाथ साहु, मोहन साव, सुरेश साहु, अश्विनी साहु, रामसेवक प्रसाद, परशुराम प्रसाद, अशोक गुप्ता, आदित्य नारायण प्रसाद, दिनेश्वर मंडल, कपिल प्रसाद साहु, लखन अग्रवाल, जगदीश साहु, डॉ। अरविंद कुमार, अनिल वैश्य, राजेन्द्र साहु, हलधर साहु को सदस्य बनाया गया है। बाकी चार सदस्यों को केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु मनोनीत करेंगे। राहुल कुमार साहु मीडिया प्रभारी बने रहेंगे।

चुनाव पर चर्चा करने के पा↑त्य सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वैश्य उम्मीदवारों का तो समर्थन किया जायेगा, लेकिन दोष और गुण का भी आकलन किया जायेगा। जो वैश्य होते हुए भी सामाजिक गतिविधियों से दूर रहें हैं और समाज से कोई मतलब नहीं रखते हैं, वैसे लोगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। जबकि सुरक्षित एवं अन्य सीटों पर वैश्य समाज के मुद्दों का समर्थन करने वाले उम्मीदवारों को मदद किया जायेगा। संचालन समिति की अगली बैठक 3 नवंबर को रांची में होगी।

### अंतरराष्ट्रीय डिस्लेक्सिया जागरूकता माह पर लाल हुआ राजभवन

रांची। अंतर्राष्ट्रीय डिस्लेक्सिया जागरूकता माह पर लाल रोशनी से राजभवन रोशन हुआ। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के निर्देश पर अंतर्राष्ट्रीय डिस्लेक्सिया जागरूकता माह के अवसर पर डिस्लेक्सिया के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इससे प्रभावित लोगों के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने के लिए ह्यगो रेडह्न थीम के तहत रविवार को राज भवन को विशेष रूप से लाल रोशनी से सजाया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य समाज में डिस्लेक्सिया जैसी चुनौती के बारे में जागरूकता फैलाना और इसे समझने के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने को प्रोत्साहित करना है, ताकि इस स्थिति से जूझ रहे व्यक्तियों को बेहतर समर्थन और प्रोत्साहन मिल सके।

## झारखंड बनाने में सभी दलों का सहयोग, भाजपा अकेले क्रेडिट ना ले : लाल ककिशोर नाथ शाहदेव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड बीजेपी के कार्यकारी अध्यक्ष का यह बयान की कांग्रेस और राजद के इशारे पर जब तक झारखंड मुक्ति मोर्चा चलेगी राज्य का भला नहीं हो सकता पर निशाना साधते हुए झारखंड कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा, अगर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने गठबंधन के सहयोगियों के सुझाव पर सरकार चला रहे हैं तो इस पर भी बीजेपी को आपत्ति है। क्या हेमंत सोरेन भाजपा के सुझाव पर सरकार चलाएंगे, जो भाजपा पूरे 5 साल सरकार गिराने और तोड़ने में लगी रही, जब इसका इंडिया गठबंधन पर कोई असर नहीं हुआ तो भाजपा ने ईडी के माध्यम से मुख्यमंत्री को जेल भेजने का काम किया। बीजेपी इंडिया गठबंधन की लोकप्रिय सरकार को देखना नहीं चाहती, न ही राज्य की जनता से उनका कोई सरोकार है।

झारखंड कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता यही नहीं रुके उन्होंने झारखंड अलग राज्य का दर्जा अटल बिहारी वाजपेई के शासनकाल में दिए जाने के बयान पर कहा उसे समय की परिस्थितियाँ अलग थी और जब झारखंड को राज्य का दर्जा दिया जा रहा था तब संसद में कांग्रेस सांसदों ने भी इसका समर्थन किया था तब जाकर झारखंड राज्य का निर्माण हो पाया।

## योगा चैंपियनशिप का हुआ समापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** नटराज योग संस्थान की ओर से नामकुम के जीडी गोयनका स्कूल में द्वितीय इंटर स्कूल योगा चैंपियनशिप का रविवार को समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में रांची सहित विभिन्न जगह के स्कूल और संस्थान से लगभग 300 बच्चों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता का आयोजन जीडी गोयनका स्कूल, नटराज योग संस्थान एवं रिलेशन के जरिये संयुक्त रूप से किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार खेल विभाग के उप निर्देशक राजकिशोर खाखा, विशिष्ट अतिथि जीडी गोयंका स्कूल के निर्देशक मदन सिंह,उप निर्देशक अमन सिंह, डीएवी हेहल के उप प्राचार्य नीरज कुमार दुबे, आंबेडकर रिजेंट ऑक्सफोर्ड स्कूल के निर्देशक अनिल कुमार, सेंट्रल अकादमी स्कूल कांके की प्राचार्या स्नेहा राय, डीएवी स्वर्णरेखा स्कूल के निर्देशक डॉ सिद्धार्थ प्रकाश ,एमएम के हाई स्कूल के निर्देशक डॉ तनवीर अहमद, जीडी गोयनका स्कूल के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार, अतिथि के रूप मे शंकरा हेल्पिंग एंड केयरिंग फाउंडेशन के अध्यक्ष शंकर दुबे, यस एंटरप्राइज के संचालक सोनू कलाम, आशा मीडिया के जय श्रीवास्तान, गोविंद यादव, रिलेशन के निर्देशक आशुतोष द्विवेदी, नटराज योग संस्थान के संचालक आर्य प्रहलाद भगत, सह संचालिका सुषमा कुमारी तिग्गा, आयोजक समिति के सदस्य रितेश कुमार, माही सिंह, अंजलि कुमारी , पिंटू चौधरी, सुमित सोनी आदि उपस्थित थे।

## जीवन में आगे बढ़ाना है तो अपने माता-पिता और गुरु का हमेशा आदर करें : मनोज पांडेय

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** शाखा-स्तरीय 'भारत को जानो' प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन भारत विकास परिषद और रांची महानगर शाखा के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को डीएवी आलोक पब्लिक स्कूल पुनदाग में किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के महाप्रबंधक मनोज कुमार पांडेय, विशिष्ट अतिथि पूर्व मुख्य अभियंता और डीवीसी परियोजना के प्रधान ई. जी एन सिंह और अतिथि एस. न. सिन्हा के जरिये दीप प्रज्वलित और भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर किया गया।

बच्चों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि जीवन में आगे बढ़ाना है तो अपने माता-पिता और गुरु का हमेशा आदर करें। अपने जीवन शैली में स्वामी विवेकानंद के आदर्श को अपनाएं।

ई. गोविंद सिंह ने स्वागत भाषण दिया एवं दक्षिण झारखंड प्रान्त के पालक ई. जी. पी. सिंह ने भारत विकास परिषद का परिचय करवाया एवं उन्होंने कहा कि सेवा और संस्कार हीं हमारा लक्ष्य है।

प्रतियोगिता में सीनियर ग्रुप से 9 विद्यालय के छात्रों ने भाग लिया जबकि जूनियर से 8 विद्यालय के छात्रों ने भाग लिय। शाखा-स्तरीय ह्लभारत को जानो प्रतियोगिता - 2024ह्व में जूनियर ग्रुप से प्रथम स्थान पर वाईबीएन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी रहे जबकि द्वितीय स्थान पर डीएवी पब्लिक स्कूल, बरियातू के विद्यार्थी एवं तीसरे स्थान पर एस आर डीएवी, पुंदाग के विद्यार्थी रहे। वहीं सीनियर ग्रुप से प्रथम स्थान पर डीपीएस रांची के विद्यार्थी रहे। जबकि द्वितीय स्थान पर वाईबीएन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी एवं तीसरे स्थान पर डीएवी पब्लिक स्कूल, बरियातू के विद्यार्थी रहे।

# डीएसडी के खेल में राजधानी का 19.86 लाख परिवार फेल

- भूखे पेट घूमे दशहरा, अब दीवाली में भी नहीं मिलेगा भोजन
- 10 नवंबर को बंद हो जायेगा वितरण, 86 फीसदी दुकानों तक नहीं पहुंचा अनाज

**सुधीर**



**रांची।** डोर स्टेप डिलिवरी (डीएसडी) के खेल में राजधानी का 19 लाख 86 हजार परिवार फेल हो गया है। महीना खत्म होने को है। उन्हें अभी तक पीडीएस की दुकानों से राशन नहीं मिला है। लाभुकों का कहना है कि भूखे पेट दशहरा बीत गया। अब दीवाली पर भी अनाज नहीं मिलेगा। उनके घरों में दीवाली पर दीपक नहीं, दिल जलेगा। राजधानी के कुछ वार्डों में डीएसडी के माध्यम से खाद्यान्न की आपूर्ति भी कुछ इस तरह से की गयी है कि एक पीडीएस डीलर को पहुंचा तो दूसरा नदारद। यानि कि जिसी किसी पीडीएस डीलर ने डीएसडी को चढ़ावा चढ़ाया या अनाज गोदाम में छोड़ने की हामी भरी। उसके दुकान पर सबसे पहले अनाज की आपूर्ति कर दी गयी। परंतु जिस डीलर ने चढ़ावा देने से मना किया या गोदाम में अनाज छोड़ने से इंकार किया, उसे सबसे अखिरी में अनाज भेजा जाता है, ताकि उनका अनाज लैप्स कर जाये और अगले महीने वह उनके गोरखधंधे में शामिल हो जाये।

**53 में निकलता है 50 का पैकेट :** राज्य खाद्य निगम के गोदामों से पीडीएस डीलर को जो अनाज दिया जाता है। उसका वजन नहीं किया जाता? डीएसडी द्वारा भेजे जा रहे अनाज को एवरेज में दिया जाता है, यानि कि 50 किलो के पैकेट को 53 किलो में दिया जाता है। इस पर भी नहीं रूकती है चोरी। रास्ते में भी बोरे से चोरी की जाती है। राज्य खाद्य निगम के गोदाम से पीडीएस डीलर तक अनाज पहुंचते-पहुंचते प्रति पैकेट दो से तीन किलो और गायब हो जाता है।

**भाड़ा भी पीडीएस से वसूलते हैं डीएसडी :** राज्य सरकार की ओर से राज्य के सभी जिलों में डीएसडी की नियुक्ति की जाती है। उन्हें समय रहते राज्य खाद्य निगम के गोदामों से पीडीएस डीलरों तक राशन पहुंचाने की जिम्मेवारी दी जाती है। इसके लिए सरकार उन्हें टेंडर में तय पैसे का भुगतान करती है। लेबर के पैसे भी अलग से सरकार के स्तर पर दिये जाते हैं। परंतु डीएसडी पर पीडीएसडी डीलरों से अनाज पहुंचाने के एबज में प्रति क्विंटल 5 रुपये भाड़ा भी लिया जाता है। इसके अलावा प्रति क्विंटल चार रुपये के हिसाब से लेबर को भी दिया जाता है। जो डीलर भाड़ा और वेबर चार्ज देने में आनाकानी करते हैं, उनके कोटे से अनाज की कटौती कर दी जाती है।

### गोदाम में ही अनाज का सौदा कर दिया जाता है

मालूम हो कि खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से डीएसडी को यह निर्देश दिया गया है कि माह शुरू होने से पहले राज्य के सभी पीडीएस डीलरों तक खाद्यान्न कीं आपूर्ति कर देनी है, ताकि माह के शुरूआत से ही लाभुकों के बीच अनाज का वितरण किया जा सके। परंतु सरकार के स्तर नियुक्त डीएसडी राज्य खाद्य निगम में तैनात एजीएम और जिला स्तर के अधिकारियों से मिलकर गोदाम में ही खेल कर देते हैं। गोदाम में ही गरीबों के कोटे के अनाज का सौदा कर दिया जाता है। इसका लाभ लाभ तीनों मिलकर बांट लेते हैं और अधिकारी पीडीएस डीलर पर अनाज वितरण का दबाव भी बनाते हैं। जिले के अधिकारी ने बताया कि अनाज वितरण के इस खेल में जनता फेल और उनके रहनुमा पास कर जाते हैं।

## कोल इंडिया मेडिकल कॉन्फ्रेंस का हुआ समापन, शोध पत्र प्रस्तुति के लिए चिकित्सकों को किया गया पुरस्कृत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, मुख्यालय के कन्वेंशन सेंटर में आयोजित तीन दिवसीय कोल इंडिया मेडिकल कॉन्फ्रेंस का समापन रविवार को हुआ। कॉन्फ्रेंस में कोल इंडिया की विभिन्न सहायक कंपनियों के 300 से अधिक डॉक्टर शामिल हुए। इस वर्ष के सम्मेलन का विषय स्वास्थ्य प्राथमिकताएं-वर्तमान और भविष्य था। सम्मेलन के मुख्य आकर्षणों में कोलकाता, दिल्ली, गुरुग्राम, हैदराबाद, फरीदाबाद आदि के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ चिकित्सकों के व्याख्यान शामिल थे। सम्मेलन के शुभारंभ में रांची के डॉ अंकित श्रीवास्तव ने मधुमेह पर अपना व्याख्यान दिया था। कॉन्फ्रेंस में कोल इंडिया की विभिन्न सहायक कंपनियों के डॉक्टरों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न श्रेणियों में कुल 49 रिसर्च पेपर प्रस्तुत किए गए। जिसमे फ्री पेपर- 06 प्रविष्टि, केस प्रेजन्टैशन- 25 प्रविष्टि, चेयरमैन अवॉर्ड- 06 प्रविष्टि, डीएनबी सेशन-12 प्रविष्टि चयनित हुए थे।

डीएनबी श्रेणी में पहला पुरस्कार डॉ सिखा भारद्वाज, दूसरा डॉ विकसित जयपुरियार, तीसरा डॉ महेश धनगर को दिया गया। वहीं फ्री पेपर में प्रथम पुरस्कार डॉ गौरव कुमार,और दूसरा पुरस्कार डॉ पायल वेद्य को दिया गया। चेयरमैन्स अवॉर्ड में प्रथम पुरस्कार डॉ नीता प्रकाश और कंसोलेशन प्राइज डॉ रितेश काले को दिया गया। केस रिपोर्ट की श्रेणी में प्रथम पुरस्कार डॉ श्री देवी दास, द्वितीय पुरस्कार डॉ नेहा रानी और डॉ खुशबू शरण को मिला जबकि तीसरे स्थान पर डॉ मोहना मंडल और कंसोलेशन प्राइज डॉ मोहम्मद शाहिद कादरी को दिया गया। डॉ भरत सिंह ने समारोह के अंत में सभी प्रतिभागियों एवं विषय विशेषज्ञों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# जेसोवा दिवाली मेला के अंतिम दिन उमड़ी भीड़, जमकर हुई खरीदारी

● सुरमई शाम की यादों को छोड़ गया जेसोवा मेला



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जेसोवा (झारखण्ड आईएएस ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन) के तत्वावधान में मोरहाबादी में आयोजित दिवाली मेला का रविवार को समापन हो गया और अपने पीछे छोड़ गया सुनहरी सुबह और सुरमई शाम। मेले के अंतिम दिन मौसम साफ रहने की वजह से बड़ी संख्या में लोग आये। मेले में वहां पार्किंग, सुरक्षा से संबंधित अन्य व्यवस्थाएं भी चाक-चौबंद दिखीं। टिकट काउंटर पर टिकट लेने वालों की लंबी कतार थी और सब कतारबद्ध होकर मेला परिसर में प्रवेश करते दिखाई दिए। जेसोवा मेले के पांचों हैंगर में बड़ी संख्या में लोगों ने खरीदारी की। मेले में सबसे ज्यादा भीड़ रोजमर्रा के उपयोग की वस्तुओं की स्टाल पर थी।

**फूड कोर्ट के स्टाल पर व्यंजनों के शौकीनों की भीड़ :** मेले में सबसे ज्यादा भीड़ फूड कोर्ट में देखी गई। वहां विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का आनंद लोग ले रहे थे। राठौड़ की कुल्फी के स्टाल और भोला लिट्टी के स्टाल पर सबसे ज्यादा भीड़ थी।

**ट्रेडिशनल के साथ मॉडर्न उत्पादों को लेकर दिखी उत्सुकता :** मोराबादी में लगे मेले में अंतिम दिन लोगों का झुकाव फैशन ब्रांड पर ज्यादा था। लोग ट्रेडिशनल के साथ-साथ मॉडर्न परिधानों के बारे में जानकारी लेते दिखाई दिये और बड़ी संख्या में लोगों ने खरीदारी की।

मेला घूमने आये रामचंद्र ने बताया कि इस मेले का इंतजार हमें हर साल दिवाली के समय रहता है और पर्व के पहले ही और ठीक समय पर हम खरीदारी कर सके हैं। इस तरह का आयोजन होने से बच्चों को भी मेला घूमने का अवसर मिलता है।

**सेल्फी प्वाइंट और ग्रामीण परिवेश :** मेले में सबसे ज्यादा आकर्षक सेल्फी प्वाइंट था और गांव का परिवेश। वहां सबसे ज्यादा लोगों की भीड़ थी और मोबाइल से जमकर लोगों ने फोटोग्राफी की। वहां खूबसूरत अंदाज में खाटों पर बैठकर लोग फोटो खिंचवा रहे थे। वहीं फूलों से सजी बैलगाड़ी लोगों को आकर्षित कर रही थी।

### यह दौलत भी ले लो यह शोहरत भी ले लो...

दिवाली मेला 2024 के समापन समारोह के अवसर पर झारखंड की सुप्रसिद्ध गायिका डॉक्टर मृणालिनी अखौरी द्वारा गीत गजलों का बहुत ही शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। उन्होंने कार्यक्रम की शुरूआत में जगजीत सिंह साहब की मशहूर गजल होशवालों को खबर क्या... बेखुदी क्या चीज है ...गाया। उसके बाद होठों से छू लो... तुम मेरा गीत अमर कर दो, यह दौलत भी ले लो यह शोहरत भी ले लो भले छीन लो मुझसे मेरी जवानी, लज्जते गम बढ़ा दीजिए आप फिर मुस्कुरा दीजिए, आज जाने की जिद ना करो और दमा दम मस्त कलंदर जैसे एक से बढ़कर एक गीत और गजल उन्होंने प्रस्तुत किये। उनके साथ तबले पर संजीव कुमार पाठक, गिटार पर शांतनु मुखर्जी, ऑक्टोपैड पर अतनु चटर्जी और कीबोर्ड पर दीपक कुमार ने साथ दिया। यह कार्यक्रम कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग की तरफ से आयोजित किया गया था।

## प्रियंका के नेतृत्व में राज्यपाल से दीपशिखा का डेलिगेशन मिला



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से रविवार को राज भवन में दीपशिखा, बाल विकास एवं मानसिक स्वास्थ्य संस्थान (पुरश्री की एक इकाई) का एक शिष्टमंडल प्रियंका जालान के नेतृत्व में भेंट की। इस अवसर पर शिष्टमंडल ने राज्यपाल को दीपशिखा द्वारा मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के कल्याण के लिए संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। राज्यपाल ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि दिव्यांगजनों के हित में समर्पित रूप से कार्य करना अत्यंत प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को समाज के सभी वर्गों से निरंतर प्रोत्साहन और सहयोग की आवश्यकता है, ताकि वे जीवन में आत्मनिर्भरता प्राप्त कर सकें।

## छठ पूजा आयोजन को धनई सोसो रानी तालाब की नई कमेटी गठित

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड छात्र क्लब छठ पूजा समिति धनई सोसो रानी तालाब सुंडील रांची के तत्वावधान में अगामी छठ महापर्व की तैयारी को लेकर रविवार को बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता संतोष प्रसाद (लालू) ने की। इसमें मुख्यअतिथि के तौर पर प्रसिद्ध समाजसेवी भारत कांशी एवं विशिष्ट अतिथि सुंडील पंचायत मुखिया लीला तिर्की, उप मुखिया सुनीता सिंह, वार्ड सदस्य मुनी देवी, संस्थापक शिव किशोर शर्मा आदि मौजूद थे। बैठक में क्लब द्वारा रानी तालाब में धूम-धाम से छठ महापर्व मनाने का निर्णय लिया गया। आज की बैठक में पुरानी कमिटि को भंग करते हुए सर्वसम्मति से अध्यक्ष के रूप में संतोष प्रसाद (लालू)को चुना गया। इसके बाद अध्यक्ष संतोष प्रसाद ने नई टीम एवं इस वर्ष होने वाले क्रियाकलापों की घोषणा की। मौके पर संस्थापक शिव किशोर शर्मा ने कहा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी छठ तालाब के चारों ओर भव्य रूप से विद्युत सज्जा कि जाएगी। साथ ही छठ व्रत धारियों के सहयोग मे क्लब के सभी सदस्य पूरी चौकन्ना के साथ लगे रहेंगे, ताकि कोई परेशानी न हो।

**नई टीम में इन्हें मिली जिम्मेवारी :** अध्यक्षःसंतोष प्रसाद (लालू), मुख्य संरक्षकःगारमेंट भगत, संरक्षकःरमेंद्रनाथ तिवारी, संस्थापकःशिव किशोर शर्मा, संगठन मंत्रीः जितेन्द्र कांशी, महामंत्रीःलाल बाबू सिंह, मंत्रीः प्रकाश सिंह,रोमित सिंह, हर्ष शर्मा, कार्यकारिणी अध्यक्षः मिथुन पोद्दार, उपाध्यक्षः सौरभ सिंह, सचिवः दिलीप विश्वकर्मा, उप सचिवः प्रियांजल सिंह, कोषाध्यक्षः संतोष मिश्रा, उप कोषाध्यक्षःनिरंजन सिंह, प्रवक्ताः अरूण होता, मीडिया प्रभारीःरणवीर कुमार भगत, कार्यकारिणी सदस्यःपिंटू यादव, शुभम सिंह,अंकुर तिवारी,सुधीर राणा, शुभम महतो को बनाया गया है। मौके पर बेबी देवी,राजकुमार भगत,रोजी लिंडा,लीला तिर्की,मीणा गाड़ी,पूनम कुमारी, सुनीता देवी,श्याम बाबू,विनोद साहू,छोटू सोनी,पप्पू यादव, दौलत देवी आदि मौजूद थीं। झारखंड छात्र क्लब के सभी सदस्यों एवं अतिथियों द्वारा छठ तालाब के चारों ओर सफाई अभियान चलाकर कार्यक्रम समापन की गई।

## होटल कैपिटल रेजिडेंसी रांची में बच्चों के स्पेशल स्कूल 'बटरफ्लाई' का विधिवत उद्घाटन


खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** होटल कैपिटल रेजिडेंसी रांची में 'बटरफ्लाई' बच्चों के स्पेशल स्कूल, हरमू रोड, रांची का विधिवत उदघाटन किया गया। इस मौके पर बोलते हुए बटरफ्लाई स्कूल के संचालक डॉक्टर कुंदन कुमार ने कहा कि 'बटरफ्लाई' स्कूल रांची के स्पेशल बच्चों के लिए उनके जरूरत के हिसाब से उनकी एबिलिटी के हिसाब से उन्हें अच्छी शिक्षा और उनकी एंपावर के लिए शुरू किया गया है। आज के समाज में लगभग हर घरों में इस तरह के बच्चे देखे जा रहे हैं। ऐसे बच्चे जिसमें कुछ ना कुछ डिसेबिलिटी है उनके अंदर की क्वालिटी को बाहर निकालना हमारे स्कूल का मकसद है। उन्होंने कहा कि यहां अलग-अलग बैच स्पेशल बच्चों के डिसेबिलिटी के हिसाब से बनाया गया है, जिससे कि वह अपने आप को ऑब्जर्व कर पाएं। यहां 3.5 साल से 12 साल तक के बच्चों का नामांकन चल रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां क्वालीफाईड प्रोफेशनल, डॉक्टर, विशेषज्ञ स्कूल से जुड़े हैं जो स्पेशल बच्चों के हिसाब से उन्हें उनकी शिक्षा देंगे, जो समाज में उन्हें एक मुकाम दिलाने में मदद करेंगे। स्पेशल बच्चों के नामांकन के लिए उन्हें डॉक्टर के दिखाए हुए पेपर को लेकर आना है और उनके हिसाब से उन्हें बैच में डाला जाएगा। उद्घाटन के उपरांत डॉ चंदन कुमार निर्देशक रांची डेंटल एंड पॉली क्लिनिक ने बटरफ्लाई स्कूल की सराहना करते हुए कहा कि जिस प्रकार स्कूल दिव्यांग बच्चों को प्यार दुलार के साथ शिक्षित कर रहा है, साथ ही उन्हें शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत कर रहा है, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है। उन्होंने स्कूल को अस्वस्थ बच्चों को भविष्य में कभी भी किसी प्रकार की भी समस्या हो तो उन्हें अवश्य अवगत कराएं उन्हें हरसंभव मदद की जाएगी।

## श्रीश्याम मंदिर में तीन दिवसीय दीपावली महापर्व अनुष्ठान की व्यापक तैयारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** श्रीश्याम मित्र मण्डल, रांची द्वारा संचालित हरमू रोड के श्रीश्याम मंदिर में तीन दिवसीय दीपावली महापर्व अनुष्ठान की व्यापक तैयारी जोर-शोर से चल रही है। मंदिर परिसर की सम्पूर्ण सफाई का काम पूरा हो चुका है। संपूर्ण मंदिर परिसर में सैकड़ों की संख्या में रंग -बिरंगी लाईट की लड़ियां लगायी जा रही हैं। सोमवार 28.10.2024 को रात्रि 9.30 से एकादशी संकीर्तन होगा। हरमू बाजार निवासी रणधीर जायसवाल, सुप्रिया जायसवाल, शिवाय - शिवांश जायसवाल खाटूनरेश की अखण्ड ज्योति प्रज्ज्वलित करेंगे।

श्रीश्याम मित्र मण्डल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि दीपावली महापर्व अनुष्ठान का मुख्य समारोह 31 अक्टूबर गुरुवार को अमावस्या काल में सायं 6 बजे से प्रारंभ होगा जो देर रात तक चलेगा। 31 अक्टूबर गुरुवार को पूर्वाह्न 11 बजे मंदिर के कपाट बंद कर दिये जाएंगे जो सायं 5.30 बजे खुलेंगे। सायं 6 बजे से देर रात तक निरन्तर दीपोत्सव मनाया जाएगा। खाटूनरेश सहित सभी देवी-देवताओं को नवीन पोशाक पहनाकर, विभिन्न प्रकार के फूलों से दिव्य पावन श्रृंगार किया जाएगा।

इसके पूर्व दीपावली महास्नान कराके खाटूनरेश का केशर चंदन तिलक श्रृंगार भी किया जाएगा। दीपावली महापर्व के प्रथम दिन धनतेरस दिवस मंगलवार को विशेष रूप से दीप पूजन-प्रज्जवलन किया जाएगा। इसके पूर्व धनतेरस दिवस मंगलवार 29.10.2024 को सायं 4.30 बजे से 125वां श्रीसुन्दरकाण्ड-श्रीहनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ होगा। मण्डल के उपमंत्री अनिल नारनोली अखण्ड ज्योति प्रज्ज्वलित करेंगे। 30 अक्टूबर बुधवार को दीप पूजन व दीप प्रज्जवलन का वैदिक कार्य होगा। दीपावली के दिन गुरुवार को पूर्वाह्न 11 बजे से सायं 5.30 बजे तक मंदिर के कपाट बंद रहेंगे।

### रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का समय बदला

**रांची।** रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस रविवार को अपने तय समय पर रांची स्टेशन से नहीं खुलेगी। इसका समय बदल दिया गया है। यह ट्रेन अपने तय समय से कम से कम एक घंटे विलंब से खुलेगी। राजधानी एक्सप्रेस का रविवार को खुलने का समय शाम पांच बजकर 15 मिनट है लेकिन यह ट्रेन रविवार छह बजकर 15 मिनट पर रांची स्टेशन से रवाना होगी। दक्षिण पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क पदाधिकारी ने यह जानकारी दी है। हालांकि, सीपीआरओ ने यह नहीं बताया कि ट्रेन को री-शेड्यूल क्यों किया गया है। 12453 रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन रविवार को रांची से आमतौर पर शाम को 5:15 बजे खुलती है और 17 घंटे 55 मिनट की यात्रा के बाद दिल्ली पहुंचा देती है। राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन रांची से खुलने के बाद लोहरदगा, डालटेनगंज, गढ़वा रोड, रेणुकूट, चोपन, सोनभद्र, प्रयागराज और कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर रुकते हुए नई दिल्ली तक जाती है। ट्रेन सोमवार को सुबह 11:10 बजे दिल्ली पहुंचा देती है। इस दौरान ट्रेन 1246 किलोमीटर की दूरी तय करती है। यह ट्रेन रांची से सिर्फ रविवार को चलती है।

## मतदाता जागरूकता के लिए साइकिल रैली निकाली गई

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** आगामी विधानसभा आम चुनाव को लेकर रांची जिला में स्वीप के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

इसी कड़ी में रविवार को स्वीप के तहत मोरहाबादी मैदान से मतदाता जागरूकता के लिए पूरे रांची शहर में साइकिल रैली निकाली गई।

इसमें मुख्य रूप से डीआईजी अनूप बिरथरे, एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा, उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव एवं जिला के अन्य पदाधिकारियों ने बढ़- चढ़ कर हिस्सा लिया।

उल्लेखनीय है कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप के तहत कई कार्यक्रम करके मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा हैं।

### झारखंड फेंसिंग एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा (एजीएम) सह चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न

# अर्चित आनंद अध्यक्ष व जय कुमार सिन्हा बने सचिव

● चुनाव के बाद सभी निर्वाचित सदस्यों को किया गया सम्मानित








खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रविवार को झारखंड फेंसिंग एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा (एजीएम) सह चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

जेएससीए परिसर में आयोजित एजीएम में वार्षिक रिपोर्ट पेश की गयी। साथ ही नये सत्र (2024-2028) के लिए कमेटी का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें 21 सदस्यीय कमेटी का निर्विरोध चुनाव किया गया। जिसमें अर्चित आनंद अध्यक्ष और जय कुमार सिन्हा सचिव बनाए गए।

मौके पर रिस्टर्निंग ऑफिसर बिनय कर्ण और जेओए ऑब्जर्वर सुरेश कुमार, झारखंड खेल विभाग से देवेंद्र कुमार मौजूद थे। चुनाव के बाद सभी निर्वाचित सदस्यों को सम्मानित किया गया।

झारखंड फेंसिंग एसोसिएशन कमेटी में राजीव कुमार बिट्टू- चेयरमैन, अर्चित आनंद- अध्यक्ष, जय कुमार सिन्हा- सचिव, ट्रेजरर- करमबीर उरांव, कार्यकारी अध्यक्ष- संजेश मोहन ठाकुर, वाइस प्रेसिडेंट- कुलवंत सिंह, आलोक गुप्ता, आशुतोष, विजय मेवार, दिनेश कुमार सिंह, ज्वाइंट सेक्रेटरी- राकेश कुमार मिश्रा, अनिल, अनूप राजेश लकड़ा, रामाशीष सिंह, एक्जीक्यूटिव मेंबर- राजन कुमार, प्रिंस कुमार मिश्रा, धनंजय सिंह, विकाश कुमार केशरी, केएन सिंह शामिल हैं।

## खबर एक नजर में

### सेल रांची ने प्रभात फेरी के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह का किया शुभारंभ



**रांची।** सेल रांची के इकाइयों ने प्रभात फेरी के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ किया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह अभियान के हिस्से के रूप में, सेल की रांची स्थित इकाइयों के सतर्कता विभाग ने ईमानदारी और भ्रष्टाचार मुक्त कार्य वातावरण को बढ़ावा देने के लिए इस प्रभात फेरी का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत एसके वर्मा, ई.डी (सीईटी), वेद प्रकाश ई.डी (एस.टी.डी.टी.) एवं एस वशिष्ठ मुख्य महाप्रबंधक (एस.एस.ओ) ने गुब्बारे छोड़कर की। कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन विशाल सिन्हा महाप्रबंधक (सतर्कता) और एसीवीओ की देखरेख में हुआ। सेल के कर्मियों ने कार्यस्थल में पारदर्शिता और सतर्कता के लिए प्रतिबद्धता प्रदर्शित किया।

### यूथ करेज चैरिटेबल ट्रस्ट ने निशुल्क चिकित्सा और रक्तदान शिविर का किया आयोजन



**रांची।** रविवार को यूथ करेज चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पाम इंटरनेशनल स्कूल बरियातु में निशुल्क चिकित्सा शिविर, निशुल्क ब्लड जांच और मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया और साथ ही लोगों ने निशुल्क चिकित्सा शिविर का भी लाभ उठाया। मौके पर डॉ नदीम अनवर, डॉ फारुख नवाब, डॉ सैफुल इस्लाम ने अपनी सेवा दी साथ ही लेक व्यू ब्लड बैंक, कल्याणी पैथो लैब, अक्कु पल्स लैब ने भी अपनी सेवा दी। मौके पर ट्रस्ट के नौशाद खान, मोदस्सिर इमाम, नजर इमाम, मोजम्मिल, साहिल, कैफ, आसिफ, अफनान आदि उपस्थित थे

### इंटरव्यू से चुने गये संत जेवियर्स कॉलेज रांची में नये स्वयंसेवक



**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज रांची द्वारा राष्ट्रीय समाज सेवा के नए स्वयंसेवकों के चयन के लिए बीते 25, 26 और 27 अक्टूबर को कॉलेज के फादर प्रुस्ट हॉल में भर्ती अभियान चलाया गया। समन्वयक डॉ अनिर्बान गुप्ता ने सत्र का उद्घाटन करते हुए बताया कि यह एनएसएस इकाई द्वारा कॉलेज में पहली शुरूआत है। साक्षात्कार से वैसे ऊर्जावान और सक्रिय विद्यार्थी चयनित होंगे, जो समाज के प्रति सेवा भाव रख सबको अच्छे-बुरे का ज्ञान साझा करें। इससे विद्यार्थी में लीडरशिप पनपेगा। भर्ती अभियान का मूल उद्देश्य एनएसएस में सर्वश्रेष्ठ छात्रों का चयन करना है, जो समाज के हित के लिए काम कर सकें। साक्षात्कार में डीएसडब्ल्यू डॉ संजय सिन्हा, प्रो. ज्योति टेटे, प्रो. जूही, प्रो. राकेश, प्रो. अजित सहित विभिन्न विभाग के प्राध्यापकगण उपस्थित हुए। साक्षात्कार सत्र के आयोजन में छात्र प्रतिनिधि रिमशाह, सिदरा, आकाश, ऋचा एवं अन्य स्वयंसेवकों का अहम योगदान रहा।

### झारखंड में श्रीलेदर्स की पहली डीलरशिप ने रजत जयंती मनाई



**रांची।** श्रीलेदर्स रांची स्टोर, रोस्पा टावर मेन रोड रांची ने झारखंड की राजधानी में 25 वर्षों तक सफलतापूर्वक सेवा देने के बाद एक वफादार संरक्षण अर्जित किया है। श्रीलेदर्स स्टोर रांची में सबसे बड़ा एकल-ब्रांड फुटवियर स्टोर है और झारखंड में श्रीलेदर्स की पहली डीलरशिप है। डीलरशिप के मालिक, तलविंदर सिंह हमें अपनी यात्रा की यादें ताजा करते हैं, कि कैसे स्टोर 4 पीढ़ियों में विकसित हुआ है और हम भविष्य में क्या उम्मीद कर सकते हैं। इसके बाद श्रीलेदर्स मुख्यालय के प्रतिनिधि सोहम दास गुप्ता मौजूद थे। इस मौके पर तलविंदर सिंह, डीलरशिप मालिक, श्रीलेदर्स रांची रविंदर सिंह, डीलरशिप मालिक, श्रीलेदर्स रांची, सोहम दासगुप्ता, डीलरशिप मैनेजर, श्रीलेदर्स लिमिटेड (मुख्यालय), कुलदीप सिंह, श्रीलेदर्स रांची, हरभजन सिंह, श्रीलेदर्स रांची, त्रिलोचन सिंह , श्रीलीदर्स रांची, जसराज सिंह , श्रीलीदर्स रांची कवलजीत सिंह, श्रीलेदर्स रांची मौजूद थे।

### रिमशा टूर एंड ट्रेवल्स सबसे सस्ते दर में भेज रहा है उमरा पर



**रांची।** रिमशा टूर एंड ट्रेवल्स हज उमराह सर्विस सेंट्रल स्ट्रीट रूप महल के सामने हिंदपीढ़ी रांची का विधिवत उद्घाटन किया गया। मौके पर एजेंसी के डायरेक्टर आफताब आलम उर्फ राजा और फिरोज आलम ने कहा कि हमारी कंपनी हज उमराह और जियारत की सुविधा लोगों को सबसे सस्ते दर पर दे रही हैं। वहीं 21 दिसंबर को उमराह के लिए हमारा पहला जत्था 81 जायरीनों को लेकर रवाना होगा। इसमें लगभग 40 जायरीनों को कंपनी मात्र 37 हजार में उमराह पर लेकर जा रही है। यहां उमराह पैकेज में एयर टिकट उमराह वीजा, मक्का के नजदीक आवास, वीजा प्रोसेसिंग, स्थानीय परिवहन, 5 लीटर जमजम, इन्सुरेंस और भोजन सहित कई अन्य सुविधाएं दी जा रही हैं। इसमें पूरी यात्रा के दौरान धार्मिक मार्गदर्शन की भी सहायता शामिल है। हज और उमराह में जितने भी जगह की जियारत कराई जाती है सभी जगह की जियारत कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारे यहां से पहले उमराह का ग्रुप 21 दिसंबर को रांची से राजधानी एक्सप्रेस से दिल्ली और दिल्ली से कुवैत और कुवैत से जद्दा रवाना होगा। इस मौके पर रविवार को सभी जायरिनो के बीच दो माह पहले एयर टिकट और उमराह किट का वितरण किया गया। मौके पर राजा ने कहा कि हम बिजनेस नहीं खिदमत करना चाहते हैं। इस मौके पर डायरेक्टर आफताब आलम, फिरोज आलम, मोहम्मद इमरान, मजहर इमाम, खैरुल खान, मोहम्मद इस्लाम, मो. अनवर, सज्जाद इदरीसी समाजसेवी, एजाज गद्दी, नवाबुद्दीन,खुर्शीद आलम, हाजी जसीम समेत कई लोग मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

### घर में बिक्री करता था अंग्रेजी शराब, धराया, गया जेल

ओरमांझी। थाना पुलिस द्वारा रविवार को अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बिक्री करने वाले की गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। ओरमांझी थाना पुलिस गुप्त सूचना पर यह कार्रवाई की गई है। बताया गया कि थाना क्षेत्र के करमाटोली इरबा निवासी रवि उरांव अपने घर से शराब बिक्री करता था। पुलिस द्वारा छापेमारी करने पर 29 केन बीयर व 14 बोतल शराब बरामद हुआ। जिसके बाद पुलिस द्वारा बरामद शराब को जब्त कर रवि उरांव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। ज्ञात हो कि अवैध शराब की बिक्री से क्षेत्र में अपराध की घटना बढ़ रही थी।

# धुर्वा डैम से युवती का शव बरामद

**पुलिस मामले की कर रही है छानबीन**

खबर मन्त्र संवाददाता



**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी थाना क्षेत्र के धुर्वा डैम से नगड़ी पुलिस ने रविवार को एक युवती का शव बरामद किया। शव की पहचान रेशमा परवीन उम्र 21 वर्ष के रूप में हुई। वह रोड नंबर 1 पोखर टोली, थाना एयरपोर्ट निवासी मोहम्मद अख्तर की बेटी थी। सुबह जब कुछ लोग डैम में स्नान करने पहुंचे तो पानी में तैरते हुए शव को देखा और नगड़ी थाने को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने पर नगड़ी थाना की पुलिस वहां पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को पानी से बाहर निकाला और शव को पोस्टमार्टम के लिये रिम्स भेज दिया। मृतका के जिंस पैंट के पाकेट पर मिली आधारकार्ड से उसकी शिनाख्त हुई। इस संबंध में युवती के परिजनों ने बताया कि रेशमा परवीन शनिवार देर शाम घर वालों को जल्द वापस लौटने की बात कह कर घर से निकली थी। जब देर रात तक वह घर नही लौटी तो घर वाले उसकी खोज बिन कर रहे थे। घटना के सम्बंध में नगड़ी थाना प्रभारी अभिषेक राय ने बताया कि युवती ने आत्महत्या की है या उसकी हत्या की गई है पुलिस जांच कर रही है।

## रातू : बिहार के जमीन कारोबारी की कुंबाटोली में संदेहास्पद मौत

**रातू।** थाना क्षेत्र के कुंबाटोली निवासी स्व महेंद्र उरांव के मकान में बतौर किरायेदार जमीन कारोबारी 60 वर्षीय रामसहाय सिंह की रविवार की सुबह 8 बजे संदेहास्पद मौत हो गयी। वह बिहार मुगलसराय के चंदौली में रहने वाले स्वर्गीय पंचम सिंह के पुत्र थे। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये रिम्स भेज दिया है। उनकी पॉकेट से आयकर विभाग का पैन कार्ड बरामद किया गया है। मामले को लेकर चौकीदार बलकु महली के ब्यान पर रातू थाने में यूडी केस दर्ज किया गया है। थानेदार आरएन सिंह ने बताया कि रिम्स निदेशक को पत्राचार कर पोस्टमार्टम के बाद मृतक के शव को अगले 72 घंटे तक डीप फ्रीजर में रखने का अनुरोध किया गया है। ताकि, परिजन उनकी शिनाख्त कर अंतिम संस्कार कर सकें। ज्ञात हो कि परिजन उनकी शिनाख्त कर अंतिम संस्कार कर सकें। ज्ञात हो कि वह पिछले एक महीने पूर्व कुंबाटोली आये और किराये में मकान के लिये ग्रामीणों से संपर्क किया। स्व महेंद्र की विधवा ने उन्हें अपने घर में रख लिया। वह यहां अकेले रह नाश्ता और भोजन होटल में करते थे। तीन दिनों से वे खून की उल्टी हो रही थी। पड़ोसियों ने बीती रात कमरे में उनके कराहने की आवाज सुनी। लेकिन, वहां कोई नहीं गया। लोग सुबह उनकी खबर ली, तो वह मृत पाये गये।

## डॉन बॉस्को अकादमी में वार्षिकोत्सव

**विद्यार्थियों, शिक्षकों में मित्रता कार्यक्रम**



खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज स्थित डॉन बॉस्को अकादमी में वार्षिक उत्सव में विद्यार्थियों,शिक्षकों और अभिभावकों में मित्रता समन्वय अथवा मौज-मस्ती और उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम की शरूआत स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक केनेथ जेनिंग के द्वारा फीता काट कर किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल परिसर के मैदान में कई तरह के मौज-मस्ती, खेल और स्वादिष्ट व्यंजनों से भरे स्टॉल लगाये गए थे। स्टॉल में खेल के माध्यम से प्रत्येक छात्रों को पुरस्कार जीतने और अपने कौशल का परीक्षण करने का मौका दिया गया। जिसमें रिंग टॉस और बैलून डार्ट खेलों से युवा प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक प्रत्येक खेल में अपना हाथ आजमाया, दोस्तों और परिवार के लोगों ने उनका उत्साहवर्धन किया। वहीं खेलों के साथ खाने के स्टॉल पर ऊर्जा से भरपूर रखने के लिए कई तरह के स्नैक्स और पेय पदार्थ परोसे गए। स्थानीय पसंदीदा और विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के लिए, लंबी लाइनें लगी रहीं। जिनमें मसालेदार स्ट्रीट फूड से लेकर मीठे व्यंजन तक शामिल थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉन बॉस्को अकादमी के प्रिंसिपल जोशी टीडी ने कहा यह उत्सव टीम वर्क की भावना को बढ़ावा दिया गया। क्योंकि विभिन्न कक्षाओं के छात्रों एवं शिक्षकों ने एक साथ मिलकर कार्यक्रम का आयोजन किया।

# चेड़ी मनातू के ग्रामीण करेंगे चुनाव बहिष्कार

**सड़क नहीं बनने से नाराज हैं ग्रामीण**

खबर मन्त्र संवाददाता





**कांके।** प्रखंड कांके के मनातू पंचायत के समाजसेवी अनूप कुमार महतो ने कहा कि यदि आगामी विधानसभा चुनाव से पहले चेड़ी मनातू सुंडील झिरी से होकर रविस्टील चौक तक पहुंचने वाला ग्रामीण रास्ता नहीं बनता है तो चेड़ी मनातू के ग्रामीण आगामी विधानसभा चुनाव 2024 का बहिष्कार करेंगे। इस सहायक सड़क की जर्जर स्थिति को लेकर चेड़ी मनातू के सैकड़ो ग्रामीण मनातू गांव में जुटे थे। चेड़ी गांव के भोलानाथ महतो ने कहा कि पिछली बार यह सड़क पिछले 19 वर्ष पहले 2005 में बनी थी। उसके बाद कई सरकारें आई और चली गई परंतु किसी सरकार के द्वारा इस सड़क को ध्यान नहीं दिया गया अतः यह कहा जा सकता है कि सड़क की इस जर्जर अवस्था के लिए राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार दोनों दोषी हैं। अनुप कुमार महतो ने कहा कि राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार दोनों हम ग्रामीणों को ठगने का काम करती है बीते लोकसभा चुनाव 2024 के ठीक कुछ दिन पहले इस सड़क का शिलान्यास दिनांक 10 मार्च 2024 को स्थानीय विधायक समरी लाल नवीन जायसवाल एवं सांसद संजय सेठ द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया ' परंतु ग्रामीणों को मूर्ख बनाने के लिए दों दिन काम करने के बाद नेता इंजीनियर सब लापता हो गए यह सड़क की स्थिति जस की तस है चेड़ी मनातू के आक्रोशित ग्रामीणों ने कहा कि यदि यह सड़क आगामी विधानसभा चुनाव से पहले नहीं बनती है तो ग्रामीण नेताओं को मनातू पंचायत में घुसने नहीं देंगे इस अवसर पर चेड़ी मनातू के सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

**मौके पर ये लोग थे मौजूद**

मौके पर जिनमें मुख्य रूप से अनूप कुमार महतो निरंजन महतो भोलानाथ महतो विकास कुमार महतो प्रभु दयाल मुंडा रतनलाल महतो आशीष कुमार महतो कृष्णा महतो परमेंश महतो संदीप महतो अभय महतो संजय मुंडा कपिल नायक छोटन लोहरा निखिल महतो नवीन महतो सोनू कुमार महतो कौशल किश अंकित कुमार महतो एवं अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## झामुमो के रामानंद बेदिया 500 समर्थकों संग आजसू में शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा/सिकिदिरी।** आजसू पार्टी का मिलन समारोह रविवार को टाटी सिंगारी में आयोजित हुआ। समारोह में झामुमो के सिल्ली विधानसभा प्रभारी व जिला उपाध्यक्ष रामानंद बेदिया अपने 500 समर्थकों के साथ आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। आजसू पार्टी प्रमुख सुदेश कुमार महतो ने माला व पट्टा पहनाकर उनका स्वागत किया। मौके पर सुदेश महतो ने कहा कि राज्य सरकार हर मोर्चे में विफल रही है, हर झारखंडी राज्य सरकार के नीतियों से त्रस्त हैङ्क कहा कि सिल्ली की जनता इस चुनाव को संभालेगी व मुझे राज्य में जाने का आदेश दिया है। कहा कि सिल्ली निरंतर विकास के राह पर लंबे कदम बढ़ा रहा है। मौके पर पूर्व मुखिया एतवा बेदिया, निरंजन बेदिया, मंगलाचरण बेदिया, बीरबल बेदिया, अरूण बेदिया, कंचन बेदिया, बालेश्वर बेदिया, मंजु देवी, सुमन देवी सहित अन्य ने आजसू की सदस्यता ग्रहण किया।

**कार्यक्रम में थे मौजूद**

कार्यक्रम में भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार, आजसू पार्टी के केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल सिंह, जिप सदस्य राजेन्द्र शाही मुंडा, सज्जाद आलम, मो रिजवान, अमर सिंह, विरेन्द्र सिंह भोगता, सूरज साहू, सत्यनारायण मुंडा, श्यामसुंदर बेदिया, विक्रम ठाकुर, राजू महली, दिलीप बेदिया, शंभु साहू, घासनी देवी, छोटेलाल बेदिया, सोमरा बेदिया, अनिल बेदिया सहित अन्य उपस्थित थे। झामुमो में टिकट नहीं मिलने से रामानंद नाराज थे। केंद्रीय समिति ने पूर्व में उन्हें कई बार सिल्ली का प्रत्याशी बनाने का आश्वासन दिया था।

**एक नजर में**

### संजय साहू झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के कांके प्रभारी नियुक्त



**रांची।** रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष आलोक उरांव की अध्यक्षता में विशेष बैठक किया गया। जिसमें कांके, रांची, खीजरी, हटिया, तमाड़, सिल्ली और मांडर सभी विधानसभा में पार्टी के प्रत्याशियों को कैसे जिताया जाए जिस पर विचार, मंथन व रणनीति बनाया गया और इस बैठक में कांके विधानसभा का विधानसभा प्रभारी चुना गया जिसमें संजय कुमार साहू को कांके विधानसभा प्रभारी बनाया गया है। सह प्रभारी बीरबल महतो रतिया मुंडा और विनय टोप्पो को रखा गया है।

### झारखंड नवनिर्माण के लिए कैंची छाप को वोट की अपील

**रांची।** कांके विधानसभा जेएलकेएम प्रत्याशी फुलेश्वर बैठा ने सुग्नू, कादीटोला, हुंदूर, मनातू गांव में जन सम्पर्क अभियान चलाकर कैंची छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से विजय बनाने का अपील किया। मौके पर नवनियुक्त कांके विधानसभा प्रभारी संजय कुमार साहू एवं कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### ओरमांझी में अवैध बालू लदा हाइवा धराया

**ओरमांझी।** थाना पुलिस द्वारा अवैध बालू के खिलाफ कार्रवायी करते हुए बालू लदा एक हाईवा को जब्त कर एक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस को रामगढ़ पतरातु से रांची अवैध बालू ले जाने की लगातार जानकारी मिल रही थी। रविवार को ओरमांझी थाना पुलिस जांच के लिए निकली थी। रामगढ़ से रांची की ओर जा रहे एक बालू लदा हाईवा जेएच24के-0116 को रोक कर संबंधित पेपर मांगने पर चालक द्वारा कोई पेपर उपलब्ध नही कराया जा सका, जिसके बाद पुलिस द्वारा हाईवा को जब्त कर चालक महेंद्र बेदिया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इधर पुलिस की इस कार्रवायी से बालू की अवैध करोबार करने वालों में हड़कंप मचा है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार बालू का ऑक्षन कराती नही, बाहर से किसी प्राकर से बालू आने पर पुलिस कार्रवायी करती है। इससे भवना निर्माण कार्य से जुड़े लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खास कर राजमिस्त्री व मजदूरों के सामने रोजगार की समस्या उत्पन्न हो गई है।

### बालू लदा एक हाइवा और दो ट्रैक्टर जब्त

**सोनाहातू/राहे।** वरीय पुलिस अधीक्षक रांची के निर्देश पर बुंडू डीएसपी के नेतृत्व में छापामारी कर सोनाहातू थाना क्षेत्र से एक अवैध रूप में बालू लदा हाइवा को जब्त किया है। थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि छापामारी के दौरान बुंडू -जामुदाग सड़क के गलऊ पंचायत सचिवालय के सामने अवैध बालू परिवहन करते हाइवा जेएच 01सीएफ 3038 को पकड़ा गया। आवश्यक कारवाई करते हुए हाइवा मालिक और चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। इधर राहे थाना प्रभारी फैज रब्बानी पुलिस बल के साथ सिरीडीह सतीया के सामने अवैध बालू परिवहन करने दो ट्रैक्टर को जब्त किया। प्रभारी फैज रब्बानी ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के आदेश पर छापामारी किया गया। जब्त ट्रैक्टर के मालिक और चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### लापुंग के डुरू में सीएनआई चर्च का उद्घाटन



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के डुरु में 1913 ई. में बने सीएनआई चर्च का जीर्णोद्धार कर पुनरुत्थान उपासनालय का निर्माण किया गया। वहीं रविवार को भव्य समारोह आयोजित कर छोटा नागपुर डायसिस के बिशप बीवी बास्के के द्वारा विधिवत उद्घाटन किया गया ।.कार्यक्रम का अगुवाई रेव्ह. संजय तिग्गा के द्वारा किया गया एवं साथ में पेरिश कमिटी के मंगल कुजूर, गोडविन धान, प्यारा खलखो, हाबिल खलखो समेत मसीह समुदाय का योगदान रहा. साथ में दृढ़ीकरण संस्कार भी संपन्न हुआ । कार्यक्रम के दौरान मांडर विधानसभा के विधायक शिल्पी नेहा तिर्की भी शामिल हुईं।

## अंजुमन कमेटी की पहल पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**बीजूपाड़ा टांगर की मारिया सदफ अव्वल**



- बानापीड़ी को दूसरा स्थान
- तीसरे स्थान पर रही इटकी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रखंड अंजुमन कमेटी समाज के बच्चे-बच्चियों को शिक्षित और प्रतियोगी बनाने की लगातार कोशिश कर रही है। पदधारियों की पहल पर फुटकलटोली स्थित कार्यालय सभागार में हादिया मकतब ऑगेर्नाइजेशन की ओर से मेरे नबी विषय पर आधारित क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इसमें 12 मकतब की एक-एक बच्चियों ने हिस्सा लिया। पांच राउंड चले क्विज में बीजूपाड़ा स्थित साहिबा शाहीन फातिमतुज जहरा, टांगर की मारिया सदफ ने बाजी मारी। वहीं, मकतब ए खलील इस्लाम नगर बानापीड़ी की रुकैया सफी दूसरे व हिदायतुल इस्लाम सुलतान नगर, इटकी की बच्चियां तीसरे स्थान पर रही।

**इन्होंने निभायी भूमिका**

मौलाना अंसार नदवी खतीब मदीना मस्जिद इटकी, मौलाना तबरेज बुखारी, अध्यक्ष अताउल्लाह अंसारी, सचिव अनीसुर्रहमान, बसीरुल हक, आफताब आलम, मो आकिब, मो आरिफ, अब्दुल हकीम व कमेटी के अन्य सदस्यों की खास भूमिका रही। इन्होंने सदफ, सफी और इटकी की बच्चियों को क्रमश तीन, दो व एक हजार नकद और मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया। वहीं, प्रतियोगिता में शामिल अन्य नौ बच्चियों को भी मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र भेंट की गयी।

# भाजपा प्रत्याशी सन्नी टोप्पो ने किया जनसंपर्क

**मांडर में कमल खिलते ही जलायेंगे शिक्षा का अलख**

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेड़ो।** अपने जनसंपर्क अभियान के दूसरे दिन भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सन्नी टोप्पो ने बेड़ो मंडल के विभिन्न गांवों का दौरा किया। उन्होंने लोगों से संपर्क किया एवं मांडर में कमल खिलाने के लिए सबका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस बीच ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याओं को उठाया जैसे कि गांव में अच्छी सड़क नहीं है, अखाड़ा धूमकुड़िया भवन का निर्माण नहीं हो पाया है, लोगों को सरकारी योजना का सही से लाभ नहीं मिलता है। जिसपर प्रत्याशी सन्नी टोप्पो ने सभी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और विश्वास दिलाया कि मांडर में कमल खिलते ही भाजपा की सरकार आते ही सारी समस्याओं का यथाशीघ्र निवारण किया जाएगा एवं ग्रामीणों को यथासंभव यथा शीघ्र लाभ पहुंचाया जाएगा। उन्होंने बघीया टोली, नारी ,सेमरा केशा,फादिल मोर्चा गढ़ाटोली, चाटु टोली, डोकाटोली जरिया टेंगरिया करमटोली , मासु, पुरनाडीह, मुड़मू जामटोली, बैर टोली , हुटार, हरहंजी , पंडरा जमनी, जहानबाज , रोगो , नेहालु, पोकलटिकरा, अम्बाटोली, बरटोली, पतराटोली, गडरी, डुमरी, मसीया, कोनाभिट्टा, खिरदा व चरिमा में छात्र संगठन आदि जगहों में संपर्क करके मांडर विधानसभा में कमल खिलाने का संकल्प दिलाया। सन्नी टोप्पो ने विभिन्न जगहों पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मांडर में भाजपा की विजय पताका लहराने के बाद से पूरे क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में पूरे जोर-जोर से काम किया जाएगा। नए-नए कॉलेज बनाए जाएंगे बीएड, बीटेक, एमटेक बायोटेक, बीसीएम, बीबीए बीसीए एमबीए जैसे नए-नए कोर्सों का संचालन के लिए प्रयास किया जाएगा। ताकि हमारे युवाओं को रोजगार के नए साधन उपलब्ध हो सके साथ ही साथ युवाओं को हुनर कला के क्षेत्र एवं लघु उद्योग से भी जोड़ा जाएगा। महिलाओं और किसानों का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा उनके लिए रोजगार के साधन बढ़ाए जाएंगे। मौके पर के चुनाव प्रबंधन समिति के एसटी मोर्चा संपर्क सदस्य रामनारायण भगत ने कहा कि जल जंगल जमीन आदिवासी अस्मिता झारखंड के स्वाभिमान को बचाने के लिए पूरे झारखंड में मांडर विधानसभा सहित भाजपा की सरकार जरूरी है। प्रबंधन समिति के एसटी मोर्चा संपर्क समित के सदस्य भीखा उरांव ने कहा कि आदिवासियों का उचित सम्मान देने वाली और आदिवासियों की सच्ची हीतैसी भारतीय जनता पार्टी ही है इसमें कोई शक नहीं है। मौके पर प्रत्याशी सन्नी टोप्पो, रामनारायण भगत, भीखा उरांव, नीरज कुजूर, पूर्व मंडल अध्यक्ष आलोक मिश्रा, वर्तमान मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह, एसटी मोर्चा के बिरसा उरांव मौजूद थे।

## कार्तिक उरांव रात्रि पाठशाला केंद्र उचरी का अवलोकन

**मांडर।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता विसवा सरमा की पत्नी रिनीकी भुइंया सरमा ने रविवार को कार्तिक उरांव रात्रि पाठशाला केन्द्र उचरी का अवलोकन किया। उनके साथ न्यूज लाइव के चीफ एडिटर जारीर हुसैन भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा कार्तिक उरांव के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। रात्रि पाठशाला के संरक्षक डॉ अरुण उरांव ने शुरूआत से अबतक के गतिविधि पर विस्तार से बतलाया। इससे गांव में हो रहे सकरात्मक के बारे में उन्होंने बतलाया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में रात्रि पाठशाला के गतिविधियों को खूब सराहा। साथ ही उन्होंने असम में इसे शुरू करने की बात कही। रात्रि पाठशाला एवं उचरी सांस्कृतिक दल ने अपनी बाते रखी और आर्कषक नृत्य प्रस्तुत किया। संचालन कार्तिक लोहरा ने जबकि धन्यवाद ज्ञापन अनिल उरॉव ने किया। कार्यक्रम में नगड़ा मुखिया बहादूर उरांव, राजू लोहरा, पियुष तिर्की, डॉ



रविन्द्रनाथ, नेहा, शिबन, स्टीफेंसन रामू, प्रेम, वसन्ती लोहरा, सूरज, खद्दी, सुबास, मंगी, खदी रिंकू, सुको, सुनीता सहित काफी लोग उपस्थित थे।

# सड़क हादसे में पति की मौत, पत्नी निभा रही घर का दायित्व

**विवाह के दो वर्ष में दुर्घटना में हो गई थी पति की मौत**



निलम देवी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** लापरवही पूर्ण तेज रफ्तार बाइक दुर्घटना में जब किसी का बेटा या पति की मौत हो जाती है, तो माता-पिता व पत्नी को किस प्रकार दुखों से संघर्ष करना पड़ता है। उसकी एक बानगी ओरमांझी प्रखंड के पुनदाग में देखा जा रहा है। विवाह के मात्र दो वर्ष में 14 अगस्त 2023 को बाइक सवार प्रदीप मुंडा 28 वर्ष का दुर्घटना हो गई थी। प्रदीप मुंडा तेज रफ्तार से बाइक चलाते हुए रांची से अपने घर जा रहा था। तभी इरबा स्थित उसकी बाइक की एक एंबुलेंस से टकरा गई थी। वह हेलमेट नहीं पहना हुआ था और सिर पर गहरी चोट लगने से घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। अभी घर में उसकी पत्नी निलम देवी (25 वर्ष) के अलावे मृतक की बहन कुंती कुमारी 21 वर्ष व छोटा भाई रंजीत मुंडा 17 वर्ष है। सभी की जिम्मेदारी उसकी विधवा पत्नी निभा रही है। बहन मरवाड़ी कॉलेज बीए की छात्रा है। वहीं भाई एसएस $2 हाई स्कूल से पास आउट हुआ है। मैट्रिक्स कपड़ा फैक्ट्री इरबा में 10 हजार माह पर कार्य करने वाली पत्नी निलम देवी ननद व देवर की पढ़ाई के साथ-साथ घर की जिम्मेवारी निर्वाहन करने को काफी संघर्ष कर रही है। प्रतिदिन सुबह चार बजे काम पर जाती है और दोपहर 2.30 बजे लौटती है। घर में एक वृद्धा मां अलखो देवी थी उसकी भी मौत दो माह पूर्व हो गई है। निलम देवी बताती है अपना एक ट्रेक्टर भी है। जिसे उसका पति खुद चलाकर परिवार का भरन पोषन व अपने भाई बहन को पढ़ाता था। घर के सभी लोगों खुश थे। फिर अचनक प्रकाश मुंडा की मौत से घर में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। निलम देवी कहती है कि हेलमेट पहन कर बाइक चला रहा होता तो आज उसका पति जीवित होता। बिना हेलमेट, तेज रफ्तार व नशा का सेवन कर बाइक चलाने के कारण कितने युवा दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। जिस प्रकार से आज हमने अपने पति को खोया है। दूसरा कोई अपना बेटा व पति न खोए इसके लिए सभी को अपने घर के युवाओं को सड़क सुरक्षा कानून की जानकारी देना जरूरी है।

## कंजिया में भाजपा युवा मोर्चा की बैठक



**मांडर।** प्रखंड के कंजिया में रविवार को भाजपा युवा मोर्चा की विधानसभा स्तरीय चुनावी बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता विधानसभा युवा संपर्क प्रमुख राजीव गुप्ता ने की। बैठक में आठ मंडलों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, और महामंत्री उपस्थित रहे। जिन्हें आगामी चुनाव से संबंधित अहम जानकारी और कार्यक्रमों के दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान कार्यकताओं को चुनावी रणनीति पर चर्चा करते हुए विभिन्न सुझाव और योजनाएं प्रस्तुत की गईं। बैठक में राष्ट्रीय सचिव रोहित चहल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। साथ ही विधानसभा संयोजक सतीश सह, जिलाध्यक्ष भाजयुमो विवेकानंद जायसवाल, मांडर युवा मोर्चा प्रभारी अशीष, अमिताभ, उमेश महतो, शशिकांत सिंह, और आईटी सेल सह संयोजक रितेश भारद्वाज अविनाश गुप्ता, दीपक पांडे, राहुल सिंह, रविन्द्र उरांव, कमलेश, कारण कुमार, बजरंग सिंह, ब्रजेश ठाकुर, जयमंगल पाहन, नवीन केसरी, अंकित सोनी और सुदीप सहित कई युवा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# संवाद का गिरता स्तर

झारखंड और महाराष्ट्र में आयोजित चुनाव में राजनीति आरोप-प्रत्यारोप का लगातार तीखा होना वर्तमान राजनीति में असहनीय होता जा रहा है। विशेषकर झारखंड में नेताओं की संवाद शैली शांत और बेहतर रही है। लेकिन पिछले दिनों कांग्रेस के नेता ने जिस प्रकार का ब्यान माननीय पूर्व विधायक सीता सोरेन को लेकर दिया वह किसी भी तरह स्वीकार्य नहीं है। कांग्रेस के डॉ इरफान अंसारी सिर्फ विधायक ही नहीं है वे एक पुराने कांग्रेसी परिवार के सदस्य है। वे एक राज्य के सम्मानित मंत्री हैं। ऐसे में जिस शब्द का इस्तमाल उन्होंने माननीय सीता सोरेन के प्रति किया है उसे किसी भी तरह से क्षमा योग्य नहीं कहा जा सकता है। राजनीति में दलगत आरोप प्रत्यारोप लोकतांत्रिक प्रकिया है। देश में दर्जनों ऐसे उदाहरण है जब पूरा देश ऐसे किसी भी ब्यान को एक स्वर से अस्वीकार करता है, आलोचना करता और संबंधित व्यक्ति को न्यायालय तक जाकर माफी मांगना होता है। आज की तारीख में आधी आबादी का सम्मान देश और झारखंड के लिये एक बड़ी जबावदेही है। राजनीति में अच्छे लोग आये इसके लिये जयप्रकाश नारा ने नारा दिया था और विशेषकर महिलाओं को सम्मान और पद के लिये भी आह्वावान किया था। आज संवाद का स्तर जिस प्रकार गिरता जा रहा है वह चिंता का विषय तो है ही विमर्श का धुरी भी होना चाहिए। यह तय है कि जिम्मेदार व्यक्तियों की सूची में विधायक, सांसद सबसे उपर होते हैं। इन्हीं पर भरोसा कर आम लोग राज्य के विकास की उम्मीद करते हैं। झारखंड महिलाओं के समता भाव और मेहनतकश समाज के लिये पूरे देश में जाना जाता है। इस दृष्टिकोण से किसी भी मंत्री, विधायक या सांसद से इस प्रकार की वाणी की जितनी आलोचना हो वह कम है। ऐसे संवाद सदा के लिये बंद हो यह हम सब के लिये सुखद और अनुकरणी होगा।

## कार्टून वर्ल्ड




## आज का राशिफल

मेष : कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8

वृष : यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8

मिथुन : शनै-शनै स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9

कर्क : मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यो को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9

सिंह : कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7

कन्या : अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-4-6-8

तुला : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7

वृश्चिक : अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। शुभांक-5-6-8

धनु : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

मकर : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9

कुंभ : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9

मीन : भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-5-6

# पीएम इंटर्नशिप योजना युवाओं के लिये बड़ा अवसर




**देश** के युवाओं का एक बड़ा वर्ग किसी निजी कंपनी द्वारा नौकरी पर रखे जाने से कोसों दूर है। इस संदर्भ में, हाल ही में शुरू की गई पीएम इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) युवा सशक्तीकरण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता द्वारा समर्थित एक बाजार-आधारित और युवाओं द्वारा संचालित समाधान पेश करती है।

पीएमआईएस को युवाओं के एक विशिष्ट समूह को शीर्ष 500 कंपनियों में 12 महीने की इंटर्नशिप का अवसर प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। कम आय वाले परिवारों के 21-24 वर्ष की आयु और मैट्रिक से लेकर स्नातक तक (आईआईटी स्नातक, सीए आदि को छोड़ कर) की शैक्षणिक योग्यता रखने वाले युवा इस योजना के पात्र हैं। यह योजना 5000 रुपये का मासिक स्टाइपेंड प्रदान करती है, जिसे सरकार (4500 रुपये) और कंपनी (500 रुपये) द्वारा संयुक्त रूप से वित्त पोषित किया जाता है। साथ ही, आकस्मिक व्यय के लिए अतिरिक्त 6000 रुपये भी दिए जाते हैं। इस योजना के प्रायोगिक चरण का लक्ष्य 2024 में 1.25 लाख युवाओं को लाभान्वित करना है, जबकि पांच वर्ष में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप की सुविधा प्रदान करने का लक्ष्य है। इस योजना के तहत खर्च के लिए कंपनियां अपने सीएसआर फंड का भी उपयोग कर सकती हैं।

लंबे समय से इंटर्नशिप को युवा उम्मीदवारों और नियोक्ताओं के बीच पारस्परिक रूप से लाभप्रद एक व्यवस्था के रूप में जाना जाता रहा है। शिक्षा से जुड़े शोधकर्ताओं और शिक्षण से संबंधित वैज्ञानिकों ने कार्य-आधारित शिक्षा के महत्व को पहचाना है। डेविड कोल्ब्स, जॉन डेवी, कर्ट लुईस एवं कई अन्य विद्वानों द्वारा प्रवर्तित अनुभवात्मक शिक्षण से संबंधित दृष्टिकोण, विभिन्न अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों के अनुसार श्रमशक्ति के विकास के महत्वपूर्ण साधन साबित हुए हैं। इंटर्नशिप वास्तव में संवाद, सहयोग, रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच को बेहतर बनाती है।

युवा उम्मीदवारों के लिए पीएमआईएस के तहत प्रदान किए जाने वाले इंटर्नशिप न केवल अवसर हैं बल्कि परिवर्तनकारी अनुभव भी हैं। वे कॉरपोरेट जगत की वास्तविक दुनिया से परिचित कराती हैं, जो देशभर के अधिकांश कॉलेजों में पढ़ाई जाने वाली शिक्षा की अपेक्षाकृत अधिक व्यवस्थित एवं स्थिर दुनिया से काफी भिन्न है। अपने करियर की सर्वोत्तम राह को विकसित करने और पहचानने के अलावा उम्मीदवार जिम्मेदारी संभालने, समस्या के समाधान, निर्णय लेने, टीम वर्क और समय के प्रबंधन के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण भी हासिल कर सकते हैं। इंटर्नशिप प्रवेश से संबंधित उन बाधाओं को भी तोड़ देती है, जिससे छोटे शहरों व गांवों के प्रतिभाशाली, ईमानदार और समर्पित युवाओं को भी जूझना पड़ता है। इन बाधाओं में धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलना, ई-मेल से जुड़ा शिष्टाचार, कंप्यूटर व एमएस ऑफिस का उपयोग करना या विश्वसनीय एवं सर्वाधिक प्रासंगिक जानकारी के लिए इंटरनेट पर खोज करने जैसी बुनियादी चीजें शामिल हैं।



- वी अनंत

> जैसा कि कहा गया है, कंपनियों में बड़ी संख्या में प्रशिक्षुओं को वास्तविक रूप से समायोजित करने, शीर्ष 500 कंपनियों को श्रेणी-2 और श्रेणी-3 वाले शहरों से आने वाले प्रशिक्षुओं को नियुक्त करने और किसी अभ्यर्थी को उसके शहर से बाहर स्थानांतरित करने की आवश्यकता होने पर पर्याप्त मात्रा में मासिक स्टाइपेंड की उपलब्धता जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं।

देश के प्रमुख संस्थानों एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में जहां इंटर्नशिप प्रचलन में है, वहीं कैरियर संबंधी परामर्श एवं नौकरी-उन्मुख नेटवर्किंग की कमी के कारण राज्य स्तरीय विश्वविद्यालयों और कम प्रसिद्ध कॉलेजों में, यह एक असामान्य चीज बनी हुई है। इन्हीं राज्य स्तरीय विश्वविद्यालयों और कम प्रसिद्ध कॉलेजों में अधिकांश युवा पढ़ते हैं। इस तरह, पीएमआईएस के जरिए बड़े पैमाने पर प्रदान किए जाने वाले इंटर्नशिप गैर-मेट्रो शहरों के युवाओं के लिए समान अवसर प्रदान करती है और संभावित प्लेसमेंट के लिए दरवाजे खोलने का काम करती है। व्यक्तिगत स्तर पर, नई मिली आर्थिक आजादी आत्मविश्वास बढ़ाती है और युवा प्रतिभाओं को बेहतर करने और ऊंचे लक्ष्य रखने के लिए प्रेरित करती है। युवतियों के मामले में, आर्थिक आजादी और आत्म-मूल्य की भावना शादी की उम्र और विवाह के पूर्व की शर्तें जैसी जीवन के फैसलों में बदलाव ला सकती है।

12 महीनों के दौरान कंपनी विश्वसनीय रूप से एक प्रशिक्षु के आईक्यू का आकलन कर सकती है और आत्मविश्वास के साथ ह्लप्रवृति के लिए नियुक्ति और कौशल के लिए प्रशिक्षणः की बहुप्रशंसित रणनीति को लागू कर सकती है।

व्यापक स्तर पर अर्थव्यवस्था की दृष्टि से पीएमआईएस राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप है और यह युवाओं के रोजगार को बढ़ावा देने एवं वंचित पृष्ठभूमि के युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाओं में समानता लाने का एक तात्कालिक उपाय है। शिक्षा पूरी कर चुके युवाओं के लिए एक फिनिशिंग स्कूल के रूप में कार्य करके, इंटर्नशिप अर्थव्यवस्था में ह्यरोजगार रहित प्रतिभाह्व के भारी नुकसान को कम करने में मदद करती है। आने वाले एआई के युग में, शिक्षा से लेकर रोजगार तक की ऐसी कड़ी और भी महत्वपूर्ण साबित होगी, जहां नौकरी के लिए उपयुक्तता परिवर्तन एवं जीवन कौशल के प्रति अनुकूलनशीलता द्वारा निर्धारित की जाएगी। दीर्घकालिक अवधि में, यह मैन्यूफैक्चरिंग के क्षेत्र में पूंजी और श्रम के बीच के अनुपात को भी प्रभावित कर सकती है।

जैसा कि कहा गया है, कंपनियों में बड़ी संख्या में प्रशिक्षुओं को वास्तविक रूप से समायोजित करने, शीर्ष 500 कंपनियों को श्रेणी-2 और श्रेणी-3 वाले शहरों से आने वाले प्रशिक्षुओं को नियुक्त करने और किसी अभ्यर्थी को उसके शहर से बाहर स्थानांतरित करने की आवश्यकता होने पर पर्याप्त मात्रा में मासिक स्टाइपेंड की उपलब्धता जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं। इस संबंध में दूरस्थ कार्य की व्यवस्था, गैर-मेट्रो कार्यालयों एवं कारखानों में भर्ती, और कंपनी द्वारा अतिरिक्त स्टाइपेंड संभावित समाधान हो सकते हैं।

इस प्रकार, पीएमआईएस रोजगार सृजन का एक ऐसा उत्प्रेरक है जिसके व्यापक प्रचार और सावधानीपूर्वक कार्यान्वयन की आवश्यकता है। इसका लक्ष्य लगातार भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश के साथ बेहतर तालमेल बिठाना है। इस योजना के शुभारंभ के बाद से कॉरपोरेट जगत द्वारा दिखाई गई अत्यधिक रुचि भारतीय युवाओं को कुशल बनाने, उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ावा देने और उनकी आजीविका को बेहतर बनाने के इस योजना के लक्ष्य की सफलता की दृष्टि से एक अच्छा संकेत है।

## लेटर टू एडिटर

### सौर ईंधन

**देश** में पेट्रोल-डीजल की खपत में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है। जब खपत में वृद्धि होगी तो इसकी कीमतों में भी उछाल आएगा। ऐसी स्थिति में सरकार को सौर ऊर्जा संयंत्रों और इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर ध्यान देने की जरूरत है। हाल ही में चीन ने सौर ऊर्जा से चलने वाले वाहन बनाए हैं जो सूर्य ऊर्जा न रहने पर भी काम करेगा। इस पर तकनीकी रूप से बहुत ज्यादा काम हुआ है। भारत को भी ऐसा करने की जरूरत है। तभी पेट्रोल-डीजल की खपत और और इसकी बढ़ती कीमतों से निजात मिल सकती है।

**-राहुल उपाध्याय, रांची**

### नशे का कारोबार

**देश** में बढ़ते नशीले पदार्थों की तस्करी पर चिंता व्यक्त करने वाला था। देश में नशीले पदार्थों की चोरी-छिपे खेप पड़ोसी देश अफगानिस्तान से ईरान के रास्ते हमारे देश में पहुंचती है। नशीले पदार्थों के गोरख धंधों के लिए इंटरनेट की आधुनिक तकनीक तथा कोरियर सर्विस का इस्तेमाल किया जा रहा है। **- रवि, गुमला**

## ट्वीट

**जिस** दवा को पूरी दुनिया में पाबंदी लगाई दी गई थी। वह दवा ये लोग देश में बांटते रहे, उसके बदले चंदा लेते रहे। इन्होंने फर्जी दवा देकर पूरे देश के लोगों के साथ धोखा किया। इसका परिणाम है कि आज उत्पाद सिपाही भर्ती में हमारे नौजवानों की मौत हुई और इनकी यह चोरी भी पकड़ी जाएगी।

**- हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री**

झारखंड वालों,
मैं आज आपसे ये कहने आया हूं कि हम राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर बनाएंगे।
ताकि कोई विदेशी घुसपैठिया अपना आधार कार्ड न बनवा पाए, वोटर लिस्ट में अपना नाम न लिखवा पाए।

**- शिवराज सिंह चौहान,**
केन्द्रीय कृषि मंत्री

# विभिन्न कलाओं से जगमगाती दिवाली

धीरज बसाक

## चिकित्सा

रोशनी का पर्व दिवाली न सिर्फ पारंपरिक कला व सौंदर्य की दृष्टि से मनभावन है बल्कि इसका सदियों पहले से ही भारतीय कलाओं में जबर्दस्त प्रभाव दिखता है। सच बात तो यह है कि कला के हर क्षेत्र ने दिवाली को अपनी तरह से अभिव्यक्ति का माध्यम माना है और अपनी अपनी तरह से इसके सौंदर्य को अभिव्यक्त किया है। मसलन भारतीय चित्रकला में दीपावली के पर्व को सौंदर्य, रचनात्मकता और धार्मिकता को एक साथ पिरोकर अभिव्यक्ति की है। कुछ ऐसा ही प्रभाव मूर्तिकला और लोककलाओं में भी देखने को मिलता है। संगीत व नाट्य-कला की अभिव्यक्तियों में भी दिवाली का प्रभाव जगमगाता है।

### चित्रकला में दिवाली चित्रण

भारतीय चित्रकला में दीपावली का बहुत गहरा प्रभाव है। राजस्थानी मिनिएचर पेंटिंग, मधुबनी कला और कालीघाट पेंटिंग इस दीप पर्व के सौंदर्य में रची-बसी हैं। इन सभी चित्रकलाओं में दीपों को खूबसूरती से चित्रित किया गया है, जिसमें पारंपरिक लोकाचार और धार्मिक भावनाएं संवेदनशीलता के साथ उभारी गई हैं। इस पर्व को खुशी, उल्लास, विजय, शांति और ज्ञान के प्रतीक रूप में प्रस्तुत किया गया है। राजस्थानी मिनिएचर पेंटिंग में दीपावली के दृश्यों की भरमार है, जो चटख रंगों से ओतप्रोत और अभिव्यक्तियों की दृष्टि से जटिल होते हैं। दीपों से जगमगाते घर, आंगन में झिलमिलाती दीपमालिका, लक्ष्मी पूजन, विराट आतिशबाजी और एक-दूसरे के साथ दीप पर्व का उल्लास बांटते लोग, इन कला के प्रमुख चित्र हैं।

मधुबनी चित्रकला में भी दीपों और देवी लक्ष्मी की आकृतियों को जोरदार तरीके से उकेरा गया है। यहां देवी-देवताओं की पूजा, घरों के प्रवेशद्वार पर रंगोली और लक्ष्मी पूजन तथा दीपों का सुंदर चित्रण देखने को मिलता है। ये सभी प्रतीक चित्रण दीपावली को समर्पित हैं। कालीघाट पेंटिंग में भी देवी लक्ष्मी और काली की पूजा को केंद्रित किया गया है। इस कला का सर्वाधिक चित्रण दीपावली के आसपास होता है, ताकि लोग महानिशा की पूजा के लिए ये पेंटिंग्स खरीद सकें।

### लोककला में दिवाली

चित्रकला की तरह ही भारत के विभिन्न क्षेत्रों की लोककलाओं में भी दीपावली का भरपूर प्रभाव देखने को मिलता है। दिवाली के मौके पर घरों के प्रवेशद्वार पर सजी रंग-बिरंगी रंगोलियों में दीपावली का पर्व इंद्रधनुषी रोशनियों में झिलमिलाता है। रंगोली को भारतीय संस्कृति में शुद्धता, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। इसलिए दीपावली के मौके पर घरों के आंगन, प्रवेशद्वार और बैठकों में अंदर-बाहर जो रंगोलियां बनायी जाती हैं, वे दीपोत्सव की ही छटा बिखेरती हैं। रंगोलियां विभिन्न प्रकार के रंगों और प्राकृतिक चीजों मसलन- फूल, पत्तियां, चावल, हल्दी और ऐसी कई दूसरी चीजों के जरिये बनायी जाती हैं। दक्षिण भारत में भी लोककलाओं के रूप में रंगोली को कोलम कहा जाता है।

### मूर्तिकला में जगमगाती दिवाली

दीपावली का प्रभाव मूर्तिकला में भी खूब देखने को मिलता है। यह अकारण नहीं है कि दिवाली के करीब एक महीने पहले से ही बाजार में देवी लक्ष्मी और गणेश की तरह-तरह की मूर्तियों का अम्बार लग जाता है। घरों से लेकर मंदिरों तक लोग अक्सर दिवाली के मौके पर पूजा और घर की सजावट के लिए मूर्तियां खरीदते हैं तथा इस मौके पर बिकने वाली मूर्तियों में दिवाली की अदृश्य उपस्थिति को रोम-रोम से महसूस किया जा सकता है। टेराकोटा मूर्तियां जो आमतौर पर सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश में बनती हैं। टेराकोटा मूर्तियों में सबसे ज्यादा देवी लक्ष्मी और गणेश की मूर्तियां बनती हैं, जो कि दिवाली का प्रतीक हैं।

### नाट्य-संगीत क्षेत्र में दिवाली

अगर नाट्य और संगीत के क्षेत्र में दिवाली के प्रभाव का आंकलन करें तो यहां पर भी दीपावली को बहुत महत्वपूर्ण पल के रूप में लिया गया है। नाट्य और संगीत पर दीपावली का सांस्कृतिक प्रभाव स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। दीपावली त्योहार के मौके पर अनेक तरह के लोक उत्सव होते हैं, जिनमें सबसे ज्यादा नृत्य और संगीत के कार्यक्रम ही होते हैं, जिनमें दीप जलाने, संगीत की धुन में नाचने, गाने आदि की पृष्ठभूमि में दीपावली का प्रभाव झिलमिलाता रहता है। भारतीय शास्त्रीय संगीत में दीपावली के अवसर पर विभिन्न रागों के संगीत कार्यक्रम आयोजित होते हैं। शास्त्रीय कला में भी दीपक राग जैसा अद्भुत राग है, जो दीपावली को ही समर्पित है।

# बढ़ती उम्र में तलाशें खुशियों की वजह

शिखर चंद जैन

## समाज

अक्सर 40 प्लस यानी प्रौढ़ अवस्था में पहुंचने के बाद हर जन्मदिन पर लोग खुश होने की बजाय चिंतित होने लगते हैं, कभी उनका ध्यान अपनी ढीली पड़ती स्किन की ओर जाता है, तो कभी सफेद बालों की ओरङ्क बुढ़ापे का डर उनकी उमंग को कम कर देता है और वे हर वक्त हैरान-परेशान से रहने लगते हैं। लेकिन व्यवहार विशेषज्ञों, मनोवैज्ञानिकों, समाजशास्त्रियों और चिकित्सकों की मानें तो बढ़ती उम्र में खुश रहने के भी कई कारण हैं। कई चीजें उम्र के साथ बेहतर होती हैं।

### आत्मविश्वास

कोलकाता के फोर्टिस होस्पिटल के मनोविज्ञानी डॉ. संजय गर्ग कहते हैं कि ज्यों-ज्यों आपकी उम्र बढ़ती है, आप पहले से ज्यादा आत्मविश्वासी हो जाते हैं। इसकी मूल वजह यह है कि आप समस्याएं झेल चुके होते हैं, अच्छे-बुरे दौर से गुजर चुके होते हैं और तमाम लोगों से आपका साबका-सरोकार पड़ चुका होता है। ये चीजें आपको कड़वे-मीठे अनुभव देती हैं और परिपक्व बनाती हैं।

### अपनेपन का अहसास

कच्ची उम्र या जवानी का प्यार अक्सर काल्पनिक, अवास्तविक उम्मीदों का शिकार हो जाता है और कई बार परवान ही नहीं चढ़ पाता। लेकिन पार्टनर के साथ विश्वास, अंतरंगता, अपनापन और सुरक्षा का अहसास प्रौढ़ावस्था और उसके बाद ही मिलता है। ह्यसेप्टेम्बर सौंग्सः दी गुड न्यूज अबाउट मैरिज इन दी लैटर ईयर्सह्व की लेखिका मैगी स्कार्फ कहती हैं, ह्यउम्रदराज जोड़ों में स्नेह और प्यार बढ़ता है और वे जब भी आई लव यू कहते हैं, गंभीरता से कहते हैं।ह्व

### सोशल नेटवर्क

उम्र बढ़ने के साथ-साथ मित्रों, परिचितों और परिजनों की संख्या, उनके साथ आत्मीयता और सद्व्यवहार बढ़ जाता है। जिन लोगों के बुरे वक्त में आप साथ दे चुके हैं या जिनकी खुशी में शामिल होकर उनका उत्साह बढ़ा चुके हैं, वे दिल से आपके मुरीद हो जाते हैं और वक्त पड़ने पर आपका साथ देने के लिए तत्पर रहते हैं। इस प्रकार आपका एक अच्छा खासा सामाजिक सपोर्ट सिस्टम तैयार हो जाता है, जो किशोर या युवावस्था में कम लोगों के पास होता है।

### निर्णय क्षमता

प्रेसीडेंसी यूनिवर्सिटी कोलकाता की समाजशास्त्री प्रो. सुमिता साहा कहती हैं, ह्यजब आप परिपक्व और उम्रदराज होने लगते हैं, तो आपकी निर्णय क्षमता बढ़ने लगती है। इससे आप ज्यादा अच्छे और सही निर्णय लेने लगते हैं। जबकि युवावस्था में लिए गए निर्णय अक्सर हड़बड़ी में लिए गए, अनुभवहीन और अधपके होते हैं। ऐसे कई निर्णय आगे चलकर गलत साबित होते हैं।

### सहानुभूति

यूनिवर्सिटी ऑफ मिशिगन के शोधकर्ताओं ने अपने अध्ययन में पाया कि 50-59 साल उम्र की महिलाएं दूसरों के प्रति ज्यादा सहानुभूति रखती हैं। इससे उनकी लोकप्रियता और समाज में सम्मान बढ़ता है। एरीजोना स्टेट यूनिवर्सिटी के मनोविज्ञान विभाग की प्रमुख एलिजाबेथ ग्लिस्कली कहती हैं, ह्यअनुभव और उम्र के अलग-अलग पड़ाव हमें दूसरों के सुख-दुख और मनोभाव समझने की सूझबूझ देते हैं।

### शब्दावली

अध्ययन बताते हैं कि हमारी बोलचाल की शब्दावली उम्र के साथ-साथ इम्प्रूव होती जाती है। ऐसा ज्यादा लोगों से बातचीत के दौरान ग्रहण किए गए शब्दों के कारण होता है। जिन लोगों को पत्रिकाएं, किताबें और अखबार पढ़ने की आदत होती है, उन्हें और भी ज्यादा फायदा होता है। इससे आप अपने भावों की अभिव्यक्ति बेहतर तरीके से कर सकते हैं।

### सहनशीलता

जैसे-जैसे आपकी उम्र बढ़ती है, वैसे-वैसे रक्त का उबाल कम हो जाता है। युवावस्था में जहां आप बात-बात पर उत्तेजित हो जाते हैं, मारपीट या झगड़े पर उतारू हो जाते हैं, वहीं प्रौढ़ावस्था में कई बातों पर चुप्पी मारना भी सीख जाते हैं क्योंकि आप इन चीजों की व्यर्थता को देख चुके होते हैं। इस उम्र में आपकी सहनशीलता बढ़ जाती है और छोटी-मोटी चीजों को आप नजरअंदाज करना सीख जाते हैं।

### वर्क-लाइफ बैलेंस

युवावस्था में 20 से 30 के दौर में हम कम अनुभवी होते हैं और खुद को दुनिया और पैरेन्ट्स के सामने साबित करने की चुनौती होती है। हम खुद को हर वक्त परेशान पाते हैं। अक्सर एक काम करने के चक्कर में दूसरा छूट जाता है। लेकिन उम्र बढ़ने पर हम वर्क-लाइफ बैलेंस की कला बखूबी सीख जाते हैं। प्राथमिकताओं को तय करना आ जाता है और टाइम मैनेजमेंट की कला भी।

### एलर्जी

एलर्जी एंड अस्थमा मेडिकल ग्रुप एंड रिसर्च सेंटर सैन डियेगो के सह निदेशक माइकल जे. वेल्च कहते हैं कि उम्र बढ़ने के साथ सीजनल एलर्जी की शिकायत काफी हद तक कम हो जाती है। साथ ही बुजुर्गों में फूड एलर्जी की समस्या भी काफी हद तक कम हो जाती है।

## स्पीड न्यूज़

### विस चुनाव को लेकर भुरकुंडा पुलिस और बीएसएफ के जवानों ने किया फ्लैग मार्च



भुरकुंडा (रामगढ़)। बड़कागांव विधानसभा चुनाव को लेकर रविवार को भुरकुंडा ओपी क्षेत्र में भुरकुंडा पुलिस और बीएसएफ-78 बटालियन कंपनी के जवानों ने फ्लैग मार्च कर क्षेत्र की स्थिति का जायजा लिया। इस क्रम में जवानों ने पटेलनगर, सुंदर नगर, बोतल मोड़, भुरकुंडा बाजार आदि क्षेत्रों का जायजा लेते हुए कई मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान जवानों ने ग्रामीणों से अपने अधिकार का प्रयोग करते हुए हर हाल में मतदान करने की अपील की। फ्लैग मार्च में भुरकुंडा ओपी के एसआई अविनाश कुमार, बीएसएफ-78 बटालियन कंपनी के जवान शामिल थे।

### सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन



भुरकुंडा (रामगढ़)। सेवा मंच ने इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट में ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले लगभग 125 गरीब-जरूरतमंदों को भोजन कराया। सेवा मंच के बैनर तले भदानीनगर निवासी स्व. रत्नेश्वर प्रसाद की छठी पुण्यतिथि के अवसर पर उनके पुत्र जितेंद्र मंडल, अशोक मंडल, पुत्री सुनीता देवी एवं आशीष मंडल द्वारा गरीबों को भोजन कराया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्व. रत्नेश्वर प्रसाद के तस्वीर पर उनके परिजनों ने पुष्प अर्पित कर किया। इसके बाद मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, जितेंद्र मंडल, अशोक मंडल, पुत्री सुनीता देवी एवं आशीष मंडल ने जरूरतमंद महिला-पुरूष व बच्चों के बीच भोजन का वितरण किया।

### भुरकुंडा में कराटे ग्रेडिंग टेस्ट



भुरकुंडा (रामगढ़)। मार्शल आर्ट सितोरियु कराटे फेडरेशन के तत्वाधान में भुरकुंडा पंचायत सचिवालय प्रांगण में चल रहे दो दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर सह ग्रेडिंग टेस्ट का रविवार को समापन हुआ। शिविर में मुख्य प्रशिक्षक सिन्होन जीबी थापा द्वारा कराटेकारों का ग्रेडिंग टेस्ट लिया गया। भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान और जीबी थापा ने सफल कराटेकारों को विभिन्न बेल्टों की उपाधि से नवाजते हुए प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। इसमें हाफ ग्रीन बेल्ट में भूमि कुमारी, सोनी कुमारी, चौथा क्यू में मो. नवीन, मो. अजीज, तीसरा क्यू के ब्राउन बेल्ट में खुशी कुमारी, मो. अजीज, ब्राउन बेल्ट प्रथम क्यू में विकास कुमार भारती, रियांश राज, सिमरन टोप्पो को पुरस्कृत किया गया। शिविर को सफल बनाने में स्मृति मुंडा, कमलनाथ सिंह, सूरज करमाली, राजेश मुंडा, शिक्षक रंजीत कुमार व शिवांश राज आदि का विशेष योगदान रहा।

### वाल्मीकि सदन ने जीता फुटबॉल टूर्नामेंट



भुरकुंडा (रामगढ़)। बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित ए ला एंग्लोज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में शनिवार को अंतर सदनीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। टूर्नामेंट में विद्यालय के छह सदन बाल्मीकि, नेताजी, बुद्ध, अशोक, आर्यभट्ट और टैगोर सदन ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट का शुभारंभ प्राचार्य विजयंत कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त व शुभकामनाएं देकर की। टूर्नामेंट में कुल 5 मैच खेले गये। हुरूमगढ़ा के कूप मैदान में आयोजित टूर्नामेंट का पहला मैच नेताजी सदन बनाम अशोक सदन के बीच हुआ। इसमें अशोक सदन ने 0-1 गोल से जीत हासिल की। अशोक सदन के पुष्कर कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरा मैच आर्यभट्ट सदन बनाम बाल्मीकि सदन के बीच हुआ। जिसमें वाल्मीकि सदन 0-3 गोल से जीत दर्ज की।

### टेबल टेनिस प्रतियोगिता 29 को

भुरकुंडा (रामगढ़)। पटेलनगर भुरकुंडा स्थित जेएम कालेज में 29 अक्टूबर को विनोबा भावे विश्वविद्यालय स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता का नेतृत्व मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. सत्येंद्र नारायण सिंह व खेल प्रशिक्षक हृदय नारायण सिंह करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए खेल प्रशिक्षक हृदय नारायण सिंह ने बताया कि विश्व विद्यालय से संबद्ध कालेज 28 अक्टूबर को संध्या 4 बजे तक अपना नाम दर्ज करा सकते हैं।

### भाजपाईयों ने सुनी मन की बात



रामगढ़। रामगढ़ कैंट मंडल के बूथ संख्या 46 पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम भाजपा रामगढ़ जिला उपाध्यक्ष रंजन फौजी के नेतृत्व में सुनी गयी। ऋषिकेश सिंह, अजीत गुप्ता, नीरज सिंह, संतोष सिंह, फणींद्र सिंह, जवाहर राय, शैलेंद्र राय, केशव राय, अरविंद राय, तुलसी सिंह, अमरेंद्र सिंह, शारदा देवी, यशोदा देवी, निर्मला देवी, पूजा कुमारी, खुशबू कुमारी, सुषमा कुमारी आदि उपस्थित थे।

### मतदाता जागरूकता अभियान

रामगढ़। विधानसभा चुनाव को लेकर स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो के द्वारा रविवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आंगनबाड़ी सहिया,बीएलओ के द्वारा पतरातु, मांडू, चितरपुर, गोला, दुलमी एवं रामगढ़ में डोर टू डोर चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान। विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित किए गए यथा रंगोली प्रतियोगिता,पेंटिंग प्रतियोगिता, मतदाता जागरूकता सहित कई विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया।

# बरही में कांग्रेस से दो प्रत्याशियों ने भरा पर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग। बरही विधानसभा से केदार पासवान व अरुण साव इन दो उम्मीदवारों ने कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में से अपना नामांकन दाखिल किया है। इस बात की चर्चा पूरे बरही विधान सभा में हो रहा है। कांग्रेस की सिंबल अरुण साव को मिला, किस आधार पर केदार पासवान ने कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में परचा दाखिल किया। आखिर ऐसी नौबत क्यों आयी। इस बात की जानकारी लेने के लिए खबर मन्त्र संवाददाता ने केदार पासवान से दूरभाष के जरिये बातचीत की। केदार पासवान ने इस मामले पर बताया कि कही भी किसी तरह की असमंजस की स्थिति नहीं थी। झारखंड में जब टिकट बंटवारा हो रहा था तो विधानसभा के

**दलित के बेटे के साथ भद्दा मजाक करती है पार्टी: केदार पासवान**

टिकट होल्ड पर रखे गए थे। उसमे बरही और कांके विधानसभा भी शामिल थे। कांग्रेस की सीसी के दौरान मैंने बरही से चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की थी क्योंकि ये मेरा कर्म क्षेत्र है। स्क्रीनिंग के दौरान हम तीन लोग उमाशंकर अकेला, केदार पासवान और अरुण साव ने अपनी अपनी दावेदारी पेश की थी। मुझसे ये कहा गया था कि बरही सीट की दावेदारी मैं छोड़ दूं। कांके चूकि रिजर्व सीट है और मैं वहा रहता हूं तो मेरे लिए काके की सीट ठीक रहेगी। बाद में मेरी कांके की सीट की दावेदारी इस बात पर काट दी गयी की मैं वहा का लोकल निवासी नहीं हु। मुझे फिर बरही सीट का



आश्वासन दिया गया। मैं यहाँ आया और नामांकन प्रपत्र लिया। बाद में मुझे पता चला की उमाशंकर अकेला को टिकट मिल सकता है। मैं और श्री अकेला टिकट के दौड़ में थे। वे सिटींग विधायक भी थे। रातो रात अचानक अरुण साहू फ्रेम में आ गए। ना मुझे टिकट मिला और ना ही सिटींग विधायक को टिकट मिला। ये कौन सा जादू था। अकेला कांग्रेस के सिटींग विधायक थे जिनका टिकट काट दिया गया। केदार पासवान ने बताया कि उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में भी नामांकन पत्र डाला है।

केदार पासवान ने कहा की बरही में 90,000दलितों की आबादी है। लेकिन पार्टी को एक नुमाइंदा नहीं मिलता है। हमेशा दलित उम्मीदवार को दरकिनार किया जाता है। राहुल गाँधी दलितों की उत्थान की बातें करते है। टिकट बांटते समय कहा चला जाता है दलित प्रेम। दलित के बेटो को क्यों नजरंदाज किया जाता है। मैं पार्टी का सच्चा सिपाही हूं। अगर मुझे शुरू में ही बोल दिया जाता की टिकट नहीं मिलेगा तो मैं एक सच्चे सिपाही की तरह जिसे पार्टी टिकट देती उसका सपोर्ट करता। लेकिन दलित समझकर कभी कांके, कभी बरही दौड़ाया गया।

# बरही में इस बार परिवर्तन की लहर : मनोज यादव



बरही। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा प्रत्याशी और पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने पदमा प्रखंड के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने महकोल, बिहारी, तिलिर, करमा, और सूजी सहित अन्य गांवों में जाकर लोगों से मुलाकात की और अपने पक्ष में समर्थन मांगा। बारिश की परवाह किए बिना यादव ने कई ग्रामीणों से व्यक्तिगत रूप से संवाद किया, उनके सवालों का जवाब दिया और आगामी चुनावों में भाजपा का समर्थन करने का आग्रह किया। लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी मनोज यादव ने कहा, भले ही पिछला चुनाव मैंने हारा था, लेकिन मैं अपने लोगों से कभी दूर नहीं हुआ। मैंने हर परिस्थिति में जनता के साथ खड़े रहने की कोशिश की है और अपनी सेवा में कोई कमी नहीं छोड़ी है। मुझे कभी एहसास नहीं हुआ कि मैं चुनाव हारा हूँ, क्योंकि जनता के बीच मैं हमेशा रहा हूँ। यादव ने यह भी कहा कि बरही के लोगों में अब भाजपा के प्रति जबरदस्त उत्साह है और इस बार उन्होंने दृढ़ निश्चय कर लिया है कि बरही में भाजपा का कमल खिलाना है।

## अरुण साहू को दें आशीर्वाद : साबी देवी



बरही। प्रखंड के केदारुत के कजरा, खैरौन एवं गोरियाकर्मा में कांग्रेस पार्टी की ओर से बरही विधानसभा सीट के प्रत्याशी अरुण साहू के समर्थन में प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में माता साबी देवी ने गांव में जाकर ग्रामीणों से मिलकर कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उनका उद्देश्य था कि क्षेत्र के लोग कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू को समर्थन देकर एक मजबूत और विकसित बरही का निर्माण करें।

साबी देवी ने ग्रामीणों को कांग्रेस की विचारधारा और अरुण साहू के विकास के प्रति प्रतिबद्धता के बारे में जागरूक किया। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि अरुण साहू की जीत से बरही क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है, साथ ही कांग्रेस के कार्यकताओं का भी सहयोग प्राप्त होगा, जो क्षेत्र की समस्याओं को हल करने में सहायक होगा।

## झामुमा प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव ने की बैठक




बरकट्ठा। इंडिया गठबंधन के झामुमो के प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव ने इंडिया गठबंधन के नेताओं के साथ बैठक कर रणनीति बनाई। सभी को जीत कई दिया टिप्स. बैठक की संचालन कुदुस अंसारी ने किया। झामुमो के केंद्रीय महासचिव संजीव बैदिया ने कहा की इस बार फिर हेमंत सोरेन की सरकार बनेगी। सरकार ने कई विकास कार्य किया है। मईया सामान योजना, सभी को बिजली बिल , कृषि ऋण माफ किया है। करोना काल में मजदूरों को घर पहुंचाय. जनता पुनः हेमंत सोरेन की सरकार बनाएगी. भाजपा को भी अड़े हाथो लिया कहा की घुसपैठियों की बात करने वाले भाजपा खुद घुसपैठ कर रही है, असम, मध्यप्रदेश से ला कर सिर्फ समाज को बांटने में लगी है।

## संजीव साहू दर्जनों समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल



भुरकुंडा (रामगढ़)। संजीव कुमार साहू अपने दर्जनों समर्थकों के साथ रविवार को कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव ने संजीव साहू सहित सभी नये सदस्यों को फूलमाला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। मौके पर योगेंद्र साव ने कहा कि कांग्रेस में सभी को एक समान मान-सम्मान दिया जाता है। हमारे पुराने साथी संजीव साहू भटक गये थें। लेकिन अब पुनः घर वापसी कर कांग्रेस को और मजबुत करने का काम किया हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के प्रति लोगों का बढ़ता झुकाव विधानसभा चुनाव में अंबा प्रसाद की जीत का गारंटी दे रहा है। ज्ञात हो संजीव साहू पूर्व में कांग्रेस पार्टी के सदस्य और पूर्व विधायक प्रतिनिधि रह चुके थे। कुछ समय के लिये जयराम महतो की पार्टी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा में शामिल हुए थे। संजीव साहू ने कहा की मेरी यह बड़ी राजनीतिक भूल रही है। राष्ट्रीय पार्टी ही सभी जाति, धर्म व सभी वर्गों को साथ मे लेकर चलने में सक्षम होती है। साथ ही देश और राज्य के प्रति नीति निर्धारण की क्षमता होती है।

## आशीर्वाद दें, मांडू विस का करेंगे विकास : तिवारी महतो



कुजू। नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न टोलो व वार्डो में मांडू विस एनडीए प्रत्याशी निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने रविवार को तूफानी जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान तिवारी महतो ने क्षेत्र के बोंगाबार, बंधिया, शिवपुरी कॉलोनी, बजरमरी, रजवारटोला, जोगियागढ़ा, मनमोहन नगर, टूटी झरना, गुड़ीदोहर, धनहारा, तिलैया, बहेराटांड़, सांडी चौक, सांडी कॉलोनी समेत कई स्थानों में बुद्धिजीवी वर्ग, महिला शक्ति और युवा वर्ग से संवाद किया। साथ ही, मतदाताओं से विधानसभा की बदहाली का हवाला देते हुए केला छाप पर अपना बहुमूल्य मत देने की अपील की। तिवारी महतो ने कहा कि एक बार आप सभी आशीर्वाद दें, मांडू विस का हम विकास करेंगे।

राज्य में एनडीए की सरकार बनाकर मांडू का चहूंमुखी विकास करेंगे। जनसंपर्क अभियान में जयकिशोर महतो, गुड्डू सिंह, मनोज गिरी, पुरुषोत्तम पांडेय, पुष्पा देवी, हेमनी देवी, भोला तुरी, गुड्डू यादव, रवि महतो, अशोक महतो, अजय यादव, दुलाल पंडा, तेज नारायण कुशवाहा, सुरेंद्र महतो, प्रकाश कुशवाहा, भीम महतो, नीतीश प्रजापति, लक्ष्मी पंडा, हरि महतो, नंदकिशोर ठाकुर शामिल थे।

## रामगढ़ : फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट मामले में प्राथमिकी

रामगढ़। डीसी रामगढ़ एवं उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के नाम से फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट बनाने एवं पैसे की मांग सहित अपनी गलत मंशा की पूर्ति हेतु फर्जी अकाउंट से मैसेज भेजे जाने संबंधित मामले में उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा रामगढ़ थाना में आईपीसी की धारा 419 एवं 420 तथा सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम 2000 की धारा 66 सी एवं 66 डी के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा सभी से अपील की जाती है कि वे साइबर ठगों एवं साइबर ठग द्वारा दिए गए किसी भी प्रलोभन से सावधान रहें। जिला प्रशासन, रामगढ़ द्वारा स्पष्ट किया जाता है कि उपायुक्त श्री चंदन कुमार का किसी भी सोशल मीडिया हैंडल पर कोई भी अकाउंट संचालित नहीं है। इसके अतिरिक्त विभिन्न सरकारी कार्यों व आवश्यक सूचनाएं आम जनों तक पहुंचाने हेतु जिला प्रशासन, रामगढ़ द्वारा डीसी रामगढ़ के नाम से आधिकारिक फेसबुक एवं इंस्टाग्राम पर अकाउंट संचालित किया जाता है।

# रोटरी क्लब रांची ने मनाया दिवाली मिलन

▸▸ स्मोक फ्री व सेफ दिवाली मनाने का दिया गया संदेश

खबर मन्त्र संवाददाता



भुरकुंडा (रामगढ़)। रोटरी क्लब रांची ने शनिवार को दीवाली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर गीत-संगीत, नृत्य, मनोरंजक खेलकूद के बीच लोगों ने दीपावली की खुशियां बांटी। बच्चों ने विभिन्न पारंपरिक खेल से माहौल को बेहद खुशनुमा बना दिया। इसमें बड़े भी पीछे नहीं रहे। बड़ों ने गीत-संगीत की महफिल से रंग जमा दिया। तंबोला और लक्की ड्रॉ का भी आयोजन हुआ। मिलन समारोह के दौरान की गई रंग-बिरंगी रंगोली और सज्जा ने सभी का मन मोह लिया। मिलन समारोह में गजल सिंगर प्रियंका और उनकी टीम ने अपनी प्रस्तुति से रूहानी समा बांध दिया। समारोह में क्लब के सदस्यों ने सभी लोगों से रोशनी के त्योहार पर बेहद सावधानी पूर्वक आतिशबाजी करते हुए हैप्पी एंड सेफ दिवाली मनोन का संदेश दिया। अध्यक्ष डॉ गौरव बागरॉय ने कहा कि इस रोशनी और खुशी के त्योहार पर हम संकल्प लें कि अपनी समाजसेवा के सफर को लगातार जारी रखते हुए जरूरतमंदों के जीवन में भी खुशियां भरते रहेंगे। सचिव ख्याती मुंजाल एवं वाइस प्रेजिडेंट ललित त्रिपाठी ने कहा कि दीवाली हमें खुशी के साथ स्वच्छता का भी संदेश देता है। इसलिए स्वच्छता जैसे विषय को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं। समारोह के अंत में सभी लोगों ने एक दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया।

## एक नजर में

### अंबा प्रसाद ने केरेडारी प्रखंड में किया जनसंपर्क



बड़कागांव। कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद ने आशीर्वाद यात्रा के दौरान केरेडारी प्रखंड के गर्री कलां से डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान की शुरूआत की उसके बाद देवरीया खुर्द, कलां,पांडेपुरा खुर्द कलां,बारियातु ,गुरगुटीया,कंडाबेर , होते बेलतु पहरा जमीरा पगार पचड़ा, सहित दर्जनों गांवों का दौरा किया जहां क्षेत्र के लोगों ने कांग्रेस प्रत्याशी का अभिवादन किया और एक स्वर में कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने का संकल्प लिया। वही आशीर्वाद यात्रा के दौरान लोगों का आशीर्वाद लेते हुए अंबा प्रसाद ने कहा कि मैं क्षेत्र के लोगों के सुख दु:ख का साथी रहा हूँ और यह निरंतर रहेगा आपका प्यार और आशीर्वाद हर पल मुझे राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में बेहतर करने के लिए प्रेरित करता है आगे उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में 13 नवम्बर मतदान कर मुझे अपना बहुमूल्य आशीर्वाद दें। आशीर्वाद यात्रा के दौरान लोगों का अपार समर्थन मिल रहा हैं। वही संबोधित करते हुए अंबा प्रसाद ने कहा राज्य में फिर से इंडिया महा गठबन्धन की सरकार बनाने जा रही है आशीर्वाद यात्रा के दौरान बारियातु के हरदयाल साव ने कहा कि वर्तमान में हेमंत सोरेन की सरकार है और घर की बेटी अंबा हैं। उसे विधायक ही नही मंत्री बनना हैं। तो हम सब को मिल कर अंबा को जितना होगा। बिजली माफी, केसीसी ऋण माफी,मंईया योजना से कई गरीब के घर चल रहा है।इस दौरान इंडिया महागठबंधन के जेएमएम कांग्रेस दल के सैकेडों पदाधिकारी कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित थे।

### भाजपा ही कर सकती है विकास : रोशन



बड़कागांव।बड़कागांव विधानसभा के एनडीए प्रत्याशी रोशनलाल चौधरी ने रविवार को बड़कागांव प्रखंड के गुरुचट्टी ,बनिया टोली,सूर्य मंदिर, तेलियतरी,चंदन टीला,लगातू, चेपाखुर्द, जुगार,डाडीकला,चेपाकला, सिंदवारी,सोनबरसा,करीगढ़ा, चमगढ़ा,सीकरी,पारपेन, जमनीडीह,पड़रिया, सिरमा, छावनिया,बड़कागांव, वरमोहल्ला, बड़कागांव ठाकुर मोहल्ला, आदि गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया लोगों ने गाजे बाजे के साथ आरती उतार वा फूल माला पहना कर भव्य स्वागत कियाऔर भरोसा दिलाया कि इस बार बड़कागांव विधानसभा का रोशन ,रोशन लाल ही कर सकते हैं। लोगों को संबोधित करते हुए एनडीए प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी ने कहा कि बड़कागांव विधानसभा की जनता परिवर्तन की मूड बना ली है, इस बार मुझे मौका मिलेगा और क्षेत्र के विकास के साथ राज्य और देश का विकास होगा और विकास एक मात्र भारतीय जनता पार्टी कर सकती है। भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो सभी के दुख सुख में साथ खड़ा रहती है, जहां तक मेरी बात है तो मैं 15 वर्षो से आपके बीच में रहा और आपके सुख दुख में खड़ा रहा। झामुमो,कांग्रेस, राजद के नेताओं ने जनता को ठगने का काम की है।इस बार भाजपा को भारी समर्थन दे। हम क्षेत्र में चौमुखी विकास करेंगे। जनसंपर्क अभियान में बड़कागांव पश्चिमी भाजपा मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी ,पूनम साहू ,पूर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद,संदीप कुशवाह, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत मेहता ,मुखिया अनिकेत नायक ,पूर्व मुखिया विष्णु रजक, कैलाश राणा ,अरुण मालाकार, किशोर राणा, मेवा लाल नाग, कुलेश्वर महतो, अरुण सिंन्हा, कजरू साव ,तपेश्वर कुमार तापस ,संजय कुमार ,गीरेंद्र कुमार उपेंद्र कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे ।

### भाजपा प्रत्याशी ने पश्चिमी मंडल का किया दौरा



हजारीबाग। सदर विधानसभा के सदर पश्चिमी मंडल के मासीपीढी, मुकुन्दगंज, हरहद, दोनो रेशाम, हुपाद, गणेशीटाँड, सुंदरपूर, बभनबै, बोचों, बभनी, सलैया,भेलवारा, डेमोटाँड, तुम्बा, मोरांगी, हत्यारी सहित दर्जनों गाँवों मे अशीर्वाद यात्रा के माध्यम से हजारीबाग सदर विधानसभा भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने 13 नवंबर को कमल निशान पर बटन दबाकर भाजपा सरकार बनानें की अपील किया। उन्होनें कहा कि इंडी गठबधंन सरकार से त्रस्त प्रदेश की जनता भी सुशासन की स्थापना के लिए भाजपा सरकार बनानें के लिए संकल्पित दिखाई दी। सदर पश्चिमी मंडल के मेरे सभी परिवारजनों को उनके अपार स्नेह और आशीर्वाद के लिए आभार व्यक्त करता हूँ। भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित सिन्हा ने कहा कि इस बार जनता पूरा मन बना चूकी है कि पूरें प्रदेश मे कमल खिलेगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता टौनी जैन नें भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद को जितानें का अपील की। इस आशीर्वाद यात्रा में पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रणधीर पाण्डेय, विजय साहु, छोटेलाल साहु, शंभु प्रसाद , पूर्व मुखिया चौधरी साव, केदार साव, मोहन साव, पूर्व जिप सदस्य प्रतिनिधि रंजीत राम, विजय साव, अविनाश यादव, कृष्णा कुमार, अनमोल साव,पूर्व जिप सदस्य प्रियंका कुमारी, लाखपति साव, मंटू कुमार, पिन्टु साहु, पूर्व मुखिया, प्रयाग राम, मुखिया सिहं सहित सैकेडो संख्या मे लोग उपस्थित थे।

### हकीम अंसारी समेत कई लोग आजसू में शामिल



रजरप्पा। रजरप्पा आवासीय कॉलोनी स्थित गिरिडीह सांसद सीपी चौधरी के आवासीय कार्यालय में आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य हकीम अंसारी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी से कई लोगो ने पार्टी छोड़कर रामगढ़ के विकास की गाड़ी को और तेज गति प्रदान करने के लिए आजसू पार्टी की नीति और रीति के विचारों का अनुसरण करते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। इस बावत सांसद ने माला पहनाकर नए सदस्यों का स्वागत किया। सांसद ने कहा कि पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाते हुए मुझे अत्यंत हर्ष हुआ तथा उनसे मैंने सम्पूर्ण समर्पण भाव से जनकल्याण में कार्य संलग्न हो जाने का आग्रह किया। आप सभी के आजसू परिवार में शामिल होने से आजसू पार्टी की ताकत में वृद्धि हुई है। आप सभी का आजसू परिवार में हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन है। मौके पर पार्टी के केंद्रीय सचिव इंतेखाब आलम सहित वसीम आलम आदि मौजूद थे।

### लोहे के पाइप से पीटकर महिला की हत्या

बरही। बरही थाना क्षेत्र के ओरपरता गांव में शनिवार देर रात को एक महिला की उसके पति द्वारा लोहे के पाइप से पीटकर हत्या कर दी गई। यह घटना शनिवार रात की है, जब हेमा यादव पति अमित कुमार यादव, पिता रामचन्द्र यादव निवासी ओरपरता थाना बरही की बुरी तरह मारपीट कर हत्या कर दी गई। रविवार को हजारीबाग सदर अस्पताल में मृतका का पोस्टमार्टम कराया गया और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका के पिता जागेश्वर यादव केदारूत निवासी ने रविवार को बरही थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि उनकी बेटी हेमा यादव को दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि हेमा का विवाह 2009 में अमित यादव से हुआ था और शादी के बाद हेमा के दो बेटे हुए। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी अक्सर उनसे अपनी प्रताड़ना की बात साझा करती थी। शिकायत में हेमा के पति अमित कुमार यादव (37 वर्ष), उनके परिवार के अन्य सदस्यों महेश यादव (45 वर्ष), अशोक यादव (40 वर्ष), अनिल यादव (30 वर्ष), रामचन्द्र यादव (64 वर्ष), मीना देवी (40 वर्ष), निशु यादव (36 वर्ष) और चिन्ता देवी (60 वर्ष) पर हत्या का आरोप लगाया गया है।

## घर में जला दीपक कर सकता है बड़ी परेशानियों का हल



हिन्दू धर्म में जितना महत्व मंत्रोच्चारण और ईश्वर के प्रति आस्था से है, उतना ही महत्व कर्म कांडों का भी है। कर्म कांडों से हमारा आशय, हवन-पूजन, आदि से है। आपने देखा होगा लगभग हर हिन्दू परिवार में मंदिर स्थापित होता है और नित्य दिन उस मंदिर में स्थापित ईश्वर की आराधना हेतु पूजा की जाती है। पूजा करने का तरीका सबका अलग-अलग हो सकता है, यह भी कर्म कांड का ही एक हिस्सा है। आप यह कह सकते हैं कि आस्था और कर्म कांड समानांतर चलते हैं और एक के बिना दूसरा लगभग अधूरा ही है।

पूजा-अर्चना करने के पीछे आस्था का होना एक बड़ी वजह है। कुछ लोग स्वार्थ सिद्धि के लिए भी ईश्वर की पूजा करते हैं, लेकिन कहीं ना कहीं यह भी आस्था से ही जुड़ा हुआ ही एक मसला है।

### दीपक जलाना

दीपक जलाना भी पूजा करने का एक तरीका है। मुख्यतः हिन्दू धर्म में सरसो के तेल या फिर देसी घी में दीपक जलाने का प्रावधान मौजूद है। लेकिन यह दीपक आपके रुके हुए कार्यों और अधूरी इच्छाओं को किस तरह पूरा कर सकता है, यह आपको इस संक्षिप्त से आलेख में बताने जा रहे हैं । हम आपको बताने जा रहे हैं कि हिन्दू धर्म के अंतर्गत दीपक से जुड़े कुछ ऐसे उपाय भी दर्ज हैं जिनको अपनाकर आप अपने जीवन को सहज बना सकते हैं माना जाता है दीपक प्रज्वलित करने से घर की नकारात्मक ऊर्जा बाहर निकलती है, लेकिन दीपक के साथ भिन्न-भिन्न तरीके के उपयोग आपकी किस मनोकामना को पूरा कर सकते हैं, आइए जानते हैं।

### घी का दीपक

आप बहुत मेहनत करते हैं लेकिन आपको उसके हिसाब से फल हासिल नहीं होता तो आपको रोज शाम देवी लक्ष्मी के सामने लाल बाती रखकर घी का दीपक जलाना चाहिए।

### विष्णु जी की पूजा

प्रमोशन नहीं हो पा रहा है या बार-बार असफलता ही हाथ लगती है तो देवी लक्ष्मी के साथ-साथ विष्णु जी की भी पूजा करें। हाथ में बांधने वाली मौली की बाती बनाकर घी का दीपक जलायें। दीपक में हल्दी और कुमकुम भी मिला लें।

### स्वास्थ्य समस्या

परिवार में कोई व्यक्ति लंबे समय से किसी स्वास्थ्य समस्या से पीड़ित है तो शाम के समय घर का दरवाजा खोलकर दक्षिण दिशा की ओर रखकर सरसो के तेल का दीपक जलायें। मार्केश की दशा होने पर भी यह लाभदायक हो सकता है।

# सरल पूजा विधान से खुश होंगी लक्ष्मी

बासुकीनाथ पाण्डेय

### मध्यरात्रि पूजन से होता है विशेष लाभ

यदि संभव हो तो मध्यरात्रि के समय मां लक्ष्मी का पूजन अवश्य करें। इसके लिए श्रीयंत्र, कुबेर यंत्र, कनक धारा श्री यंत्र और लक्ष्मी यंत्र को मंदिर में स्थापित कर पूजन करें। इस दौरान कमल गट्टे की माला लेकर ह्रओम श्रीं ह्रीं श्रीं कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद श्रीं ह्रीं श्रीं ओम महालक्ष्म्यै नमह्र का जाप करें। इस मंत्र को जपने के दौरान यदि हवन में घी की आहुति भी डालें तो अच्छा रहेगा। ब्रह्मपुराण के अनुसार, कार्तिक अमावस्या की इस अंधेरी रात्रि में महालक्ष्मीजी स्वयं भूलोक में आती हैं और प्रत्येक सद्गृहस्थ के घर कुछ क्षण के लिए रुकती हैं। जो घर पूर्णतया स्वच्छ, शुद्ध, सुंदर तरीके से सुसज्जित और प्रकाशयुक्त होता है, वहां अंश रूप में ठहर जाती हैं।



### दीपावली से जुड़ी मान्यताएं

दीपावली पूजन के अलावा इस पर्व के बारे में कुछ मान्यताएं भी प्रचलित हैं जैसे कि हिन्दू धर्म में यह मान्यता है कि त्रेता युग में इस दिन भगवान राम 14 वर्ष के वनवास और रावण का वध करने के बाद अयोध्या लौटे थे। इसी खुशी में अयोध्यावासियों ने समूची नगरी को दीपों के प्रकाश से जगमग कर जश्न मनाया था और इस तरह तभी से दीपावली का पर्व मनाया जाने लगा। इसके अलावा बौद्धों के प्राकृत जातक में दिवाली जैसे त्योहार का जिक्र है जिसका आयोजन कार्तिक महीने में किया जाता है। जैन लोग इसे महावीर स्वामी के निर्वाण से जोड़ते हैं। कहा जाता है कि करीब ढाई हजार वर्ष पूर्व कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी की रात में पावा नगरी में भगवान महावीर का निर्वाण हुआ। महावीर के निर्वाण की खबर सुनते ही सुर झअशुर, मनुष्य, नाग, गंधर्व आदि बड़ी संख्या में एकत्र हुए। रात अंधेरी थी इसलिए देवों ने दीपकों से प्रकाश कर उत्सव मनाया और उसी दिन कार्तिक अमावस्या को प्रात काल उनके शिष्य इंद्रभूति गौतम को ज्ञान लक्ष्मी की प्राप्ति हुई। तभी से इस दिन दीपावली मनायी जाने लगी। दीपावली के बारे में एक मान्यता यह भी है कि जब राजा बलि ने देवताओं के साथ लक्ष्मी जी को भी बंधक बना लिया तब भगवान विष्णु ने वामन रूप में इसी दिन उन्हें मुक्त कराया था। पुराणों में कहा गया है कि दीपावली लक्ष्मी के उचित उपार्जन और उचित उपयोग का संदेश लेकर आती है छह दिनों का दीपोत्सव

### पांच दिनों का दीपावली महापर्व

पांच दिनों का दीपावली महापर्व इस वर्ष छह दिनों का होगा। इस बार दीपावली महापर्व की शुरूआत 29 अक्टूबर को धनतेरस से होगी। 30 अक्टूबर को हनुमान जयंती होगी। छोटी दीपावली या रूप चौदस 31 अक्टूबर को होगी। और दीपावली 1 नवंबर 2024, अन्नकूट व गोवर्धन पूजा 2 नवंबर 2024 और भैयादूज 3 नवंबर 2024 के साथ ही इस महापर्व का सामापन हो जाएगा।

दिवाली से पहले घर से इन 6 चीजों को निकाल दें, अन्यथा बनीं रहेगी दरिद्रता

मंगलवार 29 अक्टूबर 2024:- धनतेरस (धन-त्रयोदशी) धनतेरस के निमित्त सायंकाल यम-दीपदान,

**बुधवार 30 अक्टूबर 2024:- नरक व रूप चतुर्दशी के निमित्त सायं दीपदान , श्री हनुमान जयंती**

**गुरुवार 31 अक्टूबर 2024:- नरक व रूप चतुर्दशी, प्रभात स्नान, अभ्यंग स्नान**

**शुक्रवार 01 नवम्बर 2024:- दीपावली, श्रीमहालक्ष्मी पूजन, देव-पितृ अमावस्या**

**शनिवार 02 नवम्बर 2024:- अन्नकूट, गोवर्धन पूजा**

**रविवार 03 नवम्बर 2024:- भैया दोज (भाई-दूज)**

**29 अक्टूबर को धनतेरस पर दीपदान की होगी शुरूआत**

## लक्ष्मी पूजन विधि, मुहूर्त और लक्ष्मीजी को प्रसन्न करने के स्रोत

ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास

**पहला पर्व** कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को धनाध्यक्ष कुबेर के पूजन से शुरू होकर मृत्यु के देवता यमराज के लिए दीपदान तक चलेगा। हिंदू धर्म में दीपावली का त्योहार बहुत उत्साह और जोश के साथ मनाया जाता है।




पांच दिनों का दीपावली महापर्व इस वर्ष छह दिनों का होगा। हिंदू धर्म में दीपावली का त्योहार बहुत उत्साह और जोश के साथ मनाया जाता है। कार्तिक महीने के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि पर दीपावली का त्योहार मनाया जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार कार्तिक अमावस्या तिथि पर भगवान श्री राम 14 वर्षों का वनवास काटकर और लंका पर विजय करने के बाद अयोध्या लौटे थे। जिसकी खुशी में सारे अयोध्यावासी इस दिन पूरे नगर को अपने राजा प्रभु राम के स्वागत में दीप जलाकर उत्सव मनाया था। इसी कारण से तब से ये परंपरा चली आ रही है। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर-जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि पांच दिनों का दीपावली महापर्व इस वर्ष छह दिनों का होगा। इस बार दीपावली महापर्व की शुरूआत 29 अक्टूबर को धनतेरस से होगी। 30 अक्टूबर को हनुमान जयंती और छोटी दीपावली या रूप चौदस 31 अक्टूबर और दीपावली 1 नवंबर 2024, अन्नकूट व गोवर्धन पूजा 2 नवंबर 2024 और भैयादूज 3 नवंबर 2024 के साथ ही इस महापर्व का सामापन हो जाएगा। पहला पर्व कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को धनाध्यक्ष कुबेर के पूजन से शुरू होकर मृत्यु के देवता यमराज के लिए दीपदान तक चलेगा। दीपावली के दिन लक्ष्मी पूजा का विशेष महत्व भी होता है। इस दिन शाम और रात के समय शुभ मुहूर्त में मां लक्ष्मी, भगवान गणेश और माता सरस्वती की पूजा की जाती है। धनतेरस दीपावली का पहला दिन माना जाता है। इसके बाद नरक चतुर्दशी फिर दीपावली, गोवर्धन पूजा और आखिरी में भैयादूज का त्योहार मनाया जाता है।

ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि पहला पर्व कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को धनाध्यक्ष कुबेर के पूजन से शुरू होकर मृत्यु के देवता यमराज के लिए दीपदान तक चलेगा। हिंदू धर्म में दीपावली का त्योहार बहुत उत्साह और जोश के साथ मनाया जाता है। कार्तिक महीने के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि पर दीपावली का त्योहार मनाया जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार कार्तिक अमावस्या तिथि पर भगवान श्री राम 14 वर्षों का वनवास काटकर और लंका पर विजय करने के बाद अयोध्या लौटे थे। जिसकी खुशी में सारे अयोध्यावासी इस दिन पूरे नगर को अपने राजा प्रभु राम के स्वागत में दीप जलाकर उत्सव मनाया था। इसी कारण से तब से ये परंपरा चली आ रही है। दीपावली के दिन लक्ष्मी पूजा का विशेष महत्व भी होता है। इस दिन शाम और रात के समय शुभ मुहूर्त में मां लक्ष्मी, भगवान गणेश और माता सरस्वती की पूजा की जाती है। धनतेरस दीपावली का पहला दिन माना जाता है। इसके बाद नरक चतुर्दशी फिर दीपावली, गोवर्धन पूजा और आखिरी में भैयादूज का त्योहार मनाया जाता है।

भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि चतुर्दशी तिथि को भगवान विष्णु ने माता अदिति के आभूषण चुराकर ले जाने वाले निशाचर नरकासुर का वध कर 16 हजार कन्याओं को मुक्ति दिलाई थी। परंपरा में इसे शारीरिक सज्जा और अलंकार का दिन भी माना गया है। इसे रूप चतुर्दशी भी कहा जाता है। इस दिन महिलाएं ब्रह्म मुहूर्त में हल्दी, चंदन, सरसो का तेल मिलाकर उबटन तैयार कर शरीर पर लेप कर उससे स्नान कर अपना रूप निखारेंगी। नरक चतुर्दशी कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है। नरक चतुर्दशी को कई और नामों से भी मनाया जाता है जैसे- नरक चौदस, रूप चौदस और रूप चतुर्दशी आदि। दीपावली से पहले मनाए जाने के कारण इसे छोटी दीपावली भी कहा जाता है। इस दिन मृत्यु के देवता यमराज की पूजा होती है। घर के कोनों में दीपक जलाकर अकाल मृत्यु से मुक्ति की कामना की जाती है चतुर्दशी तिथि प्रारम्भ- 30 अक्टूबर दोपहर 01:16 बजे से

चतुर्दशी तिथि समाप्त- 31 अक्टूबर दोपहर 03:53 बजे तक

## दीपावली पर होगी महालक्ष्मी-गणेश पूजन



दीपावली पर घरों को रोशनी से सजाया जाता है। दीपावली की शाम को शुभ मुहूर्त में माता लक्ष्मी, भगवान गणेश, मां सरस्वती और धन के देवता कुबेर की पूजा-आराधना होती है। मान्यता है दीपावली की रात माता लक्ष्मी पृथ्वी पर आती हैं और घर-घर जाकर ये देखती हैं किसका घर साफ है और किसके यहां पर विधिविधान से पूजा हो रही है। माता लक्ष्मी वहीं पर अपनी कृपा बरसाती हैं। दीपावली पर लोग सुख-समृद्धि और भौतिक सुखों की प्राप्ति के लिए माता लक्ष्मी की विशेष पूजा करते हैं। अथर्ववेद में लिखा है कि जल, अन्न और सारे सुख देने वाली पृथ्वी माता को ही दीपावली के दिन भगवती लक्ष्मी के रूप में पूजा जाता है। कार्तिक अमावस्या का दिन अंधेरे की अनादि सत्ता को अंत में बदल देता है, जब छोटे-छोटे ज्योति-कलश दीप जगमगाने लगते हैं। प्रदोषकाल में माता लक्ष्मी के साथ गणपति, सरस्वती, कुबेर और भगवान विष्णु की पूजा का विधान है।

कार्तिक अमावस्या तिथि प्रारम्भ- 31 अक्टूबर को दोपहर 3:53 बजे से

कार्तिक अमावस्या तिथि समाप्ति- 1 नवंबर की शाम 6:17 तक


3 नवंबर को भाईदूज पर भाई करेंगे बहनों के घर भोजन

भाई दूज पांच दिवसीय दीपावली पर्व का आखिरी दिन का त्योहार होता है। भाई दूज कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाता है। इस दिन बहनें अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी आयु और सुख-समृद्धि की मनोकामनाएं मांगती हैं। इस त्योहार को भाई दूज या भैया दूज, भाई टीका, यम द्वितीया, भ्रातृ द्वितीया कई नामों से जाना जाता है। भविष्य पुराण में लिखा है कि इस दिन यमुना ने अपने भाई यम को अपने घर पर भोजन करने के लिए आमंत्रित किया था। यही वजह है कि आज भी इस दिन समझदार लोग अपने घर मध्याह्न का भोजन नहीं करते। कल्याण और समृद्धि के लिये दुआ मांगते हैं।

## धन्वंतरि की याद में

धनतेरस जिसे धन त्रयोदशी और धन्वंतरि जयंती भी कहते हैं पांच दिवसीय दीपावली का पहला दिन होता है। धनतेरस के दिन से दीपावली का त्योहार प्रारंभ हो जाता है। मान्यता है कि इस तिथि पर आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वंतरि समुद्र मंथन से अमृत कलश लेकर प्रगट हो हुए थे। इसी कारण से हर वर्ष धनतेरस पर बर्तन खरीदने की परंपरा निभाई जाती है। कहा जाता है जो भी व्यक्ति धनतेरस के दिन सोने-चांदी, बर्तन, जमीन-जायदाद की शुभ खरीदारी करता है उसमें तेरह गुना की बढ़ोत्तरी होती है। चिकित्सक अमृतधारी भगवान धन्वन्तरि की पूजा करेंगे। इसी दिन से देवता यमराज के लिए दीपदान से दीप जलाने के शुरुआत होगी और पांच दिनों तक जलाए जाएंगे। लोकाचार में इस दिन खरीदे गए सोने या चांदी के धातुमय पात्र अक्षय सुख देते हैं। लोग नए बर्तन या दूसरे नए सामान खरीदेंगे।

### त्रयोदशी तिथि प्रारम्भ- 29 अक्टूबर सुबह 10:32 बजे से त्रयोदशी तिथि समाप्त




### 30 अक्टूबर दोपहर 01:16 बजे तक

### 31 अक्टूबर को रूप चतुर्दशी पर महिलाएं संवारेंगी रूप

### 2 नवंबर को गोवर्धन पूजा पर बंटेगा अन्नकूट

भविष्यवक्ता डा. अनीष व्यास ने बताया कि गोवर्धन पूजा को अन्नकूट भी किया जाता है। इस त्योहार में भगवान कृष्ण के साथ गोवर्धन पर्वत और गायों की पूजा का विधान है। इसी दिन भगवान कृष्ण को 56 भोग बनाकर लगाया जाता है। दीपावली के अगले दिन राजा बली पर भगवान विष्णु की विजय का उत्सव है। ऋग्वेद में उल्लेख है कि भगवान विष्णु ने वामन रूप धरकर तीन पदों में सारी सृष्टि को नाप लिया था। श्रीकृष्ण ने इसी दिन देवेंद्र के मानमर्दन के लिए गोवर्धन को धारण किया था। शहर में स्थान-स्थान जगह-जगह नवधान्य के बने हुए पर्वत शिखरों का भोग अन्नकूट प्रसाद के रूप में वितरित जाएगा।

## दिवाली में क्या करें क्या न करें

शुभा दुबे

देवी लक्ष्मी पूरे विधि विधान से की गयी पूजा से प्रसन्न होती हैं और अपने भक्तों पर विशेष कृपा करती हैं। लक्ष्मी जी के पूजन के समय सबसे जरूरी है कि पूजा की थाली शास्त्रों के अनुसार सजायी जाए। शास्त्रों में उल्लेख है कि लक्ष्मी पूजन के लिए तीन थालियां होनी चाहिए। इनमें पहली थाली में 11 दीपक समान दूरी पर रखें कर सजायें। दूसरी थाली में धानी (खील), बताशे, मिठाई, वस्त्र, आभूषण, चंदन का लेप, सिंदूर कुमकुम, सुपारी और थाली के बीच में पान रखें और तीसरी थाली में फूल, दूर्वा, चावल, लौंग, इलाइची, केसर,कपूर, हल्दी चूने का लेप, सुगंधित पदार्थ, धूप, अगरबत्ती और एक दीपक रखें।



### पूजन से जुड़ी खास बात

लक्ष्मी पूजा प्रदोष काल के दौरान करनी चाहिए जो कि सूर्यास्त के बाद प्रारंभ होता है और लगभग 2 घंटे 24 मिनट तक रहता है। लक्ष्मी पूजा के लिए सबसे उपयुक्त समय प्रदोष काल इसलिए होता है क्योंकि इस समय स्थिर लग्न होती है। माना जाता है कि अगर स्थिर लग्न के दौरान लक्ष्मी पूजा की जाये तो लक्ष्मीजी घर में ठहर जाती हैं। इसीलिए लक्ष्मी पूजा के लिए यह समय सबसे उपयुक्त होता है।

### पूजन विधि

मान्यता है कि दीपावली के पूजन का जो समय होता है उसके अतिरिक्त यदि देर रात्रि लक्ष्मी पूजन किया जाए तो मां लक्ष्मी अवश्य प्रसन्न होती हैं। कई लोग लक्ष्मी पूजन के समय सिर्फ उन्हीं की तस्वीर की पूजा करते हैं। मां लक्ष्मी अपने पति भगवान श्री विष्णु के बगैर कहीं नहीं रहतीं इसलिए उनकी तस्वीर अथवा मूर्ति के साथ भगवान श्री विष्णु की तस्वीर या मूर्ति होना भी आवश्यक है। इसके अलावा मां लक्ष्मी के साथ ही भगवान श्री गणेश की भी तस्वीर या मूर्ति स्थापित कर विधिपूर्वक पूजन करना चाहिए। तभी मां लक्ष्मी का वहां स्थायी वास होता है। इसके अलावा पूजन के समय वहां शालिग्राम, शंख, तुलसी और अनंत महायंत्र भी होना चाहिए। मां लक्ष्मी चूंकि समुद्र देवता की पुत्री हैं इसलिए पूजन के समय मंदिर में यदि कुबेर पात्र, मोती और शंख इत्यादि भी हों तो अच्छा रहेगा। मां लक्ष्मी को कमल बेहद पसंद है।

# जमशेदपुर पश्चिमी की जनता के पास दो विकल्प है 'भगोड़ा या बेटा' : बन्ना गुप्ता

सरयू राय चाणक्य नहीं बल्कि छिद्रान्वेषी हैं : बन्ना गुप्ता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के कांग्रेस सह इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी बन्ना गुप्ता ने कहा कि जो व्यक्ति ईमानदारी और शुचिता का पाठ पढ़ाता हो, उसे पहले अपने गिरेबान में झांक कर देखना चाहिए। सरयू राय कभी बिहार से विधानपरिषद सदस्य बनते हैं, कभी जमशेदपुर पश्चिमी से चुनाव लड़ते हैं। कभी पूर्वी जमशेदपुर चले जाते हैं। कभी धनबाद से लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए टिकट मांगते हैं, और जब लोकसभा में दाल नहीं गलती है, तो फिर लौट कर जमशेदपुर पश्चिमी में आ जाते हैं। असल में वे टिक कर जनहित की राजनीति करने वाले नेता नहीं हैं। हारने के बाद वे बिहार चले जाएंगे। वे भगोड़ा नेता हैं। अब पश्चिमी जमशेदपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता के पास दो विकल्प है कि वे सरयू राय जैसा भगोड़ा नेता को चुने या यहीं पैदा हुए, पले, बढ़े अपने बेटा, अपने भाई बन्ना गुप्ता को चुने। बन्ना गुप्ता ने कहा कि जब वे दोमुहानी संगम की सफाई करवा रहे थे, तो सरयू राय ने कहा कि मैं नदी का पेट चीर रहा हूं। जब मैंने एमजीएम डिमना में सुपर मल्टीस्पेसीयलिटी हॉस्पिटल का निर्माण करवा दिया तो वे कहते हैं कि हड़बड़ाहट में उद्घाटन किया गया है। वे खुद को चाणक्य कहते हैं, जबकि वे छिद्रान्वेषी हैं, जो केवल दूसरों में दोष ढूंढ़ते रहते हैं।

**बन्ना गुप्ता ने की धतकिडीह, सोनारी और मानगो में पदयात्रा**

जमशेदपुर पश्चिमी के प्रत्याशी बन्ना गुप्ता ने अपने समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ धतकिडीह, सोनारी और मानगो में पदयात्रा की। स्थानीय जनता से उनको अपार जनसमर्थन मिल रहा है। उनकी पदयात्रा में स्वतः स्फूर्त लोग जुड़ते चले जा रहे हैं। स्थानीय जनता का कहना है बस्ती -मोहल्ले -गलियों में पेवर्स ब्लॉक की जितनी सड़कें विधायक बन्ना गुप्ता ने बनवाई हैं, उतनी पहले कभी नहीं बनी।

# जमशेदपुर पश्चिम में एकजुट होकर मतदान करें बहुसंख्यक : सरयू राय

>> एनडीए प्रत्याशी ने योगी के डॉयलॉग को दुहराया, विधानसभा चुनाव में बंटेंगे तो कटेंगे
>> गैंगस्टरों को संरक्षण देते हैं बन्ना जीता तो शांति और विकास एक साथ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा से एनडीए के प्रत्याशी सरयू राय ने रविवार को कहा कि बहुसंख्यक वोटों का एकीकृत होना बेहद जरूरी है। उन्होंने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ का हवाला देते हुए कहा कि उन्होंने ठीक ही कहा है कि बंटेंगे तो कटेंगे, इसलिए बंटना नहीं है। बहुसंख्यकों को एकजुट होकर मतदान करना है ताकि झारखंड में एनडीए की सरकार बन सके। उन्होंने खास कर मानगो का हवाला देते हुए कहा कि यहां 93 बूथ बहुसंख्यकों के हैं। इन 93 बूथों के वोट बंटने नहीं चाहिए। अगर बंट गये तो विधानसभा के बाद होने वाले मानगो नगर निगम का चुनाव नहीं जीत पाएंगे। यहां मानगो में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सरयू राय ने ये बात कही।

**एमजीएम में बिना पानी कैसे होगा इलाज? :** बन्ना गुप्ता पर तीखा हमला बोलते हुए राय ने कहा कि बन्ना मंत्री बने तो कोविड आया। डॉ ओपी आनंद ने बन्ना की शर्त नहीं मानी तो बन्ना ने उन्हें जेल भिजवा दिया। इसी कारण से उनका बन्ना से झंझट हुआ। उन्होंने बन्ना से उस वक्त कहा था कि अभी कोविड चल रहा है और आप अस्पताल बंद करवा रहे हैं, ये सरासर गलत है। राय ने कहा कि बन्ना गुप्ता ने दर्जन भर छोटे-बड़े अस्पताल कोविड के दौर में बंद करवा दिये थे। मंत्री जी कहते हैं कि हम बड़ा अस्पताल लेकर आए हैं। राय ने कहा, मेरा कहना है कि बिल्डिंग अस्पताल नहीं होता है, बिल्डिंग इलाज नहीं करता। बन्ना गुप्ता की रुचि बड़ी बिल्डिंग बनवाने में है। उसमें डॉक्टर रहेगा कि नहीं रहेगा, नर्स रहेगी या नहीं रहेगी, ड्रेसर रहेगा या नहीं रहेगा, इससे इनको कोई मतलब नहीं है। कमाल ये कि वहां आज तक पानी की व्यवस्था हुई ही नहीं। एक बूंद भी पानी नहीं है।

## स्पीड न्यूज

### विहंगम योग विश्वव्यापी रक्तदान शिविर आज




जमशेदपुर। संतों का जीवन परमार्थ के लिए होता है हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वर्वेद कथामृत के प्रवर्तक संत प्रवर श्री विज्ञानदेव जी महाराज के पावन जन्मोत्सव पर सोमवार, 28 अक्टूबर 2024 को देश-विदेश के 100 से अधिक आश्रम एवं स्थानों पर व्यापक रूप से विश्वव्यापी रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। संत प्रवर स्वयं पहले रक्तदान कर इस विश्वव्यापी रक्तदान का शुभारंभ करेंगे। स्थानीय स्तर पर प्रातः 9:00 बजे से संध्या 5:00 बजे तक विहंगम योग टाटा आश्रम 8 जुबली रोड बिस्टुपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। झारखण्ड प्रमुख परामर्शक कन्हैया लाल अग्रवाल एवं नगीना सिंह, डॉ डी पी शुक्ला, मंजू माहेश्वरी, कुबेर शर्मा, सुशील शर्मा, बिजेन्दर उपाध्याय, शम्भू पंडित, कार्यक्रम अध्यक्ष उमेश यादव, कार्यक्रम उपाध्यक्ष रौशन पाण्डेय, निर्भय कुमार, अजय सिंह, घनश्याम गोयल, धीरज कुमार, रोहित कुमार, रितेश ठाकुर, निशांत शर्मा, रवि सिंह, सुष्मिता पाण्डेय, उदय पंडित, पुरोहित महावीर जी, जय प्रकाश प्रसाद, श्याम कुमार आदि कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दे रहे हैं। नीरज मिश्रा नें बताया कि रेड क्रॉस एवं ब्लड बैंक के सहयोग से लग रहे इस शिविर में रक्तदाताओं के लिए उचित जलपान, भोजन, सर्टिफिकेट एवम अन्य उपहार की व्यवस्था की गई है।

### लायंस क्लब भारत ने गरीब बच्चों के बीच बांटें पटाखे व मिठाईयां



जमशेदपुर। दीपावली के शुभ अवसर पर लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर भारत के द्वारा गरीब बच्चों के बीच पटाखे एवं मिठाई का वितरण किया गया। जिसकी जानकारी देते हुए लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर भारत के अध्यक्ष एमजेएफ लायन भरत सिंह ने बताया कि दिवाली एक प्रमुख हिंदू त्योहार हैं, जो रावण को हराने के बाद भगवान राम की अयोध्या वापसी का प्रतीक है। यह बुराई पर अच्छाई और अंधकार पर प्रकाश की जीत का प्रतीक है। दीपावली सिर्फ रौशनी का नहीं बल्कि आपसी प्रेम का त्यौहार भी है, इसी प्रेम को समाज में बढ़ाने के उद्देश्य से हमारे लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर भारत के द्वारा गरीब बच्चों के बीच दीया, पटाखा और मिठाई का वितरण किया गया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# एल बी एस एम कॉलेज के स्ट्रांग रूम में सील किये गये ईवीएम

## निर्वाचन पदाधिकारी ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण, सीसीटीवी से 24 गुणा 7 निगरानी रखने के दिये निर्देश

डीसी ने कहा कि डिस्पैच सेंटर परिसर तथा स्ट्रांग रूम में कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति प्रवेश नहीं करने पायें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिला के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों के लिए ईवीएम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इस मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने एलबीएसएम कॉलेज स्थित डिस्पैच सेंटर पहुंचकर ईवीएम सीलिंग कार्य का अवलोकन किया तथा प्रथम रेंडमाइजेशन उपरांत ईवीएम को 44 बहरागोड़ा, 45 घाटशिला और 46 पोटका



निर्वाचन कर्मियों को संबोधित करते डीसी अनन्य मित्तल।

विधानसभा से संबंधित विधानसभा क्षेत्र के स्ट्रांग रूम में रखे जाने की प्रकिया को अपनी उपस्थित में पूरी कराई। मौके पर एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनिकेत सचान, उप नगर आयुक्त जेएनएसी कृष्ण कुमार, एएसओ हेडक्वार्टर मो मोजाहिद अंसारी व संबंधित विधानसभा क्षेत्र के आरओ, एआरओ उपस्थित थे। इस मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होने कहा कि डिस्पैच सेंटर परिसर तथा स्ट्रांग रूम में कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति प्रवेश नहीं करने पायें इसे सुनिश्चित करें, 24 गुणा 7 सीसीटीवी से गहन निगरानी रखे जाने का निर्देश दिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि चुनाव लड़ने वाले कैंडिडेट की सूची को अंतिम रूप देने के बाद ईवीएम और वीवीपीएटी की कमीशनिंग की जाएगी। मतदान दिवस पर वास्तविक मतदान शुरू होने के 90 मिनट पहले इलेक्शन एजेंटों की उपस्थिति में मॉक पोल किया जाएगा, इस दौरान नोटा सहित प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए एक वोट डालकर कम से कम 50 वोट के साथ मॉक पोल किया जाता है। कंट्रोल यूनिट पर प्राप्त मॉक पोल के परिणाम का मिलान वीवीपैट से प्रिंट की गई पर्ची के साथ करते हुए एक प्रमाण पत्र पीठासीन अधिकारी की ओर से तैयार किया जाएगा। मॉक पोल के तुरंत बाद कंट्रोल यूनिट का क्लियर बटन दबाकर मॉक पोल का डाटा डिलीट किया जाएगा।

साथ ही मॉक पोल की वीवीपैट पेपर स्लिप को कंपार्टमेंट से निकाल कर काले रंग के लिफाफे में भरकर सील की जाएगी।

## जनता योग्य उम्मीदवार को चुनकर भेजेगी विधानसभा : राधाकृष्ण किशोर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पाटन पलामू।** छतरपुर के पूर्व विधायक राधा कृष्ण किशोर ने अपनी जीत का दावा करते हुए कहा कि इस बार पाटन छतरपुर विधानसभा के लोगों ने क्षेत्र के विकास को लेकर वोट देने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि निवर्तमान विधायक पुष्पा देवी के कार्यकाल से लोगों में भारी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि अबकी बार पाटन छतरपुर की जनता योग्य उम्मीदवार को चुनकर विधानसभा में भेजना चाहती है। पाटन छतरपुर विस से कांग्रेस को सभी वर्गों का जन समर्थन मिल रहा है। खासकर मुस्लिम मतदाता कांग्रेस पार्टी के पछ में खुलकर मतदान करने वाले हैं। छतरपुर की जनता भाजपा को हराने के लिए कमर कस लिया है। पूर्व विधायक के साथ सैंकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## केएन त्रिपाठी ने किया कई गांवों का दौरा

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के सूदना के विभिन्न इलाकों एवं सदर प्रखंड के पोखराहा, सरजा, चौकिदार टोला, नावाडीह, बरेवा, बढकीनेभी, नउवाढोढ, कुण्डेलवा के सभी टोला एवं झाबर के सभी टोला आदि ग्रामों में पूर्व मंत्री सह कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने सघन दौरा किया। मौके पर स्थानीय लोगों द्वारा त्रिपाठी का स्वागत जोश व उत्साह के साथ किया गया। त्रिपाठी ने लोगों से कहा कि इन दस वर्षों में जनता ने सब कुछ खो दिया। लोग अपने अधिकारों की रक्षा के लिए एक नेता का चयन करें। यहां के विधायक के उदासीन रवैया एवं दस सालों के अकर्मण्यता से मुक्ति दिलाना है।

## क्षेत्र के विकास कार्यों का जनता हमें आशीर्वाद देगी : आलोक चौरसिया



**मेदिनीनगर।** भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी आलोक कुमार चौरसिया ने चैनपुर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में जनसमर्पक अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने जनता से आशीर्वाद देने की अपील की और पिछले 10 वर्षों में क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों पर संवाद स्थापित किया। उन्होंने कहा कि सभी चुनौतियों का सामना करते हुए उन्होंने क्षेत्र को विकास की नई राह पर ले जाने का संकल्प लिया और जनता के समर्थन से इसे सफल बनाया। उन्होंने कहा कि जनता किये गये विकास कार्यों के आधार पर मतदान करेगी। कहा कि क्षेत्र के अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए जनता का आशीर्वाद जरूरी है। श्री चौरसिया ने मतौली, बोड़ी, कोइरी टोला, धासी टोला, मंदिर टोला, चेरो टोला, मतौली, स्कूल टोला, और मतौली मोड़, पंचायत - करसो के गांवों कोइरी टोला, लेमोइया टोला, पुरान टोला, यादव टोला, खेरवा टोला, केलहार और पंचलेवा में दौरा किया।

## डॉ अजय की टिप्पणी का भाजपा ने किया विरोध

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पुर्वी विधानसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू पर कांग्रेस नेता डॉ अजय कुमार द्वारा किये गए आपत्तिजनक और गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणी पर क्षेत्र की महिलाएं सड़क पर उतर आई है। रविवार को पूर्वी विधानसभा क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने भाजपा महिला मोर्चा के बैनर तले कांग्रेस प्रत्याशी अजय कुमार के महिला विरोधी बयान पर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। एग्रिको गोलचक्कर पर जुटी महिलाओं ने कहा कि डॉ अजय कुमार द्वारा पूर्णिमा साहू पर की गई टिप्पणी न केवल सम्पूर्ण महिला शक्ति का अपमान है बल्कि यह भारतीय संस्कृति के मूल्यों पर



एग्रिको गोलचक्कर पर विरोध प्रदर्शन करती महिला मोर्चा की सदस्यगण।

भी सीधा आघात है, जिसमें महिलाओं का विशेष सम्मान और आदर है। ऐसी टिप्पणी से एक बार फिर कांग्रेस एवं उनके नेताओं की महिला विरोधी मानसिकता उजागर हुई है, जहां महिलाओं को अपमानित करना अब उनके नेताओं की आदत बन चुकी है। महिलाओं ने कहा कि भारतीय संस्कृति में महिलाओं को शक्ति और समर्पण का प्रतीक माना जाता है। परंतु कांग्रेस पार्टी कभी भी महिला आरक्षण को लेकर गंभीर नहीं रही है। डॉ अजय अपने टिप्पणी पर अविलंब माफी मांगे अन्यथा उनके खिलाफ विरोध को और तेज कर सार्वजनिक रूप से घेराव किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान कल्याणी शरण, ममता कपूर, चंद्रकांता सिंह, संजना साहू, लक्ष्मी मिर्धा, ममता, उर्मिला दास व कई महिला कार्यकर्ता मौजूद रही।

## जनता साथ दें, जीता तो रोजगार व खुशहाली लाउंगा : शिवशंकर सिंह



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी से निर्दलीय विधानसभा प्रत्याशी शिवशंकर ने क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमन किया। सबसे पहले वे मिलिनियम पार्क टेल्को पहुंचे, वहां वे उपस्थित सभी लोगों से मिलकर सहयोग व आशीर्वाद मांगा। बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आपके बच्चों का भविष्य नीति निर्धारकों के हाथों में है। आज जो हो रहा उसे गौर से देखिएगा तो समझ पाइयेगा की आवश्यक डिग्री और कौशलता हासिल करके भी युवा बेरोजगार है। शिव शंकर सिंह ने अपने लिए समर्थन मांगते हुए कहा कि अगर आप मुझे प्रतिनिधित्व का एक अवसर देते है तो मैं वादा करता हूं कि इनके भविष्य में रोजगार और खुशहाली दोनों लाऊंगा।

## पूर्णिमा का अपने परिवार पर ही कंट्रोल नहीं, वो जनता को क्या सुरक्षा प्रदान करेगी : डॉ अजय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी के कांग्रेस प्रत्याशी ने डॉ अजय कुमार और कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे एवं कांग्रेस का वरिष्ठ नेता रामाश्रय प्रसाद ने संयुक्त रुप से रविवार को सिदगोड़ा में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में मीडिया को संबोधित किया। डॉ अजय ने कहा कि रघुवर दास की बहू पूर्णिमा साहू दास जब अपने पति ललित दास एवं परिवार के अन्य सदस्यों पर अंकुश नहीं लगा पाई है तो जमशेदपुर पूर्वी की जनता को कैसे सुरक्षा प्रदान कर पाएगी इसकी क्या गारंटी है। यह सबसे



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते डॉ अजय कुमार। साथ में जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दूबे और वरिष्ठ कांग्रेसी रामाश्रय प्रसाद।

बड़ा सवाल है। रघुवर दास के साहबजादे की कारनामो की बात करें एक लंबी फेहरिस्त है। आज मैं उनके कुछ कारनामों के संबंध में आपको बताना चाहूंगा। डॉ अजय ने कहा कि 7 जुलाई को ओडिशा के राज्यपाल के लाल 'आकांक्षी विधायक पूर्णिमा दास' के पति ललित दास ने पुरी रेलवे स्टेशन से उन्हें लेने के लिए 'लग्जरी' कारें नहीं भेजने पर राजभवन में तैनात अधिकारी बैकुंठ प्रधान के साथ पुरी में राजभवन परिसर में मारपीट किया था। (इसीलिए मैं हमेशा कहता हूं रघुवर दास के घर जाओगे तो मिलेगा लात, घुसे)। डॉ अजय ने कहा कि इंडियन एयरफोर्स में रहे हैं बैकुंठ का अपमान सेना व सेना की जवानों का अपमान है। यही बीजेपी का चरित्र है। अजय ने कहा कि ललित दास के खिलाफ ओडिशा कांग्रेस ने सख्त कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन कुछ नहीं हुआ। मामला राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग तक पहुंच चुका है लेकिन उन्हें न्याय नहीं मिला। हम मानवाधिकार आयोग से भी अनुरोध करेंगे कि वह इस मामले में ओडिशा पुलिस से जल्दी जांच पूरी करने का आदेश दें। हमारे वकील पुरी सागर बीच पुलिस से इस केस पर हो रही जांच पर अपडेट लेंगे। हमारी ओडिशा कांग्रेस इस मुद्दे को ओडिशा विधानसभा में भी उठाएगी। डॉ अजय ने कहा कि रघुवर के परिवार में बहुत लोग हैं जिन्होंने पूर्वी लोगों का जीवन नरक बना दिया है। रघुवर दास के भतीजे और भाजपा नेता कमलेश साहू की गुंडागर्दी जगजाहिर है। जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने पत्रकारों द्वारा पुछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी में कोई अंतरविरोध नहीं है। विपक्षी द्वारा भ्रम फैलाया जा रहा है। पार्टी ने सर्वसम्मति से डॉ अजय को जमशेदपुर पूर्वी से प्रत्याशी बनाया है।

## एक नजर में

### भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा ने चलाया जनसंपर्क अभियान



जमशेदपुर। पूर्वी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा की प्रत्याशी पूर्णिमा साहू ने रविवार को अपने कार्यकर्ताओं और स्थानीय समर्थकों के साथ पूरे उत्साह के साथ जनसंपर्क अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान पूर्णिमा साहू ने पांडेय मैदान बारीडीह, पोस्ट ऑफिस मैदान, बिरसानगर डूंगरीटोला, गोलमुरी खालसा बस्ती, साकची नेहरू कॉलोनी एवं मूसा सिंह बागान, 10 नंबर हरिजन बस्ती, केबल टाउन हरिजन बस्ती, लाल भट्ठा के बिरसा मुंडा क्लब, भालूबासा हरिजन बस्ती, कालिंदी बस्ती सीतारामडेरा, बाउरी बस्ती भुइयांडीह, बिरसानगर गुरुद्वारा, विश्वकर्मा समाज बाराद्वारी और गणिनाथ सेवा संस्थान गोलमुरी समेत कई क्षेत्रों का दौरा कर लोगों से मुलाकात की और उनका समर्थन और आशीर्वाद मांगा। पूर्णिमा ने लोगों से मिलते हुए कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर वे क्षेत्र के विकास के कार्यों को प्राथमिकता देंगी और ठप पड़े विकास कार्यों और जनहित के कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाएंगी। वहीं, लोगों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पूर्वी विस क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन आएगा।

### भाजपा प्रत्याशी मीरा मुंडा ने हाता में खोला विधानसभा चुनाव कार्यालय



पोटका। भाजपा के पोटका विधानसभा क्षेत्र का मुख्य चुनावी कार्यालय रविवार को हाता में खुला। कार्यालय का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री सह पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा व विशिष्ट अतिथि सांसद विद्युतवरण महतो एवं जिला अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने फीता काट कर किया। कार्यालय उदघाटन के उपरांत विधानसभा के सात मंडल पोटका, आसनबनी, कोवाली, डुमूरिया, सुंदरनगर, घाघीडीह व बागबेड़ा के पदाधिकारी व सैकड़ों कार्यकर्ता संग बैठक कर चुनाव जीतने की रणनीति तय किया गया। मुख्य अतिथि अर्जुन मुंडा ने मौके पर कहा कि भाजपा का उद्देश्य हमेशा राष्ट्र निर्माण और विकास का रहा है। वर्तमान झारखंड सरकार में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। कमीशनखोरी का राज चल रहा है। इस चुनाव में भ्रष्टाचार की सरकार को उखाड़ फेंकना है। कार्यकर्ता यह संकल्प लें। पोटका में बदलाव होगा और कमल फूल खिलेगा। कार्यक्रम का संचालन अनील मोदी व संचालन सुदीप डे ने किया। इस अवसर पर प्रत्याशी मीरा मुंडा, पूर्व विधायक मेनका सरदार, विधानसभा प्रवासी सह पूर्व केंद्रीय मंत्री विशेश्वर टुडू, प्रभारी बाबी सिंह, पार्षद सूरज मंडल, कविता परमार, व पार्वती मुंडा, सांसद प्रतिनिधि उपेंद्रनाथ सरदार, गणेश सरदार, मनोज सरदार, विभीषण सरदार, दिनेश साहू, अभय चौबे, आजसू के केंद्रीय महासचिव डोमन चंद्र टुडू, प्रखंड अध्यक्ष बबलू गोप, होपना माहली, चंद्रशेखर गुप्ता, दुलाल मुखर्जी, सुरजीत कुंडू, मुखिया देवी कुमारी भूमिज, मुखिया दुखनीमाई सरदार, हलधर दास, रबींद्र सरदार सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बन्ना गुप्ता ने की धातकीडीह, सोनारी और मानगो में पदयात्रा



जमशेदपुर। इंडिया गठबंधन से जमशेदपुर पश्चिमी के प्रत्याशी बन्ना गुप्ता ने अपने समर्थकों और कांग्रेस-झामुमो-राजद के कार्यकर्ताओं के साथ धातकीडीह, सोनारी और मानगो में पदयात्रा की। स्थानीय जनता से उनको अपार जनसमर्थन मिल रहा है। उनकी पदयात्रा में स्वतः स्फूर्त लोग जुड़ते चले जा रहे हैं। स्थानीय जनता का कहना है बस्ती -मोहल्ले -गलियों में पेवर्स ब्लॉक की जितनी सड़कें बन्ना ने बनवाई हैं, उतनी पहले कभी नहीं बनी।

### जमशेदपुर पश्चिम में सरयू का जन संपर्क जारी



जमशेदपुर। जमशेदपुर पश्चिमी से एनडीए के उम्मीदवार सरयू राय ने रविवार को व्यापक जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के शुरूआती चरण में वह जुबली पार्क में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयंसेवकों से मिले और संघ के साथ-साथ वर्तमान चुनावी परिदृश्य पर चर्चा की। राय ने कदमा के विजया हेरिटेज इलाके का भी भ्रमण किया और लोगों से मिल कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। वह कदमा में गुरुद्वारे में भी गए और वहां के प्रमुख लोगों के साथ विस्तृत बातचीत की। उन्होंने विभिन्न आदिवासी संगठनों से चर्चा की और मुंडा समाज के प्रमुख लोगों से भी मिले। मरीना सिटी, मानगो में उन्होंने कई लोगों को जनता दल यूनाइटेड की सदस्यता भी दिलवाई। हर स्थान पर उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, विकास कार्य आदि के बारे में अपना दृष्टिकोण लोगों के समक्ष रखा। राय ने न्यू रानीकुदर में रजक समाज के साथ बैठक की। वह धातकीडीह के हरिजन बस्ती में भी गए और वहां के लोगों से संवाद कायम किया। उनकी समस्याओं को दूर करने का आश्वासन भी दिया।

### चाईबासा विस क्षेत्र : भाजपा प्रत्याशी गीता बालमुचू को मिल रहा है ग्रामीण जनता का समर्थन



जमशेदपुर। भारतीय जनता पार्टी की चाईबासा विधानसभा प्रत्याशी गीता बालमुचू जनसंपर्क अभियान में रविवार को जनता से समर्थन मांगने झींकपानी प्रखंड के विभिन्न गांवों के ग्रामीणों से भेंट कर बताया कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसे गरीबों की चिंता है, आज नरेंद्र मोदी जी आदिवासी ग्रामीणों को मुफ्त में खाने को राशन हर माह दे रहे है, रहने के लिए घर बना कर दे रहें है। इलाज के लिए 5 लाख रुपये दे रहे है, किसानों को 6 हजार रुपये की सम्मान राशि दे रहे है। गीता ने कहा कि हमारी सरकार बनते ही हमलोग सभी महिलाओं को 2100 रुपये की राशी हर महीने देंगे। हर वर्ष 5 सौ रुपया में गैस सिलिंडर देंगें, जिसमे 2 सिलिडर फ्री, पढ़े लीखे युवाओं को 2 हजार रुपये देंगे। सभी सरकारी पदों में स्थानी बेरोजगारों को नौकरी दिलवायेगें, घर देंगें। हमलोग प्रत्येक वर्ष स्थस्नीय नौजवानों को स्व रोजगार करवाएंगे, आप मुझे अपना समर्थन दें, मैं आपकी बेटी हुँ, मैं सदन और सरकार में आपकी आवाज बुलंद करूँगी। ये मेरा वादा है। उन्होंने कहा कि विगत 15 वर्षों से झींकपानी प्रखंड की जनता नारकीय की जिंदगी जीने को मजबूर हो गई है, वर्तमान विधायक ने आपकी यदि चिंता करते तो ग्रामीणों की यह बदहाल स्थिति नही होती। उन्होंने ग्रामीणों को झारखंड मुक्ति मोर्चा के झूठे वादों से बचने की सलाह दिया। प्रदेश प्रवक्ता जे बी तुबिड ने ग्रामीणों से कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा केवल जनता को ठग कर वोट लेतें है, आपके साथ विश्वाघात करतें हैं, हर महीने चूल्हा खर्च 2 हजार रुपये देने का वादा कर वोट लिया पर नही दिया, अभी 3 महीने से महिलाओं को ठगने के लिए बूढ़े बुजुर्गों को 1 हजार रुपये मिलने वाली राशि नही देकर कुछेक महिलाओं 1 हजार रुपया देकर उन्हें ठग रहें है, उन्हें बूढ़े बुजुर्गों की कोई चिंता नही है। किन्तु भारतीय जनता पार्टी सभी महिलाओं को 21 सौ रुपया देगी।

# रोहित के फॉर्म ने बढ़ायी भारत की चिंता

## पिछली आठ पारियों में सिर्फ दो बार पार किया दहाई का आंकड़ा

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के बाद अगले महीने से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है। इस महत्वपूर्ण दौरे से पहले भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज गंवा दी है। भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता कप्तान रोहित शर्मा की खराब फॉर्म है जो बांग्लादेश के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ भी जारी रही। आक्रामक बल्लेबाजी के लिए पहचाने जाने वाले रोहित न्यूजीलैंड के खिलाफ प्रभावित नहीं कर सके जिससे भारत को नुकसान हुआ। भारतीय कप्तान टेस्ट में लगातार विफल हो रहे हैं और ऐसा ही कुछ न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में भी देखने मिला था। न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी के बाद दूसरी पारी में भी रोहित कुछ कमाल नहीं दिखा सके थे और 16 गेंदों पर एक चौके की मदद से आठ रन बनाकर आउट हुए थे। रोहित को स्पिनर मिचेल सैंटनर ने विल यंग के हाथों कैच कराकर पवेलियन भेजा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत की नजरें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीत की हैट्रिक लगाने पर टिकी होंगी। ऐसे में भारतीय कप्तान का फॉर्म में लौटना काफी जरूरी है।

### रोहित का घरेलू जमीन पर भारतीय ओपनरों में सबसे खराब औसत

रोहित की खराब फॉर्म का अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि घरेलू जमीन पर टेस्ट में भारतीय ओपनरों में सबसे खराब औसत रोहित का ही है। न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज से पहले भारत ने दो मैचों की सीरीज के लिए बांग्लादेश का सामना किया था। भारतीय टीम ने वो सीरीज 2-0 से जीती थी, लेकिन कप्तान रोहित का बल्ला उस सीरीज में भी नहीं बोला था और उनका औसत 10.50 का रहा था जो घर में कम से कम चार पारियों में किसी भारतीय ओपनर का सबसे खराब औसत है। वहीं, न्यूजीलैंड के खिलाफ दो मैचों में उनका औसत 15.50 का रहा है। रोहित ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अब तक चार पारियां मिलाकर 62 रन बनाए हैं। बंगलुरू टेस्ट की दूसरी पारी में उन्होंने 52 रनों की पारी खेली थी, लेकिन इसके अलावा तीन पारियों में उनका बल्ला खामोश ही रहा। रोहित ने पिछली आठ टेस्ट पारियों में सिर्फ दो बार दहाई अंक का आंकड़ा पार किया है।

उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ अर्धशतकीय पारी के अलावा बांग्लादेश के खिलाफ 23 रन की पारी खेली थी। इन दो मौकों के अलावा वह दहाई अंक का आंकड़ा पार नहीं कर सके।


# 'मुझे माफ कर दो' आस्ट्रेलिया दौरे पर नहीं चुने जाने पर आया शमी का बयान, बीसीसीआइ से मांगी माफी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** अगले महीने भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी। इस दौरान दोनों टीमों के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी, जिसे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के नाम से भी जाना जाता है। शुक्रवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) ने टीम इंडिया का एलान किया। इसमें मोहम्मद शमी को शामिल नहीं किया गया। बोर्ड के इस फैसले पर अब तेज गेंदबाज का बयान आया है।

### शमी ने मांगी माफी

34 वर्षीय गेंदबाज फिलहाल सर्जरी से उबर रहे हैं। स्टार पेसर ने रविवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल से एक वीडियो साझा किया जिसमें वह जिम में पसीना बहाते दिख रहे हैं। इसके साथ उन्होंने कैप्शन भी लिखा, जिसमें दिग्गज ने फैंस और बीसीसीआई से माफी मांगी। शमी ने लिखा- मैं अपनी गेंदबाजी फिटनेस को दिन-



प्रतिदिन बेहतर बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा हूं। मैच के लिए तैयार होने और घरेलू रेड बॉल क्रिकेट खेलने के लिए कड़ी मेहनत करना जारी रखूंगा। सभी क्रिकेट प्रशंसकों और बीसीसीआई से माफी चाहता हूं, लेकिन बहुत जल्द मैं रेड बॉल क्रिकेट खेलने के लिए तैयार हो जाऊंगा।

### रोहित का बयान

टीम की घोषणा से पहले रोहित शर्मा ने पुणे टेस्ट के दौरान शमी की वापसी पर बात की थी। इस दौरान उन्होंने कहा था कि वह नहीं चाहते कि शमी इस दौरे पर आस्ट्रेलिया आएं। उन्होंने कहा- ईमानदारी से कहूं तो आस्ट्रेलिया सीरीज के लिए उन्हें चुनना मुश्किल है। उन्हें एक और चोट लगी थी और उनके घुटनों में सूजन आ गई थी। इससे उनकी स्थिति थोड़ी खराब हो गई और उन्हें फिर से शुरूआत करनी पड़ी। वह डॉक्टरों और फिजियो के साथ एनसीए में हैं। हम अनफिट शमी को आस्ट्रेलिया नहीं ले जाना चाहते। हम उम्मीद कर रहे हैं कि वह 100 प्रतिशत फिट हो जाएं।

### बंगाल के लिए खेलेंगे दो मैच

शमी को आखिरी बार भारत के लिए वनडे विश्व कप 2023 में खेलते देखा गया था। इस दौरान उन्होंने सिर्फ सात मैचों में 24 विकेट हासिल किए थे। वह इस संस्करण में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज भी बन गए थे। इसके बाद उन्होंने अपनी चोट की जानकारी दी थी। हाल ही में उन्हें नेट्स पर गेंदबाजी करते हुए देखा गया था। अब वह ऑस्ट्रेलिया दौरे से बाहर हो चुके हैं। बहुत जल्द वह घरेलू क्रिकेट में वापसी करेंगे।

## तमिल थलाइवाज ने जयपुर पिंक पैंथर्स को टाई पर रोका

**हैदराबाद।** तमिल थलाइवाज ने अंतिम रेड में अपने डिफेंस के शानदार प्रदर्शन की बदौलत जयपुर पिंक पैंथर्स को 30-30 की बराबरी पर रोक दिया। दोनों टीमों का यह चौथा मैच था और दोनों के नाम अब दो जीत, एक हार और एक-एक टाई हैं। गाचीबोवली इंडोर स्टेडियम में रविवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 19वें मैच के अंतिम तीन मिनट तक जयपुर को चार अंक की बढ़त मिली हुई थी लेकिन थलाइवाज ने शानदार वापसी करते हुए मैच टाई करा लिया। थलाइलवाज के लिए सचिन ने 11 अंक जुटाए जबकि जयपुर के लिए अर्जुन देसवाल ने सात और विकास कंडोला ने छह अंक लिए। दोनो टीमों ने इस सीजन का दूसरा टाई खेला है।

## पाक ने ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे दौरे के लिए टीम की घोषित

**लाहौर।** पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे दौर के लिए एकदिवसीय और टी -20 सीरीज के टीम की घोषणा कर दी है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इंग्लैंड के खिलाफ दो टेस्ट मैचों के लिए पाकिस्तान की टीम से बाहर किये गये बाबर आजम, नसीम शाह और शाहीन शाह अफरीदी की ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम में वापसी हुई है। इसके अलावा जिम्बाब्वे दौरे के लिए भी टीम की घोषणा कर दी है। साथ ही पाकिस्तान पुरुष क्रिकेट के लिए केंद्रीय अनुबंध की नई सूची भी जारी की है। मोहम्मद रिजवान के अलावा बाबर ने ए श्रेणी में बरकरार रखा गया है लेकिन अफरीदी को ए के बजाय बी श्रेणी में शान मसूद को भी बी श्रेणी में बरकरार रखा गया है। फखर जमां और इमाम उल हक को भी केंद्रीय अनुबंध गंवाना पड़ा है और उन्हें किसी भी दल में जगह नहीं दी गई है।

# न्यूजीलैंड महिला टीम ने भारत को 76 रनों से हराया

एजेंसी



**अहमदाबाद।** कप्तान सोफी डिवाइन (79 रन) और (तीन विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर न्यूजीलैंड की महिला टीम ने रविवार को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में भारत को 76 रनों से हरा दिया है। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला में 1-1 से बराबरी कर ली है। सोफी डिवाइन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। न्यूजीलैंड के 259 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत बेहद खराब रही और उसने 27 ओवर में 108 के स्कोर पर अपने आठ विकेट गवां कर बड़ी हार की ओर बढ़ रही थी। स्मृति मंधाना (शून्य), शेफाली वर्मा (11), यास्तिका भाटिया (12), जेमिमाह रॉड्रिग्स (17), कप्तान हरमनप्रीत कौर (24), तेजल हसबनिस (15), दीप्ति शर्मा (15) और अरुंधति रेड्डी (दो)रन बनाकर आउट हुई। ऐसे संकट के समय में राधा यादव और साइमा ठाकोर ने नौवे रिकार्ड 70 रन की साझेदारी कर न्यूजीलैंड को बड़ी जीत से रोक दिया। यह महिला एकदिवसीय क्रिकेट में नौवें विकेट के लिए भारत के तरफ सबसे बड़ी साझेदारी है। इन दोनों ने झूलन गोस्वामी और अल खादीर के 43 रनों की साझेदारी का रिकॉर्ड तोड़ा। राधा यादव ने 64 गेंदों में पांच चौके लगाते हुए (48) रनों की पारी खेली। वहीं साइमा ठाकोर ने 54 गेंदों में तीन चौकों की मदद से 29 रन बनाये। 44वें ओवर में जस केर ने साइमा ठाकोर को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद 48वें ओवर में राधा यादव के आउट होने के साथ 183 के स्कोर पर भारतीय पारी का अंत हो गया। न्यूजीलैंड की ओर से सोफी डिवाइन और लिया तहुहू ने तीन-तीन विकेट लिये। जेस केर और ईडन कार्सन ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया। इससे पहले न्यूजीलैंड ने भारत को जीत के लिए 260 रनों का लक्ष्य दिया था। न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी सूजी बेट्स जॉर्जिया पलिमर की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरूआत करते हुए पहले विकेट के लिए 87 रन जोड़े। 16वें ओवर में दीप्ति शर्मा ने जॉर्जिया पलिमर (41) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद प्रिया मिश्रा ने अपने पर्दापण मैच में लौरेन डाउन (तीन) को रनआउट किया। 27वें ओवर में राधा यादव ने सूजी बेट्स (58) को अपनी ही गेंद पर कैच आउट कर पवेलियन भेज दिया। कप्तान सोफी डिवाइन ने एक छक्का और सात चौके लगाते हुए (79) रनों की पारी खेली। मैडी ग्रीन ने 42 गेंदों में 41 रन बनाये। इसके बाद तो भारतीय गेंदबाजों ने न्यूजीलैंड के किसी भी बल्लेबाज को टिकने नहीं दिया। ब्रूक हैलिडे (8), इसाबेला गेज (11), जेस केर (12), लिया तहुहू (शून्य), ईडन कार्सन (एक) रन बनाकर आउट हुई। न्यूजीलैंड की पूरी टीम 50 ओवर में नौ विकेट पर 259 का स्कोर खड़ा किया। भारत की ओर से राधा यादव ने चार विकेट लिये। दीप्ति शर्मा को दो विकेट मिले। साइमा ठाकोर, प्रिया मिश्रा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# लुईस का शतक, वेस्टइंडीज ने तीसरे और अंतिम वनडे में श्रीलंका को हराया

एजेंसी

**पाल्लेकल (श्रीलंका)।** एविन लुईस के नाबाद 102 रन की मदद से वेस्टइंडीज ने शनिवार को वर्षा से प्रभावित तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत श्रीलंका को आठ विकेट से हराया। श्रीलंका ने 2-1 से श्रृंखला जीती। वर्ष 2021 से अपना पहला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेल रहे लुईस ने छक्के के साथ 61 गेंद में अपना पांचवां शतक पूरा किया और टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। इस सलामी बल्लेबाज ने 51 रन के स्कोर पर टखना मुड़ने के बावजूद खेलना जारी रखा। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 156 रन बनाए थे लेकिन इसके बाद बारिश के कारण पांच घंटे खेल रुका रहा और मैच को 23 ओवर का कर दिया गया। वेस्टइंडीज को 195 रन का लक्ष्य मिला और टीम ने 22 ओवर में दो विकेट पर 196 रन बनाकर जीत दर्ज की। श्रीलंका को जीवनदान पाने वाले दोनों सलामी बल्लेबाजों पथुम निसांका (56) और अविष्का फर्नांडो (34) ने पहले विकेट के लिए 17 आवेर में 81 रन जोड़कर अच्छी शुरूआत दिलाई। इसके बाद बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। दोबारा खेल शुरू होने पर कुसाल मेंडिस (नाबाद 56) ने शुरूआती चार गेंद पर चौके लगाए। निसांका ने रन आउट होने से पहले 58 गेंद में अपना 15वां अर्धशतक पूरा किया। मेंडिस ने सिर्फ 19 गेंद में अर्धशतक जड़ा। उन्हें भी दो जीवनदान मिले। उन्होंने 22 गेंद का सामना करते हुए नौ चौके और एक छक्का मारा। लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज ने 36 रन के स्कोर पर ब्रेंडन किंग (16) का विकेट गंवा दिया। लुईस और कप्तान शाई होप (22) ने दूसरे विकेट के लिए 72 रन जोड़कर पारी को संवारा। होप के आउट होने के बाद लुईस और शेरफेन रदरफोर्ड (नाबाद 50, 26 गेंद, चार चौके, तीन छक्के) ने मोर्चा संभाला और एक ओवर शेष रहते टीम को जीत दिलाई दी।

## आकांक्षा ने पीएसए चैलेंजर स्क्वैश का जीता खिताब

**कूजिक्स (फ्रांस)।** भारत की आकांक्षा सालुंके ने मलेशिया की यशमिता जदीश कुमार को 3-0 से हराकर महिला एकल का पीएसए चैलेंजर वर्ल्ड टूर स्क्वैश का खिताब जीता। शनिवार को खेले गये मुकाबले में आकांक्षा सालुंके ने फाइनल में मलेशिया की यशमिता जदीश कुमार को (11-7, 11-7, 11-6) से हराकर वर्ष का अपना पहला पीएसए वर्ल्ड टूर स्क्वैश खिताब अपने नाम किया। इससे पहले आकांक्षा सालुंखे ने दूसरे राउंड में स्थानीय खिलाड़ी लॉरेन बाल्टायन को 3-0 (11-9, 11-4, 14-12) से हराया। उसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने क्वार्टरफाइनल में ब्रिटेन की कीरा मार्शल के खिलाफ एक मुश्किल मुकाबले में जीत दर्ज की।

## नोवी बोर चैस क्लब ने तीसरी बार जीता यूरोपियन चैस क्लब कप

**बनयाह, सर्बिया।** स्पेन के नोवी बोर चैस क्लब ने यूरोपियन चैस क्लब कप 2024 के 39वें संस्करण में सुपरचैस को 3.5-2.5 से मात देकर खिताब अपने नाम कर लिया। ग्रैंडमास्टर डेविड एंटोन गुइजारो ने जीएम जोर्डन वैन फॉरेस्ट को हराकर निर्णायक जीत हासिल की, जबकि बाकी पांच खेल ड्रॉ रहे। नोवी बोर की यह तीसरी खिताबी जीत है, इससे पहले उन्होंने 2013 और 2022 में यह खिताब जीता था। भारतीय ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने 6 में से 4 अंक और पेंटाला हरिकृष्णा ने 3.5 का स्कोर किया और दोनों ही अपराजित रहे। विदित अब 2739.2 की रेटिंग के साथ विश्व में 14वें स्थान पर पहुँच गए है, अंतिम दो राउंड में विदित नें शीर्ष बोर्ड पर पहले हमवतन अर्जुन एरीगैसी और फिर डी गुकेश को ड्रॉ पर रोकते हुए अपनी टीम को जीत दिलाने में खास भूमिका अदा की । फ्रांस के चार्टरेस एचेस टीम को अल्कलॉइड ने 5-1 से हराया, जिससे अल्कलॉइड 12 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही।

# कयूम ने जॉर्जिया में लहराया तिरंगा, इंटरनेशनल वुशू चैंपियनशिप में जीता गोल्ड मेडल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कश्मीर और उसके बाहर भी हलचल मचाने वाली जीत में, ओल्डटाउन बारामूला के एक युवा एथलीट मुशर्रफ कयूम ने जॉर्जिया में यूरेशियन प्रोफेशनल सांडा लीग में स्वर्ण पदक जीतकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपना नाम दर्ज करा लिया है। 20 वर्षीय इस खिलाड़ी का शीर्ष पर पहुंचने का सफर किसी असाधारण से कम नहीं था, क्योंकि उन्होंने तीन राउंड के रोमांचक फाइनल में एक पूर्व अर्मेनियाई चैंपियन को हराकर खिताब अपने नाम किया। मुशर्रफ की इस उपलब्धि की शुरूआत 17 से 23 अक्टूबर तक आयोजित बटुमी इंटरनेशनल वुशू चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन के साथ हुई। उनके बेहतरीन प्रदर्शन ने उन्हें न केवल स्वर्ण पदक दिलाया, बल्कि 40,000 रुपये का नकद पुरस्कार भी दिलाया। इस सफलता ने प्रतिष्ठित यूरेशियन सांडा लीग में उनके प्रवेश का मार्ग प्रशस्त किया। जहां उन्होंने न केवल प्रतिस्पर्धा की, बल्कि जीत भी हासिल की चैंपियनशिप बेल्ट और अतिरिक्त 50,000 रुपये का इनाम प्राप्त किया। मुशर्रफ ने कहा कि हाल ही में वह सीनियर डिवीजन में पहुंचे हैं, यह जीत वर्षों के समर्पण से बने उनके होनहार करियर में एक और कदम है। उन्होंने कहा कि जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में मिली उपलब्धियों ने पहले ही मेरी प्रतिभा को प्रदर्शित कर दिया है। लेकिन हालिया जीत ने एक नया मानक स्थापित किया है, जिससे इस क्षेत्र



के अनगिनत युवा एथलीट प्रेरित हुये हैं। बारामूला के प्रमुख राजनीतिक व्यक्ति तौसीफ रैना ने इस उपलब्धि पर बहुत गर्व व्यक्त किया और इसे 'ओल्डटाउन और पूरे बारामूला के लिए सम्मान का क्षण' बताया। यह जीत बड़े पैमाने पर किसी की नजर से ओझल नहीं रही।

जम्मू-कश्मीर खेल परिषद की सचिव नुजहत गुल ने मुशर्रफ की प्रशंसा की और उनकी प्रतिबद्धता और लचीलेपन को केंद्र शासित प्रदेश और देश दोनों के लिए गर्व का स्रोत बताया। वुशू के दिग्गज और द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता कुलदीप हांडू ने भी बधाई और शुभकामनाएं दीं और कहा कि मुशर्रफ की यात्रा कश्मीर से उभरने वाले दृढ़ संकल्प और प्रतिभा का प्रतिनिधित्व करती है। उनके मित्र और परिवार के सदस्य भी आगे आए हैं और मुशर्रफ को उनकी इस शानदार उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी है, जिससे पूरे समुदाय में गर्व और खुशी की भावना है। आगे की ओर देखते हुए, मुशर्रफ ने कहा कि अगला बड़ा लक्ष्य सितंबर 2025 में ब्राजील में विश्व वुशू चैंपियनशिप है, जहां मैं एक और भव्य मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करूंगा। जैसे-जैसे वह अपनी यात्रा जारी रखते हैं, वे अपने साथ बारामूला और पूरे जम्मू-कश्मीर समुदाय की आकांक्षाओं और उम्मीदों को लेकर चलते हैं, जिससे इस क्षेत्र को वैश्विक खेल मानचित्र पर मजबूती से स्थापित किया जा सके।


अक्सर चुनौतियों से घिरे रहने वाले इस क्षेत्र में, मुशर्रफ की उपलब्धि, महत्वाकांक्षा की एक किरण के रूप में चमकती है, जो युवा एथलीटों को बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करती है। इस बीच एलजी मनोज सिन्हा ने मुशर्रफ की उपलब्धियों पर बहुत गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि मुशर्रफ की उल्लेखनीय यात्रा हमारे समुदाय से उभरने वाली अविश्वसनीय प्रतिभा का एक शानदार उदाहरण है। उनकी जीत न केवल बारामूला के लिए गौरव की बात है, बल्कि हमारे युवाओं को अपने सपनों का पीछा करने और नई ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रेरणा भी देती है।

# हिमाचल ने दूसरे दिन खेल खत्म होने तक पहली पारी में बनाये 198 रन, आंध्र प्रदेश से 146 रन पीछे

एजेंसी

**धर्मशाला।** विशाखापट्टनम के डॉ वाई एस राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में हिमाचल और आंध्र प्रदेश टीम के बीच खेले जा रहे रणजी मैच के दूसरे दिन खेल खत्म होने तक हिमाचल ने बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 198 रन बना लिए हैं। आंध्र प्रदेश की पहली पारी में 344 रनों के मुकाबले अभी भी हिमाचल 146 रनों से पीछे चल रहा है। हालांकि अभी उसके छह विकेट बाकी हैं। इससे पूर्व आंध्र प्रदेश की टीम ने दूसरे दिन 295 रनों से आगे खेलना शुरू किया लेकिन पूरी टीम 344 रनों पर ऑलआउट हो गई।

हिमाचल की ओर से आकाश वशिष्ट 52 और कप्तान ऋषि धवन 38 रन बनाकर क्रीज पर हैं। हिमाचल की शुरूआत इतनी




अच्छी नहीं रही और उसके सलमी बल्लेबाज शुभम अरोड़ा 16 रन, जबकि प्रशांत चोपड़ा 10 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद अंकित कलसी ने पारी को संभालते हुए 53 रनों की पारी खेली। एकांत सेन ने 20 रन बनाए। आंध्र प्रदेश की ओर से केवी शशिकांत ने सबसे अधिक तीन विकेट लिए जबकि त्रिपुर्णा विजय को एक विकेट मिला।

इससे पहले आंध्र प्रदेश की पहली पारी 344 रनों पर सिमट गई। शेख रसीद ने 69 रन, हनुमा विहारी 66 और केएस भरत ने 65 रन बनाए। हिमाचल की तरफ से दिवेश शर्मा ने एक बार फिर पंजा खोला, जबकि ऋषि धवन को तीन और अर्पित गुलेरिया और मुकुल नेगी को एक-एक विकेट मिला।

रणजी ट्रॉफी के ग्रुप बी में हिमाचल प्वाइंट टेबल में चौथे स्थान पर है। इस ग्रुप में विदर्भ की टीम 12 अंकों के साथ टॉप पर है जबकि गुजरात भी 12 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। वहीं नौ अंकों के साथ राजस्थान तीसरे स्थान पर है। इन दोनों ही टीमों ने दो-दो मैच खेले हैं जिनमें उन्होंने जीत दर्ज की है जबकि हिमाचल ने दो मैच खेले हैं जिसमें एक में उसे जीत मिली है जबकि एक में हार का सामना करना पड़ा है। हिमाचल ने अभी तक दोनों ही मैच अपने होम ग्राउंड धर्मशाला में खेले हैं जिनमें पहले मैच में उत्तराखंड पर हिमाचल ने बड़ी जीत दर्ज की थी जबकि दूसरे मैच में राजस्थान ने हिमाचल को आठ विकेट से शिकस्त दी थी।

# हुगली के कराटे चैंपियनशिप में दिखा दमखम, 300 से अधिक छात्रों ने लिया हिस्सा

**कोलकाता।** राज्य स्तर पर कराटे के प्रति बढ़ती रुचि को प्रोत्साहन देने के लिए आयोजित छठवीं केजेएसकेए बंगाल शोटो कप स्टेट कराटे चैंपियनशिप का आयोजन हुगली जिले के चांपदनी में किया गया। इसमें 300 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। यह आयोजन प्रगति संघ क्लब में किया गया, जिसमें पूरे राज्य से प्रतिभागियों ने अपनी कराटे कला का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता का आयोजन 'कियो जापान शोतोकन कराटे-डो एसोसिएशन वेस्ट बंगाल द्वारा किया गया था, जिसमें विभिन्न आयु और वजन वर्गों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

मुख्य निर्णायक और अध्यक्ष थे 7वें डैन ब्लैक बेल्ट धारक क्योशी मोहम्मद कौसर। उन्होंने प्रतियोगिता का संचालन किया। वह आयोजक



संगठन के बंगाल प्रमुख हैं। कौसर ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन कराटे के अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप किया गया था, जिसमें जापान शोतोकन कराटे के प्रमुख सदस्यों की उपस्थिति रही। उनके साथ तकनीकी निदेशक राजन शॉ, मुख्य रेफरी एवं सचिव सेंसाई मोहम्मद तनवीर अली, और मुख्य आयोजक शिहान बृज मोहन वर्मा जैसे अन्य प्रतिष्ठित अधिकारी भी उपस्थित रहे। यह चैंपियनशिप प्रतिभागियों के लिए एक सुनहरा अवसर साबित हुई, जहां उन्होंने अपनी कला को निखारने और उच्च स्तर पर अपनी प्रतिभा को साबित करने का मौका पाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष तौर पर चंदन राठौर, पप्पू पटेल, वनमाली देवेंद्र पाल और शंकर राउत की भूमिका सराहनीय रही।

## उप्र वार्षिक घुड़सवारी प्रतियोगिता में मुरादाबाद की टीम ओवर ऑल चैम्पियन

**मुरादाबाद।** डॉ. भीमराव आंबेडकर पुलिस अकादमी के घुड़सवारी मैदान में रविवार को चार दिवसीय 26वीं उत्तर प्रदेष वार्षिक घुड़सवारी प्रतियोगिता-2024 का समापन समारोह सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि पुलिस अकादमी के निदेषक व अपर पुलिस महानिदेषक राजीव सब्बरवाल ने विजेताओं को ट्राफी व पुरस्कार वितरण किए। प्रतियोगिता में प्रशिक्षण जोन मुरादाबाद की टीम ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर ओवर ऑल चैम्पियनशिप विजेता होने का गौरव प्राप्त कर पाण्डु कप पर अपना कब्जा बनाये रखा। इस प्रतियोगिता की उपविजेता टीम का गौरव कानपुर जोन ने प्राप्त किया। अश्वरोहण प्रतियोगिता में रविवार को शो जम्पिंग ओपन सिक्सवार एवं टेंट पेंगिंग व्यक्तिगत स्पर्धा, पुलिस हार्स टेस्ट, शो जम्पिंग टॉप स्कोर, फाल्ट एण्ड आउट आयोजित की गई।

स्पीड न्यूज

### 27 लीटर महुआ शराब बरामद



**भवनाथपुर।** आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए स्थानीय पुलिस प्रशासन ने अवैध महुआ शराब के रोकथाम को लेकर कमर कस ली है। रविवार को थाना क्षेत्र अंतर्गत चपली में अवैध तरीके से महुआ शराब की चुलाई और बिक्री के खिलाफ स्थानीय पुलिस प्रशासन ने छापामारी अभियान चलाकर अवैध महुआ शराब को जप्त करते हुए कई जावा महुआ को नष्ट किया। थाना प्रभारी रंजनी रंजन ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर टीम गठन कर थाना क्षेत्र के सिंदुरिया गांव निवासी सोहर उरांव के घर में संचालित हो रहे अवैध महुआ शराब भट्टी पर छापामारी कर 27 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। साथ ही नौ पीले डब्बा में वही करीब 180 किलो जावा महुआ को नष्ट किया गया। उन्होंने बताया कि सोहर उरांव पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। छापामारी दल में एसआई नारायण प्रसाद, दिनेश सिंह, हवलदार सुभाष कुमार तिर्की सहित पुलिस जवान शामिल थे।

### भाषा पर संयम रखें सांसद : अशोक चौधरी

**गया।** बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी ने रविवार को सांसद सुधाकर सिंह के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि सांसद के तौर पर उन्हें भाषा पर संयम रखने की जरूरत है। श्री चौधरी ने बेलागंज विधानसभा क्षेत्र में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सांसद सुधाकर सिंह के द्वारा बिहार सरकार के दोनों उप मुख्यमंत्री को ह्यरावण का अवतार कहे जाने पर कहा कि उनको सड़क छाप भाषा नहीं बोलनी चाहिए। वे एक सांसद है और इसका ख्याल रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनीतिक जीवन और सार्वजनिक जीवन में व्यवहारिकता होनी चाहिए।

### सारण में युवक का शव बरामद

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के दरियापुर थाना क्षेत्र से एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया गया है। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि चंवर से गुजर रहे लोगों ने एक शव को देखकर इसकी सूचना दी। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। शिनाख्त नहीं होने पर उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेजने के साथ ही अगले 72 घंटे तक सुरक्षित रखने की बात पुलिस ने कही है।

### मिला बाघ के पैरो के निशान, वनकर्मी अलर्ट

**पश्चिम चंपारण।** वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के अंतर्गत वन प्रमंडल 2 के वन क्षेत्र में शाकाहारी और मांसाहारी जानवरों की संख्या में काफी वृद्धि को देखते हुए वन विभाग इसे बेहतर उपलब्धि मानता है।बाघ की संख्या में भी वृद्धि दर्ज किया गया है। इसी क्रम में वाल्मीकिनगर वन क्षेत्र के जटाशंकर वन परिसर के वन क्षेत्र में टाइगर की चहलकदमी को देखते हुए वन प्रशासन ने पैदल, ई रिक्शा, साइकिल व बाइक यात्रियों को जटाशंकर वन क्षेत्र में जाने पर पाबंदी लगा दी है। उल्लेखनीय है कि रविवार की सुबह बाघ का पग मार्क जटाशंकर चेक नाका व आस पास सहित वाल्मीकि आश्रम जाने वाले क्षेत्र में देखा गया है।

## मरीजों को बड़ी राहत : गढ़वा में 96 स्लाइस का 24 आवर्स सिटी स्कैन की सौगात

# चिकित्सकों ने कहा चिकित्सा जगत के लिए क्रांतिकारी कदम

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय के चिनियां रोड स्थित होटल पद्मावती के समीप क्लिनिक ऑन स्क्रीन में 24 आवर्स सीटी स्कैन की स्थापना की गई। रविवार को इसका भव्य उद्घाटन सेवानिवृत्त शिक्षक डीपी सिंह, परमेश्वरी मेडिकल सेंटर के संस्थापक अध्यक्ष सह पूर्व सिविल सर्जन डॉ जेपी सिंह एवं प्रभात मेडिकल सेंटर के संस्थापक अध्यक्ष सेवानिवृत्त शिक्षक प्रभात कुमार सहित अन्य अतिथियों ने फीता काटकर और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर राष्ट्रीय स्तर के सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ पंकज प्रभात, लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ कुमार निशांत सिंह, सिटी स्कैन के निदेशक एनआरआई प्रखर सामाजिक कार्यकर्ता बाबू शक्ति सिंह सहित कई गणमान्य प्रमुख भूमिका में थे। कार्यक्रम में डॉ. नीतू सिंह, डॉ रागिनी अग्रवाल, डॉ दिनेश सिंह, डॉ टी पीयूष, डॉ अमित कुमार, डॉ कमलेश कुमार, डॉ जितेंद्र कुमार, डॉ असजद अंसारी, डॉ मुनाजिर हसन, डॉ शमशेर सिंह, डॉ विजय भारती, डॉ अनिल साव सहित कई चिकित्सक मौजूद थे। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी उपस्थित थे।

समारोह के दौरान अतिथियों ने कहा कि गढ़वा जिले में अब तक सीटी स्कैन जैसी महत्वपूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं थी, जिसके कारण मरीजों को रांची, बनारस या अन्य शहरों का रुख करना पड़ता था। इससे न केवल मरीजों और उनके परिवारों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ता था। बल्कि समय की बबार्दी और मानसिक तनाव भी बढ़ जाता था। अब क्लिनिक ऑन स्क्रीन के इस सुविधा के शुभारंभ से लोगों को राहत मिलेगी और त्वरित जांच की सुविधा स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध होगी।



उद्घाटन करते अतिथि।



गढ़वा में स्थापित सिटी स्कैन।

### मरीजों के साथ चिकित्सकों को भी मिलेगी राहत

कार्यक्रम में अपनी राय जाहिर करते हुए चिकित्सकों एवं गणमान्य अतिथियों, मरीजों और अभिभावकों ने कहा कि मरीजों को बड़ी राहत के साथ साथ चिकित्सकों को भी रोग के इलाज में सहूलियत मिलेगी। पहले इस तरह के मरीज को सीधे बड़े सेंटर में रेफर कर देते थे क्योंकि मरीज के अंदर आयी गड़बड़ियों को डॉक्टर सिटी स्कैन के अभाव में समझ नहीं पाते थे। अब वे मरीजों का त्वरित इलाज कर उनका जीवन बचाने में सफलता पा लेंगे। चिकित्सकों ने कहा कि बहुत सारे मरीज इस कंडीशन में आते हैं कि उन्हें घंटा दो घंटा में ही त्वरित इलाज की जरूरत होती है। वैसे मरीजों को रांची रेफर कर दिया जाता था। जो रांची पहुंचने से पूर्व ही दम तोड़ देते थे। अब इस तरह की मौत को रोक जा सकता है क्योंकि उन्हें कुछ मिनटों में ही सिटी स्कैन की रिपोर्ट प्राप्त हो जाएगी।

### स्थापना का उद्देश्य और भावी योजनाएं

क्लिनिक ऑन स्क्रीन के संस्थापक, एनआरआई शक्ति कुमार सिंह ने बताया कि इस केंद्र की स्थापना का मुख्य उद्देश्य गढ़वा जिले के लोगों को बेहतर और उन्नत चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि जिले में सीटी स्कैन की सुविधा की अनुपलब्धता के कारण मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। जिसे देखते हुए उन्होंने इस केंद्र की शुरुआत की है। शक्ति कुमार सिंह ने यह भी कहा कि वे भविष्य में और भी उन्नत तकनीक और सेवाएं लाने की योजना बना रहे हैं। ताकि गढ़वा के लोग आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दूसरे शहरों पर निर्भर न रहें। इस नए केंद्र के खुलने से न केवल चिकित्सा क्षेत्र में सुधार होगा, बल्कि स्थानीय रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। उद्घाटन समारोह में उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना की और इसे गढ़वा जिले के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया, जो स्वास्थ्य सेवाओं में नए आयाम स्थापित करेगा।

# भानु प्रताप शाही विकास की नहीं हिंदू मुस्लिम की बात करते हैं : अनंत देव

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के भवनाथपुर विधानसभा प्रत्याशी अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा ने रविवार को भवनाथपुर बाजार में चुनावी सभा का आयोजन किया। सभा में अनंत प्रताप देव ने लोगों से झामुमो के चुनाव चिन्ह तीर धनुष पर वोट करने का अपील किया। इस दौरान उन्होंने कहा की भानु प्रताप के पास कोई शब्द नहीं वो विकास का बात नहीं करता है वो सिर्फ हिंदू मुस्लिम करता है। लोगो को 15 साल से सीमेंट फैक्ट्री के नाम पर सिर्फ जनता को छलते आ रहा है। वहीं सरकार के उपलब्धि से जनता को अवगत कराते हुए कहा कि मंईयां सम्मान योजना, कृषि ऋण माफी, बिजली बिल माफी, सावित्री बाई फुले जैसे विकास योजना से भानु का पेट में दर्द हो रहा है। अनंत प्रताप देव ने लोगो से वादा किया की झामुमो की सरकार बनते ही पॉवर प्लांट लगवाएंगे। सभा की अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष मनोज यादव ने किया।

मौके पर सूर्यदेव राउत, शालेंद्र यादव, मंटू सिंह, ब्रजेश सिंह, गोपाल यादव, पिंटू टोप्पो आदि लोग उपस्थित थे।



चुनावी जनसभा में अनंत प्रताप देव।

### होंडा मोटरसाइकिल शोरूम का उद्घाटन



**केतार।** प्रखंड में होंडा मोटरसाइकिल शोरूम का उद्घाटन किया गया। केतार पचाडूमर मार्ग में स्थित होंडा शोरूम का उद्घाटन प्रोपराइटर अंगद प्रसाद ने विधिवत पूजा अर्चना कर किया। मौके पर प्रोपराइटर अंगद ने बताया कि मेरे यहां मोटरसाइकल लेना हो तो आप आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी, बैंक पासबुक इत्यादि ले कर शोरूम में आएं और कम से कम पांच हजार जमा कर बाइक प्राप्त कर सकते हैं। हमारे यहां आसान किस्तों में भी मोटरसाइकल उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुराना बाइक लाइए और उचित मूल्य लगाते हुए नया बाइक अपने साथ ले जाइए। साथ ही यहां पर सर्विसिंग की व्यवस्था भी की है। मौके पर बैजनाथ गुप्ता, विश्वनाथ प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, प्रमोद कुमार, जितेंद्र प्रसाद, रामविचार साह, शंभू नाथ सिंह, माला सिंह, उदय प्रसाद, शाहिद हुसैन आदि मौजूद थे।

खबर एक नजर में

### मतदान थीम पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन



**गढ़वा।** जिले के सभी प्रखंडों के विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेज में रविवार को मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड कर्मी, स्कूल और कॉलेज के सभी विद्यार्थियों ने मतदान थीम पर आकर्षक मेहंदी डिजाइन बनाए। मेहंदी में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्लोगन एवं मतदान तिथि भी अंकित था। ज्ञात हो कि स्वीप कैलेंडर के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के लिए विभिन्न तरह के गतिविधियां कराई जा रही है, ताकि अधिक से अधिक संख्या में लोगों के द्वारा मतदान किया जाए। साथ ही लोगों को मतदान के महत्व के भी बारे में जानकारी प्राप्त हो एवं सभी मतदाता 13 नवंबर को अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करें। मतदान हमारा अधिकार है तथा लोक हित एवं राष्ट्रहित में मतदान करना हमारा परम कर्तव्य है। निर्वाचन आयोग के द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में स्वीप कैलेंडर बनाई गई है, जिसके तहत विभिन्न गतिविधियां लगातार कराई जा रही है। मुख्य रूप से ईएलसी, चुनाव पाठशाला बैग एवं वैफ के माध्यम से जिले एवं प्रखंड से लेकर बूथ लेवल तक विस्तृत कार्यक्रम कराए जा रहे हैं। ताकि मतदाताओं को जागरूक किया जा सके एवं मतदान प्रतिशत में वृद्धि हो सके।

### एफएसटी और एसएसटी टीम ने गढ़वा रेलवे स्टेशन पर चलाया सघन जांच अभियान



जांच करती टीम।

**गढ़वा।** जिले में विधानसभा आम निर्वाचन 2024 स्वच्छ, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हो इसी को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर के निर्देश पर एफएसटी तथा एसएसटी टीम ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। जांच अभियान के तहत निर्देश दिया गया है कि अगर कोई आपत्ति जनक सामग्री तथा राशि पायी जाती है, तो उसे जब्त करते हुए जल्द से जल्द कार्रवाई करते हुए अविलंब जिला प्रशासन को सूचित करें। इसी क्रम में संबंधित एफएसटी और एसएसटी की टीम ने रविवार को गढ़वा रेलवे स्टेशन पर सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान प्रतिनियुक्त एफएसटी और एसएसटी टीम ने रेलवे स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों के सामानों की तलाशी ली तथा सुरक्षा संबंधित अन्य बिदुओं पर निरीक्षण किया।

### आत्महत्या के मामले में थानाध्यक्ष निलंबित

**बक्सर।** बिहार के बक्सर जिले के सिमरी थाने में हिरासत में बंद शराबी धनहा गांव निवासी युवक राजेश कुमार खरवार ने शनिवार की शाम थाना के हाजत में अपने बेल्ट से फंदा बनाकर आत्महत्या करने की कोशिश की, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और फिर सदर अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष ने हालांकि, इस बात को छिपाने की कोशिश की। घटना पर संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने मामले की जाँच की और यह पाया कि सिमरी थानाध्यक्ष प्रफुल्ल कुमार, ओडी प्रभारी सीताराम चौधरी और चौकीदार हरिकिशुन यादव की लापरवाही के कारण युवक की जान गई। ऐसे में तीनों को रविवार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। थाने में लगे सीसीटीवी कैमरे में इस घटना का पूरा विवरण कैद हुआ, जिससे पुष्टि हुई कि राजेश ने हाजत में अपने बेल्ट का उपयोग कर फंदा बनाया था। पुलिस ने फुटेज को जांच का हिस्सा बनाया और इसके आधार पर आवश्यक कदम उठाए।

## डॉ कुलदेव चौधरी की माता का निधन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** पलामू जिला के विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत गुरहा कला पंचायत के मल्लाह टोली निवासी 62 वर्षीय रामगती देवी ने चौधरी जेनरल हॉस्पिटल गढ़वा में शनिवार को अंतिम सांस ली। ज्ञात हो कि मझिआंव चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुलदेव चौधरी, डंडा के चक छपरदागा आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका रूबी कुमारी एवं सिविल कोर्ट गढ़वा के अधिवक्ता बचनदेव चौधरी की मां रामगति देवी दो वर्ष पूर्व रेलवे कर्मचारी के रूप में सेवानिवृत्त हुई थी। क्योंकि इसके पहले बच्चों की कम उम्र में ही इनके पिता कैलाश चौधरी गुजर गए थे और इसके बाद माताजी को अनुकम्पा की नौकरी लगी थी। इन्होंने माता के साथ पिता की भूमिका निभाकर तीनों बच्चों को शिक्षा दीक्षा दिलाई। सेवानिवृत होते ही स्तन कैंसर की जानकारी मिली तब तक अन्य अंगों में फैल चुका था। दो वर्ष इलाज चला और आपातकालीन स्थिति में डॉ कुलदेव चौधरी अपने ही हॉस्पिटल में ढाई महीने से ऑक्सिजन पर इलाज कर रहे थे क्योंकि सभी डॉक्टरों ने स्थिति से अवगत करा चुके थे। लेकिन शनिवार को सुबह लगभग 8 बजे बातचीत करते दम तोड़ दी। इसके बाद शव को मल्लाह टोली गांव लाया गया और कोयल नदी के तट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। बड़ा बेटा डॉ कुलदेव चौधरी एवं छोटा बेटा बचनदेव चौधरी ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार में भाग लेने वाले में समाजवादी पार्टी के नेत्री अंजू देवी, राहुल दुबे, डंडा जिला पार्षद सह बसपा नेता अजय कुमार चौधरी, झारखंड पार्टी के नेता मनदीप मल्लाह, कमलेश चौधरी, मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, पूर्व विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी, पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह के प्रतिनिधिगण, विश्रामपुर प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि कुमार, गुरहा कला मुखिया राधाकृष्ण साव, भाजपा नेता ब्रजेश कुमार उपाध्याय, संजय दुबे, गोपीचंद चौधरी, ललन चौधरी, बिदेशी चौधरी, अजित चौधरी, सुखदेव चौधरी, श्यामलाल चौधरी, उपेन्द्र चौधरी, हासनदाग पूर्व मुखिया दुखन चौधरी, शिवनाथ चौधरी, गुपुत चौधरी, रघु चौधरी, अनिल चौधरी, जरही मुखिया महेन्द्र चौधरी, चेचरिया मुखिया प्रतिनिधि राजेन्द्र चौधरी, हासनदाग मुखिया प्रतिनिधि हरेन्द्र चौधरी आदि उपस्थित थे।



विलाप करते परिजन।

### लोक आस्था के महापर्व छठ के विराट आयोजन को लेकर सफाई अभियान शुरू

**कांडी।** प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ में लोक आस्था के महापर्व छठ के विराट आयोजन को लेकर सतबहिनी विकास समिति के तत्वावधान में सफाई अभियान शुरू कर दिया गया है। इसकी जानकारी देते हुए समिति के सचिव पंडित मुरलीधर मिश्र ने कहा कि झरना घाटी में सेतु मार्ग से सटे उत्तर तरफ बहुत से अवांछित पेड़ एवं झाड़ियां उग आई हैं। जिनके चलते जल प्रवाह बाधित होने के कारण मिट्टी एवं बालू का ढेर भी जमा हो गया है। चूंकि झरना घाटी से सटे हुए बड़ा छठ घाट अवस्थित है। इसलिए छठ घाट से होकर नदी का जल प्रवाह निराहार छठ व्रतियों को उपलब्ध कराए जाने को लेकर घाटी की सफाई आवश्यक है। मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति की आमसभा में इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया था। उन्होंने कहा कि महापर्व के पहले सफाई का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। इसके साथ ही सूर्य मंदिर के पीछे एवं बजरंगबली मंदिर के दक्षिण मेला मैदान में भी बरसात के कारण हो गए ऊंचे-नीचे गड्ढों को समतल कराया जाएगा। ज्ञात हो कि सतबहिनी झरना तीर्थ में महाव्रत छठ का कई वर्षों से विराट आयोजन होने लगा है।

## भाजपा सदस्यता जनजागरण रथ का शुभारंभ

**भागलपुर।** भागलपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग के सदस्य डॉ अर्जित शाश्वत चौबे के नेतृत्व में रविवार को बाबा बूढ़ानाथ परिसर से भाजपा के संगठन पर्व सदस्यता अभियान-2024 जो अब अंतिम दौर में है उसे बल प्रदान करने के उद्देश्य से सदस्यता जनजागरण रथ का शुभारंभ भागलपुर के जिलाध्यक्ष सहित वरिष्ठ अभिवावकों के द्वारा संपन्न हुआ। आज अर्जित ने भाजपा के संगठन महापर्व सदस्यता अभियान के अंतर्गत भागलपुर विधानसभा क्षेत्र के भूतनाथ मंदिर, कुतुबगंज, मिरजान, स्टेशन चौक आदि जगहों में 2100 से अधिक लोगों को भाजपा परिवार से जोड़ा। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया भाजपा को सशक्त बनाने में सहयोग करें। उल्लेखनीय हो कि अर्जित ने अभी तक कुल 12000 लोगों को व्यक्तिगत रूप से भाजपा का सदस्यता दिलवा चुके हैं। इस मौके पर मुख्य रूप से संतोष कुमार, नरेश यादव, अभय घोष सोनू, सुधीर चौधरी, देव कुमार पांडे, रामनाथ पासवान, निरंजन चंद्रवंशी, प्रतीक आनंद, चंदन पांडे, दिनेश मंडल, पंकज सिंह आदि लोग मौजूद थें।



## शहाबुद्दीन की पत्नी और पुत्र राजद में शामिल

एजेंसी

**पटना।** बिहार के सीवान के पूर्व सांसद मोहम्मद शहाबुद्दीन की पत्नी और पुत्र आज मुख्य विपक्षी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) में शामिल हो गए। राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव की मौजूदगी में रविवार को यहां पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास पर मिलन समारोह का आयोजन किया गया। पूर्व सांसद की पत्नी हिना शहाब और पुत्र ओसामा को पहले पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई गई।



# अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

## मेडिकल ऑक्सीजन प्लांट की आड़ में चल रही है शराब की तशकरी

एजेंसी

**अररिया।** अररिया की नरपतगंज थाना पुलिस और डीआईयू की टीम ने रविवार को मिले गुप्त सूचना पर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब का खेप बरामद किया। एसपी अमित रंजन को मिले गुप्त सूचना पर नरपतगंज थानाध्यक्ष कुमार विकास ने पुलिस बलों के साथ और डीआईयू टीम ने एनएच 57 फोरलेन सड़क पर कार्रवाई करते हुए यूपी नंबर के कंटेनर से 5652 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया। एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि आयशर वाहन संख्या- यूपी 16 जीटी 5012 से अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप लाया जा रहा है। इस सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु ग्राम पलासी स्थित एनएच 57 पर वाहन चेकिंग प्रारम्भ किया गया। तत्पश्चात वाहन चेकिंग के क्रम में उक्त नंबर के वाहन के पहुंचने पर जब पुलिस ने गाड़ी की चेकिंग की गई। वाहन में लदे मेडिकल ओक्सिजन प्लांट को खोला गया तो उसमें से 750 एमएल का अंग्रेजी शराब का 42 सौ बोतल एवं 375 एमएल का 6672 बोतल, कुल 5652 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। जिसके बाद वाहन के चालक उत्तरप्रदेश के मुरादाबाद जिला के पा थाना क्षेत्र के मालीपुर के रहने वाले रवि कुमार पिता स्व० कमल सिंह एवं सह चालक दुर्गेश कुमार सिंह पिता-शिशुपाल सिंह को गिरफ्तार किया। पुलिस ने ट्रक को भी जब्त किया। बरामद शराब के बैकवर्ड-फॉरवर्ड लिंकेज के सम्बंध में पुलिस के द्वारा जांच पड़ताल किया जा रहा है। एसपी अमित रंजन ने जानकारी देते हुए बरामद शराब का आगामी दीपावली पर्व के अवसर पर बड़े पैमाने पर खरीद बिक्री एवं उपयोग की संभावना जताई।



### युवा बिहार का भविष्य है : मनीष वर्मा

एजेंसी

**पटना।** बिहार के बेगूसराय जिले में जनता दल यूनाइटेड का बिहार संवाद कार्यक्रम आर्ट गैलरी सह प्रेक्षागृह में आयोजित हुआ। यह कार्यक्रम बुद्धिजीवी एवं युवाओं के लिए विशेष रूप से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में जदयू के राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा शामिल हुए। उपस्थित बुद्धिजीवियों एवं युवाओं को संबोधित करते हुए मनीष वर्मा ने कहा कि आज का युवा बिहार का भविष्य है। हम अपने युवाओं को जिस प्रकार से तैयार करेंगे, वैसा ही भविष्य बिहार का होगा। मनीष वर्मा ने कहा कि सरकार का एक सीमित दायरा होता है। सरकार और समाज दोनों मिलकर किसी भी राज्य का विकास सुनिश्चित करते हैं इसलिए नीतीश सरकार अपने तरफ से हर स्तर पर बिहार को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रही है, लेकिन हमें भी एक नागरिक होने के नाते समाज के प्रति अपनी भूमिका का ईमानदारी से निर्वहन करना होगा। सरकार अनेकों प्रकार की योजनाएं शिक्षा क्षेत्र में चला रही हैं। प्रत्येक समुदाय, वर्ग, धर्म का बच्चा शिक्षित हो, इसके लिए हर व्यवस्था नीतीश कुमार ने बनाई है। हम अपने तरफ से आगे बढ़कर अपने बच्चों को उन सभी योजनाओं का लाभ दें, उन्हें शिक्षित करें तभी हमारा बिहार आगे बढ़ पाएगा।

## पेज एक का शेष

### तीनों अफसरों को तुरंत ...

झामुमो ने कहा कि इन तीनों अफसरों के रहते चुनाव निष्पक्ष होना संभव नहीं है। राज्य में इंडिया ब्लॉक की लहर से भाजपा परेशान होकर चुनाव को प्रभावित करने का हर हथकंडा अपना रही है। केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग हो रहा है और अब तो राज्य के ही तीन बड़े अधिकारियों से उनके अधिकारों का दुरुपयोग करवा कर चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है

**क्या लिखा है पत्र में :** अपने पत्र में सुप्रीयो ने लिखा है कि 27 अक्टूबर को गिरिडीह पुलिस ने जांच के क्रम में एक वाहन को रोका। वाहन में कई व्यक्तियों के साथ मंडल मुर्मू भी थे। उनसे उनके गंतव्य के बारे में पूछा गया। वाहन में सवार यात्रियों के जरिये कोई उत्तर ना दिये जाने के कारण वाहन को गिरिडीह पुलिस ने रोक लिया। इसके बाद राज्य मुख्य चुनाव अधिकारी के रवि कुमार (आइएएस), संजय आनंद लाटकर (आइपीएस) और अमोल वेनुकांत होमकर ने गिरिडीह जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पर अनावश्यक दबाव बनाया। बाद में गिरिडीह पुलिस के संरक्षण में रहे वाहन को सभी यात्रियों के साथ आनन-फानन में मुक्त कर दिया गया।

ना रहे कोई वजह

# नि:संतानता

के ईलाज हेतु विश्वस्तरीय जांच एवं ईलाज
आपके शहर धनबाद में

## SATVIK IVF


## सात्विक टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर

*Creating Smiles...*











**Dr. Neha Priyadarshini**
(M.D., Fellow in Reproductive Medicine)
IVF Specialist

**Dr. Shivani Jha**
(M.B.B.S., D.G.O.)
Senior Consultant (Obs. & Gynae)

**Dr. V.N. Choudhary**
(M.B.B.S., D.G.O.)
Senior Consultant

**Dr. Dhiraj Choudhary**
(D.Ortho., M.S., Mch)
IVF Programme Co-Ordinator

**Dr. Keshav Malhotra**
(M.B.B.S., MCE Australia)

### विश्वस्तरीय जांच एवं ईलाज हेतु कौन दम्पति सम्पर्क कर सकते है?

- कम शुक्राणु
- धीमी गतिशीलता
- निल शुक्राणु
- खराब गुणवत्ता

- फेलोपियन ट्यूब बंद
- अनियमित पिरियड
- अण्डों में खराबी
- गर्भाशय में रसोली

### सुविधाए

- आउटपेशेंट कंसल्टेशन
- लेप्रोस्कोपी सर्जरी
- काउंसलिंग
- एंड्रोलॉजी स्पर्म बैंक
- टेलीमेडिसिन
- फर्टिलिटी क्लीनिक
- डे केयर हिस्टेरोस्कोपी
- क्रयोप्रिजर्वेशन ऑफ एंब्रयोज

### बांझपन निदान हेतु :

धनबाद का पहला टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर नि:संतान दंपतियों के लिए एक वरदान सिद्ध हो रहा है। IUI/IVF के तकनीक के जरिए महिलाओं में कृत्रिम गर्भाधान किया जाता है। यहां बांझपन दूर करने के लिए कई कारगर तकनीक अपनाई जाती है जो पुरूष जिन्हें शुक्राणु की कमी या शुक्राणु नहीं है तो ICSI (Intra Cytoplasmic Sperm Injection) के जरिए अपने बच्चे पा सकते हैं। वे महिलाएं जो रजोनिवृति हो चुकी है या जिनके Fallopian Tubes बंद है PCOS की बिमारी से ग्रसित है- उनके लिए यह तकनीक वरदान सिद्ध हो रही है।

**उपलब्ध सेवाएं :** फर्टिलिटी जांच • IUI • IVF • ICSI • लेजर हेचिंग • ब्लास्टोसिस्ट • हिस्ट्रोस्कोपी • लेप्रोस्कोपी • डोनर सर्विसेज

407, 2ND FLOOR, CITY CENTRE, COMMERCIAL COMPLEX, DHANBAD
**Ph. : 0326-2313033, 9304871211, 9102258201**